//-- सुविचार --//
अपने लक्ष्य को इतना बड़ा बना लो कि डर भी छोटा लगने लगे

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

सूर्योदय/सूर्यास्त
उदय : 05:08 प्रातः
अस्त : 06:22 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	29.0	22.0
जमशेदपुर	30.0	25.0
हजारीबाग	30.0	23.0
डालटनगंज	31.0	24.0

6 | अभिव्यक्ति
3 | राजधानी
7 | आंचलिक
12 | देश-विदेश

रांची, बुधवार, 09 जुलाई, 2025, आषाढ़ शुक्लपक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत-2082 वर्ष-10 अंक-82 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन व विधायक कल्पना सोरेन मेदांता हॉस्पिटल, गुड़गांव में इलाजरत राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण एवं जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की। विदित हो कि सफल हार्ट सर्जरी होने के उपरांत हफीजुल हसन यहां चिकित्सकों की निगरानी में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

जघन्य हत्याकांड पर मुख्यमंत्री ने जताई चिंता

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिहार के पूर्णिया में हुए जघन्य हत्याकांड मामले पर चिंता जतायी है। कैबिनेट मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भी इस घटना को मानवता पर कलंक बताया है। मुख्यमंत्री ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया है कि इस कृत्य को जिसने भी अंजाम दिया है उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। झारखंड सरकार के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस हृदयविदारक घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता पर कलंक और आदिवासी अस्मिता पर गहरा हमला करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित बिहार में आदिवासी समाज पूरी तरह असुरक्षित हो गया है और उनके जीवन की कोई गारंटी नहीं बची है। इस घटना को उन्होंने आदिवासी समाज की सुरक्षा, सम्मान और अस्तित्व के लिए एक सीधा खतरा बताया। डॉ. अंसारी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि झारखंड सरकार की ओर से एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल गठित किया जाए, जिसमें उन्हें भी शामिल किया जाए, ताकि वे मौके पर जाकर स्थिति का जायजा ले सकें और पीड़ित समुदाय की आवाज को प्रभावी रूप से उठा सकें। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कठोरतम सजा दिलवाने के लिए बिहार और केंद्र सरकार पर दबाव बनाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मुद्दे को शीर्ष प्राथमिकता पर लेते हुए संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ तत्काल कार्रवाई की अपील की है। गौरतलब है कि बिहार के पूर्णिया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजीगंज पंचायत अंतर्गत टेटगामा गांव में 6 जुलाई की रात गांव के कुछ लोगों एक परिवार के पांच लोगों को डायन होने के शक में पीट-पीटकर जिंदा जला दिया गया था। इसमें घर का मुखिया, उसकी पत्नी, बेटा-बहू और उसकी वृद्ध मां की मौत हुईथी।

जमीन व बांकीपुर क्लब विवाद के कारण हुई पटना के व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या : डीजीपी

पटना। पटना के बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका हत्या मामले का बिहार पुलिस ने मंगलवार को खुलासा कर दिया। उनकी हत्या जमीन और बांकीपुर क्लब विवाद से जुड़ी हुई है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने पुलिस मुख्यालय में आज शाम पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। डीजीपी विनय ने बताया कि जमीन विवाद और बांकीपुर क्लब विवाद को लेकर गोपाल खेमका की हत्या हुई है। उन्होंने बताया कि चार लाख रुपए में हत्या की सुपारी दी गई थी। हत्या की प्लानिंग डेढ़ माह पहले रची गई थी। उन्होंने बताया कि सुपारी देने वाला और शूटर दोनों हमारे कब्जे में है। घटनास्थल से जो सूत्र प्राप्त हुए थे, कैमरे से जो तस्वीर आई थीं, तस्वीर में शूटर का जो हुलिया मिला था, इन सभी के आधार पर पूरे शहर के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। साक्ष्य संग्रह किया गया, मोटरसाइकिल की पहचान की गई। उसके धारक की पहचान की गई। इसके बाद बाइक मालिक तक पहुंचा गया। बाइक मालिक से पूछताछ के बाद पुलिस की जांच आगे बढ़ी। डीजीपी ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में उमेश यादव ने गोपाल खेमका की हत्या की बात स्वीकार की है। उसकी निशानदेही पर 7.62 एमएम का 56 राउंड जिंदा कारतूस, एक 9 एमएम पिस्टल, दो मैगजीन एवं 14 गोली बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अशोक साव ने हत्या की सुपारी दी थी। अशोक साव से उमेश यादव की मुलाकात बिहार शरीफ में डेढ़ साल पहले एक शादी समारोह में हुई थी। इसके बाद से ही उमेश अशोक साव के लिए छोटा-मोटा काम कर रहा था। डीजीपी ने बताया कि अशोक साव ने गोपाल खेमका की हत्या के लिए शूटर एवं हथियार की व्यवस्था के लिए बोला था। साथ ही अशोक साव ने दो मोबाइल खरीदा था। जिसमें एक अपने पास रखा और एक उमेश यादव को दिया और कहा कि हम लोग इसी से बात करेंगे। इसी के इलाके के विकास उर्फ राजा जिस पर हत्या डकैती आर्म्स एक्ट के कुल 9 केस दर्ज हैं, उससे हत्या के लिए संपर्क किया गया। शूटर विकास उर्फ राजा ने इसके लिए चार लाख की सुपारी मांगी। इसके बाद उमेश यादव के मन में विचार आया कि क्यों ना यह मर्डर स्वयं करके सुपारी की सारी राशि खुद रख लें। इसी क्रम में अशोक साव ने 9 एमएम का हथियार दो मैगजीन 18 गोली मुहैया करायी। साथ ही गोपाल खेमका का फोटो एवं गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर भी उपलब्ध कराया। डीजीपी ने बताया कि गोपाल खेमका प्रतिदिन संध्या 8:00 बजे बांकीपुर क्लब जाते थे और रात 11:30 बजे खुद गाड़ी चला कर घर वापस आते थे। क्लब से निकलते समय अपने मित्र सुदेश सरीन के बाकरगंज मोड़ पर उतरकर घर जाते थे। 4 जुलाई की रात 11:30 बजे बांकीपुर क्लब पहुंचे तो गोपाल खेमका की गाड़ी लगी थी। इसके बाद यह उमेश यादव इनके आवास की ओर आगे बढ़ गया और गोपाल खेमका के आने का इंतजार करने लगा। कुछ समय बाद गोपाल खेमका कार चलाते अपार्टमेंट के गेट पर रुके तो इसके उपर इसने एक गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद अपने मोटरसाइकिल से जमाल रोड होते हुए बाइपास थाना के सामने माल सलामी देवी स्थान होते हुए घर चला गया। साथ ही हथियार को अपने ऊपर वाले कमरे में छिपा दिया।

शेष पृष्ठ संख्या 11 देखें

संक्षिप्त खबरें

रेल मंत्री ने दी पिता को मुखाग्नि

जोधपुर। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाउलाल वैष्णव का मंगलवार शाम कागा स्थित वैष्णव समाज के श्मशान घाट पर को अंतिम संस्कार कर दिया गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उनके भाई आनंद वैष्णव ने पिता को मुखाग्नि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। श्मशान घाट पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। इससे पहले मंगलवार दोपहर के करीब जोधपुर एम्स में रेल मंत्री के पिता दाऊलाल वैष्णव ने अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और इलाज के लिए वहां भर्ती थे। एम्स के अनुसार सुबह 11 बजकर 52 मिनट पर उनका निधन हुआ। निधन की सूचना मिलते ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जोधपुर पहुंचे और अंतिम संस्कार की तैयारी संभाली।

आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के दो जवान घायल

बीजापुर/रायपुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के आवापल्ली थाना क्षेत्र के मुर्दोंडा इलाके में रोड ओपनिंग ड्यूटी से लौट रही सुरक्षा बलों की टीम पर नक्सलियों ने मंगलवार को घात लगाकर आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट कर फायरिंग की। हमले में सीआरपीएफ की 229वीं बटालियन के दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल बीजापुर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। जवानों की हालत पर डॉक्टरों की टीम नजर बनाए हुए है। बीजापुर पुलिस के मुताबिक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 229 बटालियन के जवान सर्चिंग पर निकले थे। जवान सर्चिंग और डीमाइनिंग करते हुए आगे बढ़े। जवानों की टीम जब आवापल्ली थाना इलाके के तिमापुर और मुरदंडा मार्ग पर पहुंची तो अचानक धमाका हो गया। जवानों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों ने सड़क के नीचे बम प्लांट कर रखा था। विस्फोट की चपेट में आने से सीआरपीएफ के 2 जवान जख्मी हुए हैं। घायल जवानों का पहले प्राथमिक उपचार बीजापुर में किया गया। बाद में जवानों को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रायपुर भेजा गया। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी मौके के लिए रवाना हो गए हैं।

कांग्रेस ने मोदी सरकार पर लगाया सेबी को कमजोर करने का आरोप

नई दिल्ली। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को मोदी सरकार पर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश की तमाम संस्थाएं मोदी सरकार में लगातार कमजोर हो रही हैं और इनमें सबसे प्रमुख नाम सेबी का है। श्रीनेत ने आरोप लगाया कि सेबी की नाक के नीचे बड़े पैमाने पर घोटाले हुए, जिससे आम निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने अमेरिकी अल्गो (एएलजीओ) ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट का उदाहरण देते हुए कहा कि यह कंपनी भारत के शेयर बाजार और डेरिवेटिव मार्केट में एक साथ अवैध रूप से ऑपरेट कर रही थी और भारी मुनाफा कमा रही थी। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि 3 जुलाई को सेबी ने एक अंतरिम आदेश जारी किया, जिसमें जेन स्ट्रीट और उसकी चार सहयोगी कंपनियों को भारत में ट्रेडिंग से रोक दिया गया और कंपनी के 4,844 करोड़ रुपये जब्त कर लिए गए।

बंगाल के लोगों की पहचान मिटाने की साजिश: ममता

कोलकाता। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने असम के फॉरेनर्स ट्राइब्यूनल द्वारा कूचबिहार निवासी उत्तम कुमार ब्रजवासी को भेजे गए एनआरसी नोटिस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर सुनियोजित हमला करार देते हुए भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि कूचबिहार के दिनहाटा इलाके के रहने वाले उत्तम कुमार ब्रजवासी पिछले 50 वर्षों से बंगाल में रह रहे हैं, उन्हें असम की एनआरसी ट्राइब्यूनल से 'विदेशी/अवैध प्रवासी' होने के शक में नोटिस भेजा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तम कुमार के पास सभी वैध पहचान-पत्र मौजूद होने के बावजूद उन्हें परेशान किया जा रहा है, जो पूरी तरह असंवैधानिक और अमानवीय है। मंगलवार को अपने एक्स पोस्ट में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह अकेली घटना नहीं, बल्कि भाजपा द्वारा बंगाल में एनआरसी थोपने की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। ममता ने इसे हाशिये पर खड़े समुदायों को डराने और उन्हें वोट के अधिकार से वंचित करने का सुनियोजित प्रयास बताया। मुख्यमंत्री ने सभी विपक्षी दलों से इस मुद्दे पर एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि इसके खिलाफ सभी लोकतांत्रिक ताकतों को एकसाथ आकर लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि यदि भारतीय संविधान को तोड़ने की कोशिश की जाएगी तो बंगाल कभी चुप नहीं बैठेगा।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने राष्ट्रपति को सौंपी 2023-24 के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट

नई दिल्ली, 8 जुलाई (हि.स.)। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को 2023-24 के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट सौंपी। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एनसीएससी के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने किया, उनके साथ सदस्य लवकुश कुमार और वड्डेपल्ली रामचंदर और सचिव जी. श्रीनिवास भी मौजूद थे। इस रिपोर्ट में अनुसूचित जातियों के लिए संवैधानिक प्रावधानों के कार्यकरण की व्यापक समीक्षा प्रस्तुत की गई है, जिसमें अनुसूचित जातियों के खिलाफ किए गए अत्याचारों और अपराधों से संबंधित मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट किया गया है। इसमें अनुसूचित जातियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक-आर्थिक विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के संबंध में केंद्र और राज्य सरकारों के साथ व्यापक समीक्षा, घटनास्थलों के दौरे और परामर्श से प्राप्त प्रमुख निष्कर्षों को रेखांकित किया गया है। आयोग ने संस्थागत जवाबदेही को सदृढ़ करने, न्याय सुनिश्चित करने और अनुसूचित जाति समुदायों के समग्र सशक्तिकरण को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रमुख सिफारिशें की हैं। उल्लेखनीय है कि भारत के संविधान अनुच्छेद 338 के तहत राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को दिए गए अधिदेश के अनुसार, आयोग को अनुसूचित जातियों के लिए संवैधानिक सुरक्षा उपायों के कार्यकरण पर भारत के राष्ट्रपति को प्रतिवर्ष तथा समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है, जिसमें अनुसूचित जातियों के संरक्षण, कल्याण तथा सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ-साथ प्रभावी कार्यान्वयन के लिए संघ तथा राज्य सरकारों द्वारा किए जाने वाले उपायों से संबंधित सिफारिशें शामिल होती हैं।

हज यात्रा के लिए आवेदन करने का सिलसिला शुरू, 31 जुलाई तक भरे जाएंगे फॉर्म

नई दिल्ली। भारत से हज यात्रा पर जाने के लिए आवेदन फॉर्म भरने का सिलसिला शुरू हो गया है। हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट और हज सुविधा एप पर 7 जुलाई से 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय के अंतर्गत हज कमेटी ऑफ इंडिया ने इस बारे में अधिसूचना जारी की है, जिसके अनुसार भारत से हज यात्रा पर जाने की इच्छुक सभी लोगों से आवेदन करने को कहा गया है। इच्छुक तीर्थयात्री आधिकारिक हज पोर्टल "३३रु/:ट्रेट्टे३वीं.ट्टेग्र९.ल्ल या 'हज सुविधा' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। यह ऐप आईओएस और एंड्रॉयड दोनों उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन 7 जुलाई से 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं। अधिसूचना के अनुसार 31 दिसंबर, 2026 तक का वैध अंतराष्ट्रीय पासपोर्ट रखने वाले लोग आवेदन कर सकते हैं। अगर किसी व्यक्ति के पास पासपोर्ट नहीं है तो वह नए पासपोर्ट के लिए आवेदन करने के बाद हज यात्रा के लिए फॉर्म भर सकते हैं। हज कमेटी ने आवेदकों को यह भी सलाह दी है कि वे आवेदन करने से पहले अपनी तैयारियों पर ध्यान पूर्वक विचार करें। मृत्यु या गंभीर चिकित्सा आपातकाल जैसी दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों को छोड़कर यात्रा रद्दीकरण से वित्तीय नुकसान भी हो सकता है। हज कमिटी ऑफ इंडिया के सीईओ साहनवास सी ने आवेदन कर्ताओं से कमेटी की वेबसाइट पर मौजूद तमाम गाइडलाइन और दिशा-निर्देशों का सही से अवलोकन करने के बाद ही फार्म भरने की बात कही है। उन्होंने बताया कि आवेदन फॉर्म भरने के लिए राज्य हज कमेटियों में सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं और वहां पर यात्रा से संबंधित सभी प्रकार की सूचनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पिछली यात्रा के दौरान मिले सुझाव और शिकायतों के आधार पर इस हज यात्रा को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

अंतराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नोएडा में एक अंतराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ कर इसके मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया। जो यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों को फर्जी टेक्निकल सपोर्ट के नाम पर ठग रहा था। इस गिरोह का संचालन नोएडा स्पेशल इकोनॉमिक जोन से किया जा रहा था, जहां से चल रहे एक हाइटेक कॉल सेंटर पर सीबीआई ने सोमवार को छापा मारा। छापेमारी के दौरान सीबीआई ने पाया कि कॉल सेंटर से लोगों को फर्जी कॉल कर यह बताया जा रहा था कि उनके कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस में कोई तकनीकी समस्या है, जिसे ठीक करने के लिए मोटी रकम मांगी जाती थी। गिरोह खुद को माइक्रोसॉफ्ट जैसी नामी कंपनियों का टेक्निकल स्टाफ बताता था ताकि लोगों का भरोसा जीत सके। सीबीआई ने बताया कि इस ऑपरेशन को अमेरिकी एफबीआई, यूके की नेशनल क्राइम एजेंसी और माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के साथ मिलकर अंजाम दिया गया। छापे के दौरान टीम को लोगों से बात करते हुए कॉल एजेंट भी मिले, जो उस वक्त लाइव कॉल पर थे। जांच एजेंसी ने इस गिरोह के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है, जो हफ्तर्स्ट आडियाह्व नाम से कॉल सेंटर चला रहा था। उसके खिलाफ धोखाधड़ी और जबरन वसूली के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

ट्रेन की चपेट में आई स्कूली वैन, दो छात्रों समेत तीन की मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के सेम्मनकुप्पम में मंगलवार सुबह एक स्कूल वैन के ट्रेन की चपेट में आने से दो छात्रों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में छह छात्र समेत सात लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिला प्रशासन के अनुसार, यह हादसा सुबह 7:45 बजे हुआ। स्कूली वैन रेलवे क्रॉसिंग पार कर रही थी, तभी विलुप्पुरम-मयिलादुथुराई पैसेंजर ट्रेन ने वैन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वैन चालक और छह छात्र घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। घायल छात्रों को कुड्डालोर सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत पर नजर रखी जा रही है। स्थानीय अधिकारियों ने पुष्टि की है कि दुर्घटना में निमिलेश (12) और डी. चारुमति (16) नाम के दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि 55 वर्षीय अन्नादुरई नाम के एक व्यक्ति की टूटे हुए बिजली के तार के संपर्क में आने से मौत हो गई। हादसे की रेलवे अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिवारों को 5 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मैं दुर्घटना में दो छात्रों की मृत्यु की दुखद खबर से स्तब्ध और दुखी हूं।

राजस्व मंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, अमिताभ कौशल, अजय कुमार सिंह, वंदना दादेल, सुनील कुमार, अनुराग गुप्ता सहित अन्य अधिकारी शामिल रहेंगे

गृह मंत्री शाह आज आयेंगे रांची, कल होगी पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

रांची। गृह मंत्री अमित शाह आज शाम करीब छह बजे रांची पहुंचेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि वह कल आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने के बाद उसी दिन दोपहर वापस दिल्ली चले जायेंगे। इससे संबंधित सूचना केंद्र ने राज्य सरकार को भेजा दी है। बैठक में भाग लेने के लिए 30-35 अधिकारियों का दल भी रांची पहुंचेगा। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने 10 जुलाई को आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने की सूचना भेजी है। बिहार से वित्त मंत्री सम्राट चौधरी और जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने भी बैठक में शामिल होने से संबंधित सूचना भेजी है। पश्चिम बंगाल से चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बैठक में शामिल होने की सूचना दी है। वह पश्चिम बंगाल में वित्त सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों की मंत्री हैं। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने वाले राज्यों झारखंड, बिहार, पश्चिमी बंगाल, ओडिशा के बीच आपसी विवाद से संबंधित विषयों पर चर्चा होगी और उसका हल तलाशने की कोशिश की जायेगी। इसमें पेंशन बंटवारा, नदियों और डैम के जल के बंटवारा सहित अन्य मुद्दे शामिल किये जायेंगे। इसके अलावा राज्य और केंद्र के बीच लंबित मामलों का हल निकालने के मुद्दे पर चर्चा होगी। इसके अलावा राज्य सरकार की ओर से केंद्र के पास लंबित मांगों पर भी चर्चा की जायेगी। राज्य सरकार ने पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने वाले मंत्रियों और अधिकारियों के लिए ठहरने की व्यवस्था कर ली है। साथ ही जिन मंत्रियों और अधिकारियों के आने की सूचना मिल गयी है, उन्हें राजकीय अतिथि घोषित किया जा रहा है। इसे लेकर मंगलवार को वरीय अधिकारियों ने रेडिशन ब्लू होटल का सुरक्षा से संबंधित जायजा लिया।

राज्य से मुख्यमंत्री हेमंत सहित 15 अधिकारी होंगे शामिल

झारखंड से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ 15 वरिष्ठ अधिकारी और मंत्री बैठक में शामिल होंगे। इनमें राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, अमिताभ कौशल, अजय कुमार सिंह, वंदना दादेल, सुनील कुमार, अनुराग गुप्ता सहित अन्य अधिकारी शामिल रहेंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक 10 मई को आयोजित की गयी थी। हालांकि भारत-पाकिस्तान के बीच पैदा हुई तनावपूर्ण स्थिति की वजह से बैठक को स्थगित करते हुए बाद में आयोजित करने का फैसला किया गया था।

देशभर में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने निकली 'कोलैब इंजन' यात्रा, अजय टम्टा ने दिखाई हरी झंडी

नई दिल्ली। देश में इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देने और पर्यावरण के लिए सही ट्रांसपोर्ट को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए कोलैब इंजन कैंपेन किया गया। इसे केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसकी शुरुआत एक इलेक्ट्रिक गाड़ी से हुई, जो बिना प्रदूषण फैलाए पूरे देश में घूमेगी। ये कैंपेन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन लाइफ यानी ह्यपर्यावरण के लिए लाइफस्टाइलह्व वाले विजन से प्रेरित है। इसका मकसद लोगों को साफ-सुथरे और इको-फ्रेंडली ट्रांसपोर्ट के बारे में बताना है। कोलैब इंजन को पूरी तरह युवा चला रहे हैं। ये इलेक्ट्रिक वाहन 25 से ज्यादा शहरों से होते हुए करीब 10,500 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। ये दुनिया की सबसे लंबी इलेक्ट्रिक व्हीकल ड्राइव बनकर रिकॉर्ड भी बना सकता है। इस दौरान टीम अलग-अलग शहरों के स्कूल, कॉलेजों और पब्लिक प्लेस पर जाकर लोगों से बात करेगी। उन्हें इलेक्ट्रिक गाड़ियों के फायदे, क्लीन एनर्जी और पर्यावरण बचाने की जरूरत के बारे में समझाएगी। अजय टम्टा ने कहा कि युवाओं की ये कोशिश भारत को हरा-भरा और जिम्मेदार भविष्य की ओर ले जाएगी। सरकार ऐसे कैंपेन को पूरा सपोर्ट करती है और आगे भी इन्हें बढ़ावा देगी। कोलैब इंजन की टीम ने बताया कि वो रास्ते में लोकल प्रशासन, पर्यावरण एक्टिविस्ट्स और स्टूडेंट्स के साथ मिलकर लोगों को जागरूक करेंगे। ये सिर्फ एक रोड ट्रिप नहीं, बल्कि एक ऐसा मूवमेंट है जो साफ और टिकाऊ भारत बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

c m y k

राज्य में रेडियोलॉजी सेवाओं को मिलेगा नया आयाम

इस पहल से झारखंड की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास

✦सदर अस्पताल,रांची में विकसित होगा रेडियोलॉजी हब

✦2477 टेलीरेडियोलॉजी रिपोर्टिंग केंद्र के रूप में काम करेगा।

नवप्रदेश, रांची: झारखंड सरकार ने राज्य के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में एक्स-रे,सिटी स्कैन ,एमआरआई जैसी रेडियोलोजी सेवाओं की समान और निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सदर अस्पताल ,रांची में एक केंद्रीय रेडियोलॉजी हब स्थापित करने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हब के माध्यम से राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों को डिजिटल रूप से जोड़ा जाएगा। इस पहल का उद्देश्य दूरदराज और संसाधनविहीन क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को तत्काल, सटीक और डिजिटल रेडियोलॉजिकल रिपोर्टिंग की सुविधा देना है। हब में कार्यरत रेडियोलॉजिस्ट एक्स-रे, सीटी स्कैन और एमआरआई की रिपोर्टों का मूल्यांकन कर संबंधित क्षेत्र और रोगियों को इमेज सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे।

हब 24७7 टेलीरेडियोलॉजी रिपोर्टिंग केंद्र के रूप में करेगा काम: अपर मुख्य सचिव श्री अजय कुमार ने बताया कि यह योजना दो चरणों में कार्यान्वित की जाएगी। पहले चरण में राज्य के सभी सदर अस्पताल इस रेडियोलॉजी हब से जोड़े जाएंगे। इससे उन क्षेत्रों में जहां रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध नहीं हैं, वहां के मरीजों को समय पर रिपोर्ट मिल पाएगी और इलाज में देरी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर ?1,21,27,100 (एक करोड़ इक्कीस लाख सत्ताईस हजार एक सौ रुपये) का व्यय अनुमानित है, जिसे स्वीकृति मिल चुकी है। हब के माध्यम से टेक्नीशियनों को उन्नत प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे एक्स-रे, एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी तकनीकी प्रक्रियाएं बेहतर ढंग से संचालित कर सकें। यह हब 24७7 टेलीरेडियोलॉजी रिपोर्टिंग केंद्र के रूप में काम करेगा।

परियोजना का उद्देश्य : श्री अजय कुमार ने इसके मुख्य उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना के माध्यम से टर्नअराउंड समय कम करके रोगियों को त्वरित निदान उपलब्ध कराना। स्वास्थ्य सेवा में एआई आधारित इमेजिंग तकनीक को बढ़ावा देना।शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की विषमता को कम करना।स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना है ।

सरकारी अस्पतालों को केंद्रीय रेडियोलॉजी हब से जोड़ने से स्वास्थ्य क्षेत्र में निदान क्षमता बढ़ेगी :अपर मुख्य सचिव श्री अजय कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के अंतिम पड़ाव जैसे सीएचसी ,एसडीएच और रेफरल अस्पतालों को केंद्रीय रेडियोलॉजी हब से जोड़ने से स्वास्थ्य क्षेत्र में निदान क्षमता बढ़ेगी राज्य में रेडियोलॉजिस्टों की कमी से निपटने में मदद मिलेगी साथ ही समय पर रेडियोलॉजी रिपोर्ट ऑनलाइन उपलब्ध होंगे जिससे गंभीर बीमारियों की शीघ्र पहचान और उपचार संभव हो सकेगा।

नई पहल से चिकित्सा रिपोर्टिंग प्रणाली बनेगी दक्ष : इस नई पहल से न केवल चिकित्सा रिपोर्टिंग प्रणाली दक्ष बनेगी बल्कि। यह कदम झारखंड की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास होगा ।

अग्रवाल सभा का सावन महोत्सव मेला नौ से

नवप्रदेश, रांची: अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति की ओर से आगामी नौ जुलाई से 11 जुलाई तक भव्य सावन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन में किया जाएगा, जिसमें खासतौर पर महिलाओं के लिए मेले का आयोजन होगा।

यह जानकारी सभा के संजय कुमार ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत सावन के रंग और रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों में राखी, परिधान, आभूषण, सजावटी वस्तुएं, फूड स्टॉल सहित कई आकर्षण शामिल होंगे।

आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को सांस्कृतिक और पारंपरिक माहौल में जोड़ना है, साथ ही स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मनोरंजक प्रतियोगिताएं और उपहार वितरण भी किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

बगैर ट्रेड लाइसेंस संचालित हो रहे 14 दुकानों को निगम ने किया नोटिस

नवप्रदेश, रांची : नगर निगम की ओर से अपर बाजार और बूटी मोड़ क्षेत्रों में बगैर ट्रेड लाइसेंस संचालित हो रहे कई व्यवसायिक दुकानों के विरुद्ध मंगलवार को छापेमारी जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व निगम के सहायक प्रशासक चन्द्रदीप कुमार ने की। उन्होंने कहा कि नगर निगम का यह विशेष अभियान आगे भी शहर के अन्य हिस्सों में जारी रहेगा। मौके पर अपर बाजार स्थित पांच प्रतिष्ठानों विशाल टायर, राजस्थान मोटर, शेट्टी टायर, मूलचंद जैन एंड संस और विजय टायरकी जांच की गई। वहीं बूटी मोड़ क्षेत्र में कुल 14 प्रतिष्ठानों अभय मेडिकल, शंकर नर्सरी, अन्नू इलेक्ट्रिकल, ऑटो सैलून, अश्विन अमृत तुलवा, विशाल फोम हाउस, रामा होटल, सोना स्वीट्स, एस एस प्रोफेशनल्स, माहेश्वरी स्वीट्स, प्रेमा हॉस्पिटल, बाबा कैफे, सिमरन स्टेशनरी और दवाई दोस्त का निरीक्षण किया गया।

बिहार के पूर्णिया में जघन्य हत्याकांड पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्री इरफान ने जताई चिंता

नवप्रदेश, रांची : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिहार के पूर्णिया में हुए जघन्य हत्याकांड मामले पर चिंता जतायी है। कैबिनेट मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भी इस घटना को मानवता पर कलंक बताया है। मुख्यमंत्री ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया है कि इस कृत्य को जिसने भी अंजाम दिया है उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। झारखंड सरकार के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस हृदयविदारक घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता पर कलंक और आदिवासी अस्मिता पर गहरा हमला करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित बिहार में आदिवासी समाज पूरी तरह असुरक्षित हो गया है और उनके जीवन की कोई गारंटी नहीं बची है। इस घटना को उन्होंने आदिवासी समाज की सुरक्षा, सम्मान और अस्तित्व के लिए एक सीधा खतरा बताया। डॉ. अंसारी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि झारखंड सरकार की ओर से एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल गठित किया जाए, जिसमें उन्हें भी शामिल किया जाए, ताकि वे मौके पर जाकर स्थिति का जायजा ले सकें और पीड़ित समुदाय की आवाज को प्रभावी रूप से उठा सकें। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कठोरतम सजा दिलवाने के लिए बिहार और केंद्र सरकार पर दबाव बनाने की आवश्यकता जताई।

एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश, रांची : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रांत मंत्री मनोज सोरेन के नेतृत्व में मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष गंगवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सभी विश्वविद्यालय–महाविद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति, सभी महाविद्यालय–विश्वविद्यालय में नियमित रूप से सत्र संचालन, झारखंड प्रदेश में छात्र संघ चुनाव कराने सहित अन्य मांगे शामिल थे। प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन ने कहा कि झारखंड प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी आए दिन देखने को मिल रही है। इससे विद्यार्थियों को पठन–पाठन में कठिनाई देखने को मिल रही है। साथ ही सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में नियमित सत्र पूर्ण होने में सत्र से अधिक समय लग रहा है, जो कि छात्रों के भविष्य के लिए चिंता जनक है। आए दिन पूरे झारखंड प्रदेश में देखने को मिल रहे हैं की उच्च शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं की भूमिका दिन प्रतिदिन कम होते जा रही है, जो की चिंता का विषय है। झारखंड प्रदेश में 2019 के बाद किसी भी विश्वविद्यालय–महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव नहीं हुई है, यह झारखंड के लिए दुर्भाग्य का विषय है। झारखंड सरकार ने अभी तक विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव नहीं कराया है, छात्र संघ चुनाव कैंपस में पढ़ने वाले छात्रों के लिए बहुत बड़ा त्योहार है यह लोकतंत्र का पहला सीढ़ी है, जो छात्रों को कॉलेज कैंपस में अपने हक की लड़ाई के लिए एक प्रतिनिधि को चुनता है जो उनकी आवाज को मजबूत करता है।

साईं मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 को

रांची: रांची के पुंदाग स्थित साईं मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति के प्रमुख रंजन पांडेय ने मंगलवार को बताया कि सुबह 5 बजे कक्कड़ आरती, 6 बजे मंगल स्नान, 7.30 बजे छोटी आरती, दोपहर 12:00 बजे मध्याह्न आरती, दोपहर एक बजे महाभंडारा, दोपहर दो से रात 8 बजे तक साईं भजन, शाम 6:30 बजे धूप आरती, रात 9:30 बजे शेज आरती होगी।

हड़ताल में सप्लाई मजदूर निभाएंगे निर्णायक भूमिका : भवन

रांची : हटिया मजदूर यूनियन (सीटू) के अध्यक्ष भवन सिंह ने कहा कि बुधवार को आहूत देशव्यापी हड़ताल पर एचईसी हटिया के आंदोलनरत स्थायी सप्लाई मजदूर निर्णायक भूमिका निभाएंगे। उन?होंने मजदूरों से यूनियन मुख्यालय के समक्ष आयोजित आमसभा सह प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की है। भवन सिंह मंगलवार को एचईसी परिसर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह हड़ताल सिर्फ प्रदर्शन नहीं, बल्कि मजदूरों पर हो रहे अन्याय और शोषण के खिलाफ गुस्से का इजहार है।

मजदूर और किसानों के साथ हुए धोखे के विरोध में है हडताल : भाकपा

नवप्रदेश, रांची: केंद्र की सरकार किसानों और मजदूरों पर कहर बरपा रही है, 44 श्रम संहिता को बदलकर चार लेबर कोड में बदल दिया, किसानों को धोखा दिया। आज तक न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी सरकार नहीं कर पाई है। केंद्र सरकार के मजदूरी विरोधी नीतियों के विरोध में आम हडताल 17 सूत्री मांगों के समर्थन में बुधवार को होगी। इस हडताल में भाकपा भी शामिल होगी। यह बातें भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने मंगलवार को कही। पाठक पार्टी के मेन रोड स्थित अल्बवर्ट एक्का् चौक के पास पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

वहीं महेंद्र पाठक ने छोटे बड़े व्यापारियों सहित फुटपाथ दुकानदारों से भी अपील करते हुए के कहा कि केंद्र की सरकार के नीतियों के कारण ही खुदरा व्यापार में पूंजीपतियों का प्रवेश देश के लिए शुभ संकेत नहीं है। इससे छोटे-छोटे व्यापारियों का रोजगार छीन जाएगा। मौके पर उन्होंने सभी से आम हड़ताल को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि हड़ताल की पूरी तैयारी कर ली गई है। राज्य के मजदूर और किसान भी हड़ताल में शामिल होंगे। अगर केंद्र सरकार नहीं चेती तो 2029 के लिए यह हड़ताल केंद्र के लिए सिरदर्द साबित होगी। मौके पर मौजूद अन्य नेताओं ने कहा कि हडताल के दौरान कोयला क्षेत्र में उत्पादन और ढुलाई दोनों बंद रहेगा, बैंक, एलआईसी से लेकर तमाम सार्वजनिक क्षेत्र के कल कारखाने सेल, भेल, रेल से लेकर हवाई जहाज तक बनाने और उड़ने वाले मजदूर हड़ताल पर रहेंगे। देश के किसान संगठनों ने भी आम हड़ताल में शामिल होने की घोषणा की है। झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो, कांग्रेस, राजद सहित सभी वामदलों ने इस मजदूर और किसानों के हड़ताल को समर्थन दिया है। इसे लेकर झारखंड में दो घंटे का चक्का जाम होगा।

झारखंड में सबसे अधिक रांची और सबसे कम देवघर में हुई बारिश

रांची : इस वर्ष झारखंड में सबसे अधिक बारिश राजधानी रांची में दर्ज की गई, जबकि सबसे कम बारिश देवघर जिले में हुई है। रांची में एक जून से सात जुलाई तक 263 के मुकाबले 670.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं सबसे कम बारिश देवघर जिले में 254.6 के मुकाबले 162.9 मिमी ही बारिश रिकॉर्ड की गई। यह औसत तापमान के 36 प्रतिशत कम है, जबकि रांची में 155 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा राज्य के जिन जिलों में अब तक बारिश हुई है उनमें गढवा में 19, गोड्डा में 27, पाकुड़ में 22, साहेबगंज में 21 मिमी बारिश दर्ज की गई। इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश 116.8 मिमी पश्चिमी सिंहभूम के कुमारडूंगी में दर्ज की गई। वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा। हालांकि बीच-बीच में बादल छाए रहे। रांची में अधिकतम तापमान 26 डिग्री, जमशेदपुर 28, डालटेनगंज में 29.4, बोकारो में 30.1 और चाईबासा में तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए तैयार करेगी पांच सेक्शन

नवप्रदेश,रांची : प्रदेश कांग्रेस अंतर्गत रांची जिले के कार्यकारी अध्यक्ष महासचिवों की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कमलेश ने कहा कि बैठक का मूल उद्देश्य प्रदेश स्तर पर संगठन को व्यवस्थित करने के लिए आपसी समन्वय बनाने को लेकर था।

उन्होंने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन में निचले स्तर तक समन्वय रखने, उनसे सूचना प्राप्त करने और सूचनाओं को साझा करने, समय समय पर विभिन्न वैधानिक निकायों की बैठकों में जाने, सरकार एवं अन्य स्त्रोतों से सूचनाओं मिलने तथा पत्राचार करने सहित अनेक कार्य हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को व्यवस्थित करने के लिए पांच सेक्शन का गठन किया जाएगा। इनमें एआईसीसी से पत्राचार करने, विधायक मंत्रियों से पत्राचार और संवाद के लिए एक सेक्शन, संगठन सृजन के तहत चल रहे कार्यक्रमों के लिए प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर तक के लिए एक सेक्शन, 20 सूत्री बोर्ड निगम सहित जितनी कमिटियां बनी हैं उसका डाटा और कांग्रेसजनों के डाटा लिए एक सेक्शन और ग्रामीण नगर निकाय के चुनाव के लिए एक सेक्शन बनाया जाएगा। ताकि, सभी से संबंधित डाटा का संधारण तरीके से किया जा सके। ऐसे पदाधिकारी को जिम्मेवारी दी जाएगी जो संगठन और कार्यालय में समय दे सकें। कमलेश ने कहा कि 10 जुलाई को प्रभारी के राजू की उपस्थिति में कांग्रेस विधायकों की बैठक से और राजनीतिक मामलों की कमेटी की बैठक होगी। विधायकों की बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी और चर्चा के बाद निकली राय को कमेटी के समक्ष रखा जाएगा। इसके बाद आगामी 14 जुलाई को नेता राहुल गांधी से सभी विधायक और मंत्री मुलाकात कर संगठन के कार्यों कार्यक्रमों एवं झारखंड में कांग्रेस के मंत्रियों के कार्यों तथा राज्य सरकार के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

झारखंड में ठप पड़ गई है प्रशासनिक व्यवस्था, सिर्फ सोशल मीडिया में खानापूर्तिः बाबूलाल

नवप्रदेश, रांची : भाजपा और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सूबे की प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। अधिकारियों की ओर से सरकारी कार्यालयों में सारा कामकाज ठप कर सिर्फ सोशल मीडिया पर खानापूर्ति की जा रही है।

मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा है कि झारखंड में बीते कुछ दिनों से प्रशासनिक व्यवस्था ठप पड़ गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में अधिकारियों की ओर से सरकारी कार्यालयों में सारा कामकाज ठप कर सिर्फ सोशल मीडिया पर खानापूर्ति की जा रही है। खूंटी जिले के सिमडेगा-कोलेबिरा मार्ग पर पोलोल पुल भारी बारिश की वजह से ध्वस्त हो गया, जिससे आवागमन पूर्णतः बाधित हो चुका है। दो सप्ताह से अधिक समय बीतने के बावजूद जिला प्रशासन वैकल्पिक आवागमन या डायवर्जन की व्यवस्था नहीं कर पाई। इस रास्ते स्कूल आने जाने वाले बच्चों को सीढ़ी लगाकर करीब 25 फुट ऊपर पुल की चढ़ाई कर विद्यालय जाना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि आम जनता की परेशानियों का निदान करने के लिए भी जिला प्रशासन को आपके ट्विटर संदेश का इंतजार करना पड़ रहा है तो सारे कार्यालयों को बंद कर देना ही उचित होगा। आपसे आग्रह है कि खूंटी उपायुक्त को अगर आपके सोशल मीडिया से निर्देश से ही उक्त रास्ते में वैकल्पिक आवागमन सुनिश्चित कराना है तो कृपया यह भी कर दीजिये ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न होकर उनका भविष्य बर्बाद होने से बच जाये और आमजन को भी यातायात की असुविधा न हो।

बेसहारा बच्चों को आश्रय दिलाने का प्रयास करेगा डालसा : राजेश

नवप्रदेश, रांची : झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में नालसा की ओर से संचालित साथी, डॉन, जागृति और आशा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। यह कार्यक्रम कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय और कटचांचो गांव, मांडर में किया गया।कार्यक्रम में एलएडीसी डिप्टी, राजेश कुमार सिन्हा ने नशा उन्मूलन डॉन पर फोकस करते हुए एनडीपीएस एक्ट पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण करना ही डालसा का एकमात्र उद्देश्य है। इसके तहत डालसा समय-समय पर गली, मुहल्लों और कस्बो में कैंप लगाकर निरंतर लोगों को जागरूक कर रहा है। साथ ही उन्होंने अभियान पर फोकस करते हुए कहा कि निराश्रित और बेसहारा बच्चों को आश्रय दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार भरसक प्रयास करेगा।

इसके लिए टॉल फ्री नम्बर - 15100 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। 90 दिवसीय राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान पर फोकस करते हुए पीएलवी सुमन ठाकुर ने कहा कि वादकारी अपने वादों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से करा सकते हैं।

यह अभियान एक जुलाई से शुरू होकर 90 दिनों तक चलेगा। वादकारियों को जल्द-से-जल्द सुलभ न्याय मिले, इसके लिए न्यायालयों की ओर से नोटिस का तामिला भी कराया जा रहा है। ताकि, इससे अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके।

आंगनबाड़ी सहायिका और सेविकाएं नौ को करेंगी प्रदर्शन

रांची: झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन ने आगामी नौ जुलाई को प्रदेश भर के सभी प्रखंड और जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करने की घोषणा की है। यह जानकारी यूनियन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के धरना प्रदर्शन को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम भी एक ज्ञापन मुख्यमंत्री सचिवालय को सौंपा गया है। सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार की मौजूदा नीतियों के कारण श्रमिकों के अधिकारों का हनन हो रहा है। आंगनबाड़ी कर्मियों के समक्ष कई नई समस्याएं खड़ी हो गई हैं। ऐसे में यूनियन ने आह्वान किया है कि सभी सेविका-सहायिकाएं इस आंदोलन में भाग लेकर इन नीतियों का विरोध करेगी।

रांची समाहरणालय,रांची
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
(जिला बाल संरक्षण इकाई)

गुमशुदा बालिका की सूचना
(बाल कल्याण समिति, रांची के आदेशानुसार)

- नाम– इशिका (काल्पनिक नाम)
- लिंग– बालिका
- पिता का नाम– अज्ञात
- माता का नाम– अज्ञात
- पता– अज्ञात
- उम्र – 03 वर्ष (लगभग)
- रंग – सांवला

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, रांची के आदेशानुसार एक बालिका इशिका (काल्पनिक नाम) को करुणा एन०एम०ओ०, रांची में आवासित किया गया है। जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालिका के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 120 दिनों (चार माह) तक कोई दावा प्रस्तुत नहीं होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम, 6 के उपनियम, 13 के अन्तर्गत बालिका को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, रांची द्वारा कानूनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

दावा प्रस्तुत करने का पता एवं संपर्क नम्बर–
1. बाल कल्याण समिति, रांची रांची समाहरणालय, रांची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–110
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, रांची।रांची समाहरणालय, रांची, भवन–ब्लॉक बी,कमरा संख्या–111सम्पर्क सूत्र–6513505516

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रांची। | सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, रांची।

PR 356763 (Social Welfare,Women and Child Development)25-26*D

रामचंद्र सहिस की सुरक्षा की अनदेखी बर्दाश्त नहीं : प्रवीण

नवप्रदेश, रांची : आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि पार्टी के प्रधान महासचिव और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उनके एकमात्र बॉडीगार्ड को क्लोज कर लिया गया है, जबकि सत्ता पक्ष का छोटाझमोटा नेता भी गार्ड लेकर घूम रहा है।

उन्होंने सहिस की सुरक्षा अविलंब बहाल करने की मांग राज्य सरकार से की। उन्होंने राज्य सरकार पर आजसू नेताओं के प्रति राज्य सरकार और प्रशासन की ओर से भेदभाव करने का आरोप लगाया। प्रभाकर पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित आजसू मिलन समारोह के बाद मंगलवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व आजसू प्रमुख सुदेश महतो की सुरक्षा की अनदेखी करते हुए उनका आवास खाली करवा लिया गया, जबकि पूर्व में राजग सरकार ने झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन को आजीवन आवास आवंटित कर दिया है। प्रभाकर ने कहा कि पूर्णिया में पांच आदिवासियों को जिंदा जलाने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। लेकिन कांग्रेस पूर्णिया की घटना का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस के मंत्री और नेताओं को झारखंड की नहीं, बल्कि बिहार चुनाव की ज्यादा फिक्र है।

पूर्णिया की घटना ने बिहार सरकार की आदिवासी विरोधी मानसिकता को उजागर किया है : विजय

नवप्रदेश, रांची: पूर्णिया मे पांच आदिवासी को अमानवीय तरीके से जलाने की घटना ने बिहार सरकार की आदिवासी विरोधी मानसिकता चेहरा को उजागर किया है । यह घटना बिहार सरकार की विफलता और आदिवासियों के प्रति उनकी उदासीनता का जीवंत प्रमाण है । पूर्णिया जिले में एक ही आदिवासी परिवार के पांच सदस्यों को अंधविश्वास के नाम पर जिंदा जलाने की दिल दहलाने वाली घटना न केवल मानवता पर कलंक है, बल्कि यह बिहार की भाजपा गठबंधन सरकार की आदिवासी विरोधी मानसिकता को भी उजागर करती है। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने इस जघन्य अपराध की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इस घटना को आदिवासी समाज के खिलाफ सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा मानता है। इस सम्बंध में आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष श्री विजय शंकर नायक ने बिहार सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, यह घटना बिहार सरकार की विफलता और आदिवासियों के प्रति उनकी उदासीनता का जीवंत प्रमाण है। भाजपा गठबंधन सरकार आदिवासियों को केवल वोट बैंक के रूप में देखती है, लेकिन उनकी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाती। पूर्णिया की यह घटना पहली नहीं है; आदिवासी समाज लगातार अत्याचार, शोषण और हिंसा का शिकार हो रहा है, और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। श्री नायक ने आगे कहा, डायन-बिसाही जैसे अंधविश्वास को बढ़ावा देने वाली मानसिकता को खत्म करने के लिए सरकार ने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए। यह घटना आदिवासी समाज के खिलाफ गहरी साजिश का हिस्सा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम मांग करते हैं कि इस मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच हो, दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा व सुरक्षा प्रदान की जाए। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच इस घटना के खिलाफ पूरे बिहार में आंदोलन तेज करने की घोषणा करता है। हम आदिवासी समाज के हक और सम्मान की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, रांची

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–41/2025–26

1. निविदादाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1,रांची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 15.07.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 16.07.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 16.07.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, रांची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रांची एवं कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, रांची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रांची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रांची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

क्र	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की तिथि
1	Renovation of Staff Quarter No.-1 Painting inside, Polishing, Stainless Steel railing, Stainless Steel Gate, Fixing of Tiles, Wardrobe, Etching Glass Door etc at Staff Quarter No.-1 Near Sichai Bhawan (Occupied by Hon'ble Justice Mr. Rajesh Kumar) A.G. More, Doranda, Ranchi (High Court Pool)	4595000	91900	5000	One Month
2	Renovation of Internal Portion of Ground Floor and Parking Tile in the Campus of State Consumer Dispute Redressal Commission at Doranda Ranchi	4528300	90600	5000	One Month
3	Construction of Residential Office in D type Office's Flat Quarter No-14/18 (Occupied by Shri Aditya Ranjan, Rajya Pariyojna Nideshak) Behind Nepal House at Doranda Ranchi	3672100	73500	5000	One Month

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, रांची।

PR 356813 (Building) 25-26 (D)

जेजे एमपी का एरिया कमांडर सक्रिय सदस्य दो अपराधी प्रवीण एक्का व छोटू नायक हथियार के साथ गिरफ्तार

नवप्रदेश, गुमला: पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां गुमला को गुप्त सूचना मिली कि डुमरी थाना अन्तर्गत ग्राम-तांती के जंगलो में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जे0जे0एम0पी0 का एरिया कमाण्डर क्रियावादी प्रवीण एक्का अपने दस्ता के साथ भ्रमणशील है एवं कोई बड़ी अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, गुमला के निर्देश पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, चैनपुर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। इस सूचना का सन्हा दर्ज करते हुए छापामारी दल ग्राम-तांती के जंगल में पहुँची, जैसे ही ग्राम तांती पहुँचे तो देखे कि कुछ व्यक्ति गाँव के सामने वाले जंगल में हैं। छापामारी दल को अपनी ओर आता देख कुछ संदिग्ध व्यक्ति (जे0जे0एम0पी0) जंगल की ओर भागने लगे। छापामारी दल द्वारा घेराबंदी करते हुए खदेड़ कर दो

व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्तियों को कड़ाई से नाम पता पूछने पर अपना नाम जे0जे0एम0पी0 का सक्रिय सदस्य **1.** प्रवीण एक्का उर्फ अड़िया, उम्र करीब 28 वर्ष, (एरिया कमाण्डर), पे0-स्व0 अमरूस एक्का, सा0-सिरसी, थाना-डुमरी, जिला-गुमला एवं **2.** छोटू नायक, उम्र करीब-27 वर्ष, पे0-ननका नायक, सा0-पुटरूंगी, थाना-डुमरी, जिला-गुमला बताया। **तलाशी के दौरान क्रमशः** 1. प्रवीण एक्का उर्फ अड़िया के पास से एक पिस्टल, एक मैगजीन, 03 जिन्दा गोली एवं एक मोबाईल तथा 2. छोटू नायक के पास से एक सिक्सर, 02 जिन्दा गोली एवं एक मोबाईल पाया गया। पाये गये अग्नेयास्त्र के बारे में कागजात की माँग करने पर इनदोनों के द्वारा कागजात नहीं दिखाया जा सका। चूंकि बिना अनुज्ञप्ति के अग्नेयास्त्र एवं गोली रखना एवं प्रयोग करना एक संज्ञेय अपराध है। उक्त अपराध के विरूद्ध दोनों अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में अग्रसारित किया जा रहा है।

जप्त समानों को विवरणी–

1. पिस्टल- 01 2. सिक्सर - 01 3. मैगजीन - 01 4. जिन्दा गोली - 05 5. मोबाईल फोन- 02

गिरफ्तार अभियुक्त

1. प्रवीण एक्का उर्फ अड़िया, उम्र करीब 28 वर्ष, (एरिया कमाण्डर), पे0-स्व0 अमरूस एक्का, सा0-सिरसी, थाना-डुमरी, जिला-गुमला
2. छोटू नायक, उम्र करीब 27 वर्ष, पे0-ननका नायक, सा0-पुटरूंगी, थाना-डुमरी, जिला-गुमला का रहने वाला है

छापामारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी का नाम– श्री ललित,मीणा(भा0पु0से0), अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, चैनपुर, पु0अ0नि0 अनुज कुमार, थाना प्रभारी, डुमरी थाना, पु0अ0नि0 मनोज कुमार, डुमरी थाना, पु0अ0नि0 मो0 जहाँगीर, नक्सल शाखा, स0अ0नि0 रवीन्द्र भारती, डुमरी थाना, आरक्षी 32/नीरज तिवारी, अभियान शाखा, रिजर्व गार्ड।

अपराधिक इतिहास : प्रवीण एक्का उर्फ अड़िया के विरूद्ध विशुनपुर थाना कांड सं0-23/25, दिनांक 24.06.2025, धारा-25,1-अ23,25 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट।

मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करें राजनीतिक दलः आर रॉनिटा

खूंटीः जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आर रॉनिटा ने सभी राजनीतिक दलों से मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का निदेर्या दिया है। उपायुक्त मंगगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में खूंटी जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष और सचिवों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी राजनीतिक दलों को प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति करनी है। इससे मतदाता सूची के अद्यतन और संशोधन की प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता को सुदृढ़ किया जा सकेगा। बैठक के दौरान निर्वाचन संबंधी विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई और राजनीतिक दलों को उनके दायित्वों की जानकारी दी गई। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि मतदाता सूची अद्यतन करने के दौरान उनकी ओर से नाम, पते या अन्य विवरणों की सही जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए।

संक्षिप्त खबरें

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र द्वारा गुमला मॉडल कार का निरीक्षण किया गया

नवप्रदेश, गुमला : माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री ध्रुव चंद्र मिश्र के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री राम कुमार लाल गुप्ता ने आज मंडल कारा गुमला का भ्रमण किया तथा तथा जेल में स्थित प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया । तथा जेल के पीएलवी को निर्देश दिया कि वह प्रत्येक बंदी से मिलकर यह सुनिश्चित करें की कोई भी बंदी बिना वकील का ना रहे । उन्होंने बंधिया से भी मिला और कहा कि यदि आपको वकील रखने में दिक्कत हो रही है तो डीएलएसए को तुरंत सूचित करें आपको निशुल्क वकील का व्यवस्था किया जाएगा । उन्होंने भोजन व्यवस्था एवं सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। सचिन के साथ जेलर लवकुश कुमार एलएडीसी जितेंद्र सिंह, प्रकाश कुमार पांडे आदि उपस्थित थे ।

संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में स्वागत समारोह सम्पन्न

मांडर : अन्न इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर परिसर में मंगलवार को फ्रेशर्स डे का आयोजन किया गया इस अवसर पर बारहवीं के छात्र – छात्राओं द्वारा अपने जूनियर ग्यारहवीं के छात्र – छात्राओं का स्वागत किया गया। मौके पर कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।नऐ विद्यार्थियों का स्वागत करते हूए प्राचार्या सिस्टर मेरी बागे ने कहा की इस कॉलेज परिवार में आप सभी का स्वागत है आप जिस उम्मीद से यहाँ आए उसे पूरा करना हमारा जिम्मेदारी है आप सभी से भी हमारी उम्मीद है की दो वर्षो तक मन लगा कर पढ़े और इस कॉलेज की गरिमा को बनाए रखेंगे। मौके पर अनिल खलखो, सईद अख्तर ने भी अपने विचार रखें।तीनों संकाय से टॉपर छात्रों को प्रचार्या ने पांच हजार नगद सहयोग राशि देकर सम्मानित किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उमेश प्रसाद, विजय किसपोट्टा, सुशांत चक्रवर्ती सहित सभी शिक्षक– शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

हड्डी एवं जोड़ रोगों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नवप्रदेश, अनगड़ा : शालिनी अस्पताल अनगड़ा एवं उषा मार्टिन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को मासू गांव में हड्डी एवं जोड़ रोगों से संबंधित एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड प्रैशर, बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी), यूरिक एसिड एवं अन्य हड्डी–जोड़ संबंधित समस्याओं का आधुनिक तकनीक से परीक्षण किया गया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कुमार राय ने 100 से अधिक मरीजों की जांच की। उन्हें आवश्यक परामर्श के साथ नि:शुल्क दवाइयां भी दी गई। अस्पताल के वरीय प्रवंधक राणा विकास ने बताया कि संस्था द्वारा समय–समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है ताकि ग्रामीण एवं वंचित वर्ग के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा सुलभ कराई जा सके। शिविर के सफलता में शलिनी अस्पताल के शिशिर कुमार भगत , रंगलाल , मोहर , सम्पूर्णानन्द , मोनित भूतकुवर , ग्राम प्रधान देवराज पाहन एवं स्वास्थ्यकर्मियों का योगदान रहा।

शिक्षा नीति 2020 और पंचकोशीय विकास पर चर्चा

पिस्का नगड़ी : प्रखंड के कुदलूम स्थित आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान एवं आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में पाँच दिवसीय राष्ट्रीय आचार्य प्रशिक्षण कार्यशाला के द्वितीय दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर किया गया। द्वितीय दिवस के सभी पाँच सत्र में अवनीश भटनागर (अखिल भारतीय उपाध्यक्ष, विद्या भारती) द्वारा संचालित की गई। इन सत्रों में उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020, पंचकोशात्मक विकास की अवधारणा एवं पंचपदी शिक्षा पद्धति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक शिक्षा की जिम्मेदारी बड़ी है, सिखाने के साथ सीखना भी जरूरी है। शिक्षा की नीति अगर कक्षा–कक्ष तक नहीं पहुँचती है तो उसकी उपयोगिता नहीं रह जाती है। शिक्षा का उद्देश्य बालक का सर्वांगीण एवं समग्र विकास करना है। ज्ञानेन्द्रियाँ एवं कर्मेन्द्रियाँ सीखने के साधन हैं। लेकिन इनके द्वारा निर्णय नहीं लिया जा सकता। निर्णय का कार्य बुद्धि के द्वारा होता है।

उपायुक्त ने अनुकंपा आधारित नियुक्ति हेतु तीन लोगों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए

नवप्रदेश, गुमला: आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के द्वारा अनुकंपा समिति की अनुशंसा के उपरांत अनुकंपा नियुक्ति के तहत कुल तीन लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। पूर्व में उग्रवादी हिंसा में शहीद के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति दी गई है। जिसमें तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पद पर नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके तहत आज मंगलवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने अपने कार्यालय कक्ष में श्री प्रीतम कुजूर, निम्नवर्गीय लिपिक, अंचल कार्यालय कामडारा, श्री प्रेम संजीत लकड़ा, निम्नवर्गीय लिपिक, प्रखण्ड कार्यालय बसिया, सुश्री सावित्री कुमारी, अनुसेवक, प्रखण्ड कार्यालय कामडारा को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उपायुक्त महोदया ने नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी आश्रितों को उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें मेहनत व लगन से कार्य संपादित करने हेतु प्रोत्साहित भी किया।

जसपुरिया सेवा केंद्र ने 200 पौधे का वितरण कर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की शुरूवात की

अनगड़ाः जशपुरिया सेवा केन्द्र के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत सोमवार को गेतलसूद डैम के किनारे किया गया। अभियान का नेतृत्व जशपुरिया सेवा केन्द्र के प्रमुख जैलेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सामूहिक उत्तरदायित्व पर निर्भर है, पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अधिकाधिक संख्या में पौधे लगाने की अपील की। मौके पर 200 ग्रामीणों के बीच पौधे का वितरण किया गया। कार्यक्रम में राजन साहू, मुकेश मुक्ता, रामसाय मुंडा, जगेश्वर महतो, गोपाल चौधरी, कामेश्वर महतो, बिगेश्वर महतो, बुधराम बेदिया, रामकुमार दूबे, सोहराय बेदिया, शंकर महतो, जवाहर महतो, पंचम भोगता, वीणा देवी, हरिश गंझू आदि उपस्थित थे।

अनुमंडल पदाधिकारी बसिया की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न

नवप्रदेश, गुमला: आज मंगलवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी बसिया जयवंती देवगम की अध्यक्षता में 67-सिसई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड, रांची द्वारा प्राप्त निदेशों के आलोक में सभी राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट (BLA) की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। यह स्पष्ट किया गया कि जिस प्रकार प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल अफसर बी एल ओ की नियुक्ति की गई है, उसी प्रकार निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और समन्वय को सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक राजनीतिक दल को अपने बूथ लेवल एजेंट नामित करना

आवश्यक है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने कहा कि बूथ लेवल एजेंटों की उपस्थिति से निर्वाचन पूर्व गतिविधियों, मतदाता सूची के अद्यतन, जागरूकता प्रसार, एवं नए मतदाताओं के पंजीकरण जैसी प्रक्रियाओं में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी संभव होगी, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक मजबूत एवं पारदर्शी बन सकेगी।इस बैठक में निर्वाचन कार्य से संबद्ध ऑपरेटर सौरभ गुप्ता समेत सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक में निर्वाचन से संबंधित तकनीकी प्रक्रियाओं, तिथियों एवं बी एल ए नामांकन से जुड़ी आवश्यक औपचारिकताओं की भी विस्तार से जानकारी दी गई।

स्टॉप डायरिया कैंपेन के अंतर्गत विद्यालयों में जागरूकता गतिविधियाँ आरंभ

नवप्रदेश, गुमलाः जिला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार गुमला जिले में स्टॉप डायरिया कैंपेन के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियाँ प्रारंभ की गई हैं। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता, शुद्ध जल, पोषण और हाथ धोने की आदत को बढ़ावा देकर डायरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित करना है।

स्कूल स्तर पर आयोजित गतिविधियों में प्रार्थना सभा के दौरान स्वच्छ हाथ, सुरक्षित जीवन, डायरिया से बचाव और शुद्ध जल का महत्व जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। बच्चों को साबुन से सही ढंग से हाथ धोने की विधि सिखाई गई तथा मिड-डे मील से पूर्व सामूहिक रूप से हाथ धोने का अभ्यास कराया गया।जिले के विभिन्न प्रखंडों में रैलियों एवं पोस्टर-बैनर के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर भी जन-जागरूकता फैलाई जा रही है।

स्वच्छता ही सुरक्षा है के संदेश के साथ बच्चों को पानी उबालने या फि ल्टर कर उपयोग करने के महत्व को सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों द्वारा समझाया गया।इस अवसर पर बच्चों से दैनिक स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही डायरिया से बचाव₹ विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई जिसमें खुले में शौच न करने, साफ-सुथरा शौचालय उपयोग करने, पोषणयुक्त भोजन करने एवं स्वच्छ पानी पीने जैसी सावधानियों पर विशेष बल दिया गया।इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान के समन्वय से विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम सतत रूप से जारी रहेंगे।

गुमला समाहरणालय भवन को सोहराई पेंटिंग से सजाया गया

नवप्रदेश, गुमलाः झारखंड की समृद्ध लोक संस्कृति एवं पारंपरिक कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुमला समाहरणालय भवन को सोहराई पेंटिंग से सजाया गया है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार भवन की आंतरिक दीवारों को पारंपरिक सोहराई चित्रकला से सुसज्जित किया गया, जिससे न केवल भवन की भव्यता में वृद्धि हुई है, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक पहचान को भी विशेष स्थान मिला है।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि ₹सोहराई पेंटिंग झारखंड की एक पारंपरिक एवं समृद्ध जनजातीय कला है, जो प्रकृति, पशुपालन और ग्रामीण जीवन से प्रेरित होती है। यह केवल चित्रांकन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत की जीवंत अभिव्यक्ति है। समाहरणालय भवन को इस कला से सजाकर हमने अपनी जड़ों को सम्मान दिया है।उल्लेखनीय है कि सोहराई कला पारंपरिक रूप से दीपावली के

पश्चात मनाए जाने वाले सोहराई पर्व के दौरान घरों की दीवारों पर मिट्टी, लकड़ी, कोयले और प्राकृतिक रंगों से चित्रित की जाती है। अब इस कला को शहरी परिदृश्य में लाकर स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है।इस कार्य में स्थानीय कलाकारों और आदिवासी चित्रकारों की अहम भूमिका रही, जिन्हें जिला प्रशासन द्वारा समुचित सहयोग और मंच प्रदान किया गया। गुमला समाहरणालय की दीवारों पर अब पारंपरिक पशु चित्र, पेड़-पौधे, और जनजातीय जीवन शैली की झलक मिलती है, जो इसे एक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में प्रस्तुत करता है।

लोहरा जनजाति का जाति प्रमाण पत्र ग्रामसभा के अनुमोदन पर हो

नवप्रदेश, अनगड़ा : आदिवासी लोहरा समाज समिति बीसा की बैठक पंचायत सचिवालय में हुई। इसकी अध्यक्षता पुशुवा लोहरा व संचालन अजय करमाली ने किया। मुख्य अतिथि रांची जिला ग्रामप्रधान संघ के अध्यक्ष उमेश कुमार बड़ाईक व विशिष्ट प्रो सत्यदेव मुंडा थे। बैठक में सरकार द्वारा लोहरा जाति को जनजाति का प्रमाणपत्र सुलभ तरीके से बनाये जाने पर प्रसन्नता जाहिर किया। साथ ही संकल्प लिया गया कि लोहरा जनजाति का जाति प्रमाण पत्र ग्रामसभा के अनुमोदन के आधार पर ही सरकार निर्गत करे। इस मामले को लेकर लोहरा समाज का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त रांची व अनगड़ा के अंचल पदाधिकारी से मिलेगा। उमेश कुमार बड़ाईक ने कहा लोहरा जाति को ग्रामसभा के अनुमोदन के आधार पर ही जाति प्रमाण पत्र निर्गत होना चाहिए। इसके लिए पूरे रांची जिला में जागकरूकता अभियान चलाया जाएगा।

मुहर्रम के शांतिपूर्ण आयोजन पर अंजुमन इस्लामिया गुमला ने जताया आभार

नवप्रदेश, गुमलाः मुहर्रम के पावन अवसर पर गुमला के सभी प्रखंड, गांवों में आयोजित तमाम कार्यक्रमों की सफल, शांतिपूर्ण व भव्य रूप से सम्पन्नता के उपरांत अंजुमन इस्लामिया गुमला की ओर से सबों का आभार व्यक्त किया गया है। अंजुमन इस्लामिया के सदर जनाब मुशाहिद आजमी पम्मु एवं सचिव मो मकसूद आलम ने एक संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि इस बार का मुहर्रम जुलूस, पहलाम, कर्बला में मेला, सातवीं और 10वीं की मुहर्रम जुलूस जैसी सभी कार्यक्रम शांति, अनुशासन और आपसी सौहार्द के साथ सम्पन्न हुआ,जो कि गुमला जिला की साझा तहजीब और भाईचारे का प्रतीक है।

वर्षों से लोग आपस में मिल जुल कर त्योहारों को भाईचारगी से मनाते आ रहे हैं और अबकी लोगों ने ऐसी ही तहजीब का प्रदर्शन किया है। अंजुमन गुमला ने विशेष तौर पर जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सहित संपूर्ण जिला प्रशासन, पुलिस

प्रशासन, मीडिया और आमजन का सराहनीय योगदान

विभाग के अधिकारीगण, थाना प्रभारियों, जवानों, नगर परिषद के अधिकारियों शांति समिति के सदस्यों व कर्मियों व सिविल सर्जन सहित सभी चिकित्सा कर्मियों सहित स्वास्थ्य विभाग की भूमिका की विशेष सराहना की। कहा कि प्रशासनिक तत्परता व सहयोग से ही कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जा सका।

सदर व सचिव ने प्रखंड व गांव के सभी अंजुमन के पदाधिकारीगण व मेंबरान, सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के सभी कन्वेनर, सदस्यगण और अखाड़ों के लाइसेंसी (खलीफा) तथा उस्तादों के समर्पण और अनुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग और समुदाय ने मिल-जुलकर ऐसे ही जिला,राज्य और केंद्र में अपनी पहचान बनानी है।

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता का गुमला में भव्य शुभारंभ

नवप्रदेश, गुमलाः आज संत इग्नेसियस उच्च विद्यालय, गुमला स्थित जुबली स्टेडियम में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक गुमला के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से राज्य परियोजना निदेशक के प्रतिनिधि एवं राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने भी विशेष रूप से भाग लिया। वे पूरे राज्य में सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल आयोजन के समन्वयक हैं।

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक वर्ग में अंडर-15 एवं अंडर-17 तथा बालिका वर्ग में अंडर-17 श्रेणी हेतु रांची, खूंटी, लोहरदगा,

सिमडेगा एवं गुमला जिलों की जिला स्तरीय विजेता टीमें भाग ले रही हैं। सभी मैच लीग पद्धति पर खेले जाएंगे।

बालक वर्ग के मैच जुबली स्टेडियम एवं हॉस्टल मैदान में एवं बालिका वर्ग के मैच संत पैट्रिक उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किए जाएंगे।

प्रतियोगिता के लीग मैच 08 व 09 जुलाई को, सेमीफाइनल 10 जुलाई को तथा समापन समारोह सहित फाइनल मैच 11 जुलाई 2025 को जुबली स्टेडियम में आयोजित होंगे।कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक मांदर की थाप और स्वागत नृत्य के साथ हुआ। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय एस एस गर्ल्स की छात्राओं ने अतिथियों का पारंपरिक स्वागत कर मुख्य मंच तक पहुंचाया। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक के नेतृत्व में अतिथियों को बैच लगाकर एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

इसके उपरांत सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मैदान में उपस्थित पाँचों जिलों की टीमों ने कस्तूरबा विद्यालय के बैंड की धुन पर मार्चपास्ट कर सलामी दी। मुख्य अतिथियों द्वारा मैदान में उतरकर सभी टीमों से परिचय प्राप्त किया गया एवं फुटबॉल को किक मारकर टूनामेंट का विधिवत शुभारंभ किया गया।इस आयोजन की सफलता हेतु जिले के सभी प्रखंडों के समग्र शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारियों के नेतृत्व में आयोजन समितियाँ गठित की गई हैं। साथ ही झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के पदाधिकारीगण, खेल शिक्षक, जिला फुटबॉल संघ, ओलंपिक संघ, रेफरी संघ एवं संबंधित तकनीकी अधिकारियों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की गई है।

झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन का केंद्र सरकार के नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन

नवप्रदेश, गुमलाः झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन जिला इकाई के तत्वाधान में केंद्र सरकार की जन विरोधी व मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ मशाल जुलूस निकाला गया थाना चौक से होते हुए पटेल चौक तथा टावर चौक में समापन की गई मौके पर ट्रेड यूनियन ऐक्टू के जिला अध्यक्ष कामरेड महेंद्र जेक्शन उरांव ने कहा कि केंद्र सरकार की जन विरोधी व मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ कल गुमला में हड़ताल होगी जिसमें सभी सरकारी संस्थान व सभी निजी कंस्ट्रक्श को हड़ताल में शामिल होने का ऐलान किया गया है केंद्र सरकार ने 44 प्रकार का श्रम कानून को समापन कर गुलामी के चार श्रम कोड बिल ला देश के चार करोड़ मजदूर वर्ग के ऊपर जबरन थोपना चाह रही है इसलिए कल गुमला में चक्का जाम किया जाएगा साथ ही डीएसपी रोड केदार बागान से लाल झंडे के साथ मौके पर विशाल जुलूस के साथ में टावर चौक व पटेल चौक जाम किया जा सकता है हम 12 घंटे काम का बिल नहीं सहेंगे हमें 8 घंटा ही मंजूर है मौके पर बिरसा उरांव दर्शन उरांव विद्यासागर खेस सविता कुमारी रवि उरांव गोसाई उरांव चांगड़े उरांव व अन्य उपस्थित थे।

स्ट्रीट वेंडरों को पीएम स्व निधि से समृद्धि योजना का प्रशिक्षण दें : उपायुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

बोकारो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने पीएम स्व निधि से समृद्धि योजना की जिला स्तरीय कमेटी का किया बैठक, डीडीसी - एसएमसी समेत अन्य रहे उपस्थित हमारे स्ट्रीट वेंडर सिर्फ आर्थिक गतिविधियों के भागीदार नहीं है, बल्कि वह समाज की एक मजबूत कड़ी हैं। जब आप उनकी आंखों से दुनिया को देखते हैं, तो संवेदना और जिम्मेदारी का नया दृष्टिकोण सामने आता है। हमारे स्ट्रीट वेंडरों का जीवन कैसे समृद्ध हो, इस दिशा में हमें मिलकर काम करना होगा। उक्त बातें उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं। वह सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री स्व निधि से समृद्धि योजना के जिला स्तरीय समिति की बैठक कर रहे थे।

जीवन को बेहतर बनाने के लिए चलाएं अभियान

उपायुक्त ने कहा कि स्ट्रीट वेंडरों का जीवन बेहतर हो, इस दिशा में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने योजना से

संबंधित जन जागरूकता, ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम को अभियान मोड में चालू करने का निर्देश दिया। कहा कि जन - जागरूकता जरूरी है ताकि योजना का लाभ हर आहतार्धारी तक पहुंचे। योजना के तहत 10 हजार राशि ऋण प्राप्त करने वाले लाभुक, ससमय ऋण की राशि भुगतान कर 20 हजार एवं इसे ससमय भुगतान कर 50 हजार रुपए का ऋण प्राप्त कर आत्म निर्भर एवं समृद्ध बन सकें।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से भी जोड़ने का निर्देश

उपायुक्त ने बैठक के क्रम में योजना के नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वह चिन्हित वेंडरों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से भी जोड़ें, ताकि वे छोटे व्यवसाय के लिए वित्तीय रूप से सशक्त हो। उनके जीवन स्तर में बदलाव आए, ताकि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का उद्देश्य पूरा हो सकें।

बैंकों में हो भैया - दीदी काउंटर,एलडीएम को निर्देश

उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित लीड बैंक मैनेजर (एलडीएम) को निर्देश दिया कि वह बैंकों में स्ट्रीट वेंडरों के लिए विशेष रूप से भैया - दीदी काउंटर चिन्हित करें। जिससे उन्हें बैंकों में त्वरित सुविधा और सम्मान दोनों प्राप्त हो। उन्होंने पहले लीड बैंक से इसकी शुरूआत करने को कहा। वहीं, उपायुक्त ने सब्जी बेचने वाली महिलाओं को दीदी कहकर सम्मानपूर्वक संबोधित करने का भी अपील किया। योजना केवल आर्थिक नहीं, सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम बैठक में पीएम स्व निधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडरों को पीएम श्रम योगी मानधन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जन धन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना, वन नेशनल वन राशन कार्ड योजना व अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के समन्वय की स्थिति की भी समीक्षा की।

9 जुलाई के हड़ताल में भारतीय मजदूर संघ शामिल नहीं

राजनीति से प्रेरित हड़तालः रविंद्र

नवप्रदेश/फुसरो(बेरमो)। 9 जुलाई को होने वाली हड़ताल को लेकर भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ शामिल नहीं होने को लेकर मंगवार को बैठक किया गया। बैठक में कार्यसमिति सदस्य सह अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ पेंसन सेल सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय अध्यक्ष हीरालाल रविदास, क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह, संगठन मंत्री सह मंत्री कुलदीप मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वही श्री मिश्रा ने कहा कि आगामी 9 जुलाई को चारों श्रमिक संगठन के द्वारा जो हड़ताल की जा रही है उस हड़ताल में भारतीय मजदूर संघ शामिल नही है यह हड़ताल केवल कोयला कामगारों को गुमराह करने के लिए किया जा रहा है या स्पस्ट शब्दों में कह सकते हैं कि यह हड़ताल राजनीति से प्रेरित है यह हड़ताल में

चार लेबर कोड का विरोध किया जा रहा है कुछ विषयों में भारतीय मजदूर संघ की भी विरोध है लेकिन भारतीय मजदूर संघ के शीर्ष नेतृत्व ने देश हित मे भारत सरकार कोयला मंत्री तथा कोल इंडिया प्रबंधन को पत्राचार के द्वारा विरोध एवं मौखिक रूप से मिलकर सरकार को संज्ञान में दिए हैं जिस पर सरकार एवं कोल प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है वही विनय कुमार सिंह ने कहा की 9 जुलाई के हड़ताल चारो श्रमिक संगठन का वार्षिक हड़ताल के रूप में प्रचलित है कही से भी देश हित उधोग हित तथा मजदूर हित मे नही तो इस स्थिति में देश को हड़ताल में झोंकना कहीं से न्याय संगत नहीं है यह केवल कोयला कामगारों को गुमराह करने की साजिश चारों श्रमिक संगठन कर रहे हैं इस एक दिन के हड़ताल से कोयला कामगारों के आर्थिक नुकसान जैसे एसग्रेसिया बोनस से लेकर,पेंशन,ग्रेच्युटी आदि राशियों पर काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है इसलिए 9 जुलाई को कोयला कामगार समय से और दिन के अपेक्षा कार्यस्थल पर योगदान देते हुए आम दिन की अपेक्षा अधिक उत्पादन करने में सहयोग करें और प्रबंधन से भी आग्रह करता हूं कि उन सभी कामगारों को सुरक्षा मुहैया कराए। वही हीरालाल रविदास ने कहा कि आप देखेंगे की चारों संगठनों में कुछ एक दो संगठन ऐसे हैं जो सरकार के द्वारा संचालित होती है इसके बावजूद हड़ताल का दिखावा किया जा रहा है कुलदीप ने कहा 9 जुलाई के हड़ताल को कोयला कामगार के हित मे नही इन सारी बातों को कोयला कामगार भली-भांति समझ रहे हैं की चारों संगठन मिलकर कोयला कामगारों के आंख में धूल झोंकने का कार्य कर रही है। मौके पर प्रेमलता देवी, सुमिति कुमारी, ज्योति, सीमा कुमारी, लखि बाला देवी, इंडिया देवी, सूती देवी, लाचो देवी, नीरा देवी, बसंती देवी, कमली देवी आदि लोग उपस्थित थे।

भ्रष्टाचार मुक्त भारत संघर्ष मोर्चा की ओर से चास में हुआ प्रेस वार्ता

नवप्रदेश/चासः भ्रष्टाचार मुक्त भारत संघर्ष मोर्चा की ओर से चास के जोधाडीह मोड़ कार्यालय में प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार से 5 सूत्री मांग को मंगलवार को पत्रकारों के समक्ष रखा । जिसमें मुख्य रूप से जिसमें धनबाद डीएफओ . विकास पालिवाल तथा लेखापाल दिपक दास को बरखास्त किया जाय एवं अन्य दोनों व्यक्ति की अकुत चल अचल सम्पति की जांच उइक से कराई जाय। धनबाद के टुण्डी, तोपचांची, निरसा, गोविन्दपुर, सिन्दरी, झरिया, धनबाद में वन भुमि के सैकड़ों एकड़ भूमि को भुमि माफियाओं के द्वारा किये गये कब्जा दिपक दास तथा डीएफओ . विकास पालिवाल द्वारा कराया गया है उसकी जांच सीबीआई से या ईडी से कराई जाये।इन सारे मुद्दो पे भ्रष्ट्राचार मुक्त भारत संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर जयसवाल ने कहा कि धनबाद पुलिस के द्वारा डीएफओ . विकास पालिवाल तथा दिपक दास के साथ सांठ-गांठ कर सपा महा सचिव मुमताज अली को झुठा केस में फंसाने की साजिस चल रही है इस साजिस के खिलाफ तथा डीएफओ . विकास पालिवाल के खिलाफ हमलोग धनबाद बोकारो रांची तक संघर्ष एवं आन्दोलन की तैयारी कर रहे हैं और चास में क्षेत्रीय मुख्यवन संरक्षक कार्यालय पर विराट धरना अगले सप्ताह हमलोग देंगें। इस अवसर पे भ्रुष्ट्राचार मुक्त भारत संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वैद्यनाथ महतो ने कहा कि सपा महासचिव मुमताज अली पिछले 2 साल से 1 धबनाद डीएफओ . विकास पालिवाल तथा लेखपाल दिपक दास के द्वारा राष्ट्रीय संपति की लुट कराये जाने तथा सैकड़ों करोड़ के अवैध संपति अर्जित करने के खिलाफ प्रधानमंत्री गृह मंत्री तथा राज्य के मुख्य मंत्री को जांच के लिए शिकायत पत्र लिखे थे। जिसपे डीएफओ विकास पालिवाल पे सरकार ने जांच बैठा दिया तथा दिपक दास पर मुख्यमंत्री सचिवाल से कार्यवाई करने का आदेश पत्र जारी किया गया था। जिसकी छायाप्रति सुचनार्थ मुमताज अली को भी मुख्यमंत्री सचिवालय के द्वारा भेजा गया था। इन्हीं सबसे घबराकर धनबाद डीएफओ विकास पालिवाल तथा दिपक दास साजिस के तहत मुमताज अली पर झुठा मुकदमा करने की धमकी दे रहे है। वैद्यनाथ महतो ने कहा कि इस साजिस के खिलाफ हमलोग धरना प्रदर्शन करेंगें। प्रेस वार्ता में प्रधान महा सचिव वालमुकुन्द अग्रवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूकसार खातुन, पंचानन ओझा चन्द्रदीप शर्मा, पवन यादव नन्दन पांडे बादल पांडे इत्यादि सामिल थे।

चंदनकियारी में आयोजित बीज वितरण समारोह, 80किसानों को मिला बीज और अनुदान की जानकारी

चंदनकियार/प्रतिनिधि। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को कृषि विभाग के तत्वावधान में बीज वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम किसानों को उन्नत खेती के लिए प्रेरित करने एवं खरीफ सीजन के लिए बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। समारोह में विधायक उमाकांत रजक के अनुपस्थिति में उनके पुत्र मुकेश कांत रजक उपस्थित रहे। साथ ही प्रखंड प्रमुख निवारण सिंह चौधरी एवं बीडीओ अजय कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे। वही मौके पर विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से किसानों के बीच कानूनी जानकारी दी गई। जिसके तहत मुख्यमंत्री आशीर्वाद योजना, अनाथ 18 वर्ष से बच्चों के पढ़ाई हेतु प्रतिमाह चार हजार रुपए की आर्थिक मदद के अलावा किताब का वितरण किया गया। इस मौके पर चंदनकियारी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए लगभग 50 किसानों के बीच उरद, बाजरा एवं मड़ुआ जैसी खरीफ फसलों के प्रमाणित बीजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को बीज के साथ-साथ वैज्ञानिक ढंग से खेती करने की जानकारी भी दी गई। जहां नेता द्वय मुकेश कांत रजक एवं प्रमुख निवारण सिंह चौधरी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसान आधुनिक तकनीक को अपनाएं और कम लागत में अधिक उत्पादन करें। उन्होंने कहा कि पारंपरिक फसलों के साथ-साथ मोटे अनाज जैसे मड़ुआ एवं बाजरा को बढ़ावा देना जरूरी है, क्योंकि ये पोषणयुक्त होने के साथ-साथ जलवायु अनुकूल भी हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि राज्य सरकार मड़ुआ की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए प्रति एकड़ तीन हजार रुपए की दर से अनुदान दे रही है। मौके पर बीटीएम हर्षवती लागुरी, एटीएम मिन्हाज अंसारी, नरेश भगत, हासिम अंसारी आदि उपस्थित थे।

चास प्रखंड के काशीझरिया एफसीआई गोडाउन में केंद्रीय आकलन टीम ने किया निरीक्षण

बोकारोः खाद्य आपुर्ति विभाग के केंद्रीय आकलन टीम ने मंगलवार को जिले के विभिन्न सरकारी गोडाउन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में भारत सरकार के खाद्य आपुर्ति विभाग के युएस,आइसीटी,डीएफपीडी के पदाधिकारी संतोष कुमार मीना और एएसओ,आइएफ डी के पदाधिकारी हरविंदर जी चास प्रखंड के काशी झरिया में अवस्थित एफसीआई गोडाउन में चावल की रख रखाव में बने शेड (भवन) का जानकारी ली। इसके उपरांत पौधारोपण का भी कार्य किया गया। यहां जांच के बाद गोडाउन में रखा चावल,सीसीटीवी,लाइट, साफ सफाई की भी जानकारी ली। आसपास उगे झाड़ियो को शीघ्र साफ करने की निर्देश दिया। इसके लिए एफसीआई के कर्मचारीयों को रख रखाव दुरस्त करने का निर्देश दिया। इसके बाद पिंड्रा जोरा में पहुंचकर जनवितरण प्रणाली के दुकान को मॉडल बनाने के लिए निरीक्षण किया। इसके अलावे एफसीआई गोडाउन में जांच कर रिपोर्ट ली। इन एफसीआई गोडाउन के तहत चल रहे सभी गोडाउन की विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण दल में शामिल सदस्यों ने बताया की निरीक्षण का रिपोर्ट सेंट्रल विभाग को सौंपी जाएगी। इसके आधार पर इन एफसीआई गोडाउन में जो भी कमियां पाई गई है। इन कमियों को दुर करने के लिए दिशा निर्देश दिया जाएगा। निरीक्षण दल में डीएसओ सहित अन्य कर्मी मौजुद थे।

दामोदर घाटी निगम चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में धूमधाम से मनाया गया डीवीसी का 78 वाँ स्थापना दिवस

चंद्रपुरा। चंद्रपुरा दामोदर घाटी निगम , चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के प्रबंधन द्वारा धूमधाम से डीवीसी का 78 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर यहां के सृजन पार्क में वरिष्ठ महाप्रबंधक और प्रभारी परियोजना प्रधान अविजीत घोष ने डीवीसी का ध्वजरोहण कर ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ डीसी पांडेय , उप महाप्रबंधक ललन प्रसाद गुप्ता, राजीव कुमार, सत्येंद्र कुमार, मोहम्मद इम्तियाज, संजीव कुमार, प्रबंधक परविंद कुमार, राजकुमार चौधरी, अक्षय कुमार, रामकुमार दुबे, संजीव कुमार, लक्ष्मण प्रसाद, विपद मांझी, अमन टोपनो, बिजेंदर हंसदा, जयंतो सरकार, मोहम्मद शाकिब रजा सहित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी जवान और डीवीसी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर यहां के डी वी सी जमा दो विद्यालय के प्रांगण में पंकज कुमार पांडेय (श्रेयस्कर भाप्रसे) ने डीवीसी जमा दो विद्यालय के टॉपर विद्यार्थियों सत्यम कुमार सिंह, आफरीन परवीन, विकास कुमार और पूनम कुमारी को सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित स्वर्गीय उपेंद्र नारायण पांडेय स्मृति पुरस्कार समारोह के संबोधन में पंकज कुमार पांडेय श्रेयस्कर (भारतीय प्रशासनिक सेवा) ने कहा कि वह डीवीसी और डीवीसी विद्यालय के शुक्रगुजार हैं कि वह इसी विद्यालय से पढ़कर आज भारतीय प्रशासनिक सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यालय का भविष्य स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा. इस विद्यालय की पृष्ठभूमि की जितनी भी सराहना की जाए काफी कम होगा. उन्होंने कहा कि डीवीसी देश की समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. समारोह को मैडम चंदा शुक्ला, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव आदि ने भी संबोधित किया। समारोह का संचालन भुनेश्वर महतो, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य अमूल्य सिंह सरदार ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और प्रभारी परियोजना प्रधान अविजीत घोष, राजकुमार चौधरी, जनसंपर्क पदाधिकारी अक्षय कुमार आदि उपस्थित थे।

अमलो रेलवे साइडिंग के हाजरी बाबू के साथ दुर्व्यवहार को लेकर आरसीएमयू के नेताओं किया विरोध

मेरे उपर लगाए आरोप बेबुनियादः विकाश सिंह

नवप्रदेश संवाददाता

फुसरो(बेरमो)। संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा की 7 जुलाई को अमलो रेलवे साइड में पीट मीटिंग के पूर्व जनता मजदूर संघ के नेता विकास सिंह द्वारा सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम परियोजना के रेलवे साइडिंग में हाजरी बाबू पद पर कार्यरत पुष्कान कुमार के साथ दुर्व्यवहार कर सरकारी काम में बाधा डालने तथा हाजिरी खाता छीनने के विरोध में मंगलवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ढोरी क्षेत्र के नेताओं ने बैठक कर इस घटना की निंदा की. कहा कि प्रबंधन विकास सिंह पर उचित कार्रवाई करें, अन्यथा यूनियन बाध्य होकर ढोरी एरिया का 10 जुलाई को चक्का जाम करेगी। साथ ही नेताओं ने जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम सिंह से विकास सिंह को यूनियन से हटाने और संयुक्त ट्रेंड यूनियन से भी हटाने की अपील की. ढोरी एरिया यूनियन के अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद सिंह, एरिया सचिव शिवनंदन चौहान और एएडीओसीएम के शाखा सचिव गणेश मल्लाह ने कहा कि किसी भी यूनियन नेता को मजदूर से उलझना दुर्भाग्यपूर्ण बात है। यदि विकास सिंह को किसी

बात को लेकर आपत्ति थी तो उन्हें सीसीएल प्रबंधन से शिकायत करना चाहिए। हाजरी बाबू के साथ हाथापाई और दुर्व्यवहार करने का कोई औचित्य नहीं था। कहा कि विकास सिंह द्वारा हाजरी बाबू के साथ दुर्व्यवहार किए जाने के कारण उनका स्वास्थ्य खराब हो गया। यह आरसीएमयू बर्दाश्त नहीं करेगा. इस संबंध में हाजरी बाबू पुष्कान कुमार ने कहा कि सोमवार को पिट मीटिंग के पहले यूनियन नेता विकास सिंह ने मुझसे हाजिरी खाता मांगा तो मैंने उन्हें हाजरी खाता नहीं दिया इसके बाद उन्होंने हाजरी खाता छीनकर फाड़ने का प्रयास किया और मेरे साथ गाली -गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिससे मेरा तबीयत खराब हो गया। इस संबंध में उन्होंने इस बात की सूचना प्रबंधन को लिखित रूप से दिया है। प्रबंधन उचित कार्वाई करें और हमारी सुरक्षा व्यवस्था करें। इस संबंध में जनता मजदूर संघ ढोरी एरिया सचिव विकास?? सिंह ने अपने ऊपर लगाए गए आरोप पर कहा कि आरसीएमयू के नेताओं और हाजरी बाबू पुष्कान सिंह के द्वारा मेरे ऊपर लगाए गए आरोप बुनियाद है। मैं एरिया सचिव के पद पर हूं साथ ही एसएससी का सदस्य और एरिया सलाहकार समिति सदस्य होने के नाते जांच करने के लिए था। कहा कि मुझे सूचना मिल रही थी कि एक महीना से रेलवे साइडिंग में फर्जी हाजरी पुष्कान सिंह हाजरी बाबू के द्वारा बनाया जा रहा है इस मामले को लेकर मजदूरों ने मुझे इसकी सूचना दी थी जिसके बाद मैं कल वहां गया था जिसके बाद मैंने इसकी सूचना परियोजना पदाधिकारी को तत्काल वही से फोन के माध्यम से दिया। परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि इसकी लिखित सूचना चाहिए। कहा कि पूरे अमलो परियोजना ?मे? फर्जी हाजरी बनाई जा रही है। इसलिए हाजरी खाता की मांग की थी। हाजरी बाबू पुष्कान कुमार ने हाजरी खाता नही दिया और मेरे साथ दुर्व्यवहार कर हाथापाई की। इस मामले को लेकर ढोरी महाप्रबंधक से बात हुई है उन्होंने कहा कि उचित कार्रवाई की जाएगी। कहा कि वर्षों ढोरी एरिया में कई वर्षों से जमे हुए हैं इसकी उच्चस्तरीय जांच होगी कहा दस सालों कई लोग एक ही पद पर कार्यरत हैं उन्हें भी हटाया जाएगा और इसकी शिकायत सीबीओ से लेकर कोयला मंत्री तक होगी।मौके पर यूनियन के ढोरी क्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष वृज बिहारी पांडेय, अमलो शाखा अध्यक्ष जयराम सिंह, उत्तम सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, आनंद विश्वकर्मा, उदय सिंह, परवेज अख्तर, बालेश्वर तुरी, हीरालाल स्वासी, शकील अख्तर, लखन महतो, अतिफ अफताब, शुकरा लोहार, दिनेश ठाकुर,पलटू मांझी, विशेश्वर प्रसाद, कुनी कुमारी, तुलसी कुमारी, अशोक सिंह, उपेन्द्र सिंह, राकेश कुमार, रूपेश नोनिया, जाफर अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

एक नजर

मछली पकड़ने गया युवक नदी की तेज धार में बहा, मौत

नवप्रदेश/फुसरो(बेरमो)। बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत फुसरो हिंदुस्तान पुल स्थित दामोदर नदी में मंगलवार दोपहर को मछली पकड़ने के दौरान राजा बेड़ा निवासी मनवर साह के पुत्र मो एहसान शाह उर्फ मुन्ना 25 वर्ष नदी की तेज धारा में बह गया। इसकी सूचना बेरमो पुलिस मिलते ही पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचा। तत्पश्चात खेतको के गोताखोर टीम को बुलाया गया। गोताखोर टीम द्वारा खाश ढोरी स्थित दामोदर नदी में खोजबीन की जा रही है। वहां मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि वह नदी किनारे बैठ कर मछली पकड़ रहा था। पैर फिसलने से वह नदी में बह गया। वहीं नदी किनारे उसके स्वजन व अन्य लोगों की भीड़ लगी हुई है। समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई पता नहीं चल पाया है। विदित हो कि वह फुसरो नया रोड़ स्थिति मारुती जक्सन में मिस्त्री का काम करता था।

भारत बंद को लेकर मोर्चा ने निकाला मशाल जुलूस

नवप्रदेश/चंदनक्यारी। देश के मजदूरों की गुलामी का दस्तावेज चार श्रम कोड बिल के खिलाफ केन्द्रीय ट्रेड यूनियन की 9 जुलाई को देशव्यापी आम हड़ताल की आह्वान के समर्थन में आम हड़ताल को ऐतिहासिक सफल बनाने के लिए. मंगलवार की शाम को संयुक्त वाम मोर्चा, ट्रेड यूनियन, संयुक्त किसान मोर्चा ने मंगलवार की शाम को चन्दनकियारी के हरदयाल शर्मा चौक से सुभाष चौक, चन्दनकियारी तक मशाल जुलूस निकालकर प्रखंड वासियों से 9 जुलाई बुधवार को सम्पूर्ण बन्द रखने की अपील किया. मौके पर नुनीवाला उरॉव, डॉ. गोपाल महतो, कुमुद महतो, दुलाल प्रामाणिक, जगन्नाथ रजवार, हरिपद महतो, इन्द्रजीत महतो, मुस्लिम अंसारी, दुलाल महतो, राजेश कुमार दत्ता, भुवन महाथा, नान्हु बाउरी, रामलाल महतो, सुबोध रजवार, भगवान महाथा, लाल मोहन रजवार, दिगम राय, जानकी महतो, कमल प्रसाद महतो, अघनु महतो, रामु महतो, काली चरण हॉसदा,हाबुलाल महतो, झरीलाल महतो, हराधन महतो, संजय कुमार रजवार, भवेश रजवार, मनु सुत्रधर, मनोज गोराईं, कलाम अंसारी, मनोज महतो, डिस्को महतो, रमेश महतो आदि मौजूद रहे।

बेरमो विधायक ने गार्डवाल एवं ग्राउंड का बाउंड्री वॉल का ऑनलाइन शिलान्यास किया

नवप्रदेश/फुसरो(बेरमो)। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सेन्ट्रल कॉलोनी दुर्गा मंडप के समीप मंगलवार को बड़ा नाला का गार्डवाल और ग्राउंड का बाउंड्री वॉल का शिलान्यास बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने ऑनलाइन किया. कांग्रेस के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया के द्वारा कार्यस्थल में जाकर बेरमो विधायक के द्वारा डीएमएफटी मद से स्वीकृत बड़ा नाला का गार्डवाल और ग्राउंड का बाउंड्री वॉल का ऑनलाइन शिलान्यास किया गया. यहॉ लोगो ने शिलापट्ट की पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर शिलान्यास कार्य किया. बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने कहा कि इस पहल से जल निकासी सुरक्षा और क्षेत्र के सौंदर्यीकरण में सुधार होगा। बेरमो प्रखंड अध्यक्ष श्री नोनिया ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से बढ रहा है. यहॉ डीएमएफटी मद से स्वीकृति बड़ा नाला का गढ़वाल एवं ग्राउंड का बाउंड्री वॉल का कार्य लगभग 40 लाख की लागत से होगी. मौके पर कांग्रेस नेता शिवनंदन चौहान, फुसरो नप के पूर्व पार्षद आजाद नोनिया, मदन श्रीवास्तव, जयशंकर सिंह, राजु दिगार, अखिलेश सिंह, संतोष सिंह, अशोक चौहान, शशी चौहान, अजय बाउरी, प्रेमजीत झा, आशीष कुमार, विजय सिंह, शंकर सिंह, राजनंदन चौहान, चंद्रमा यादव, सरोज कुमार, योगेंद्र यादव, राजू प्रसाद आदि लोग मौजूद थे.

मातृ-पुत्री संवाद से बढ़ेगा आत्मीय रिश्ताः नवीन कुमार

नवप्रदेश/पेटरवार। पूज्य तपस्वी जग जीवन महाराज ज्योति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पेटरवार में मंगलवार को बालिकाओं की माताओं के साथ मातृ-पुत्री संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवीन कुमार, सचिव संजय सिंहा, डॉ. विनम्र विधाता सहित अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की गई, जिसके बाद आत्मीय वातावरण में संवाद सत्र आरंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक नवीन कुमार ने कहा कि आज के समय में माता-पिता विशेषकर माताओं का बच्चों के साथ संवाद बहुत कम हो गया है, जो समाज के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षक जिस प्रकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उन्हें संस्कारित करते हैं, उसी प्रकार घर में भी माताओं को अपने बच्चों से संवाद कर उनकी समस्याओं और भावनाओं को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मोबाइल और आधुनिक साधनों के कारण घर में जो दूरियां बनी हैं, उन्हें संवाद से खत्म किया जा सकता है। माताओं को चाहिए कि वे रोज अपने बच्चों से पूछें कि विद्यालय में क्या पढ़ाया गया, उन्हें क्या कठिनाई हो रही है और उनकी क्या समस्याएं हैं। इस प्रक्रिया से माता और पुत्री के बीच आत्मीयता बढ़ेगी और एक मजबूत रिश्ता विकसित होगा। प्रधानाध्यापक ने माताओं से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों की कठिनाइयों को समझकर उन्हें दूर करने में उनका साथ दें, ताकि बच्चियां निडर होकर अपने सपनों की ओर बढ़ सकें। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना की और नियमित रूप से अपने बच्चों से संवाद करने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार द्वारा इस प्रकार के आयोजन से समाज में माता-पुत्री संवाद को मजबूती मिलेगी और बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग मिलेगा।

खलासी की बिजली के करंट से मौत

नवप्रदेश/बोकारो : बोकारो जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र के मखदुमपुर में एक हाइवा खलासी की बिजली के करंट से मौत हो गई। कसमार प्रखंड के पौंडा गांव निवासी राजेंद्र टुड्डू सोमवार की रात मिट्टी लोड करने मखदुमपुर पहुंचा था। मिट्टी ढुलाई के दौरान हाइवा वाहन ऊपर से गुजर रही 11000 वोल्ट की बिजली तार के संपर्क में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज धमाके के साथ बिजली का करंट लगने से खलासी बेहोश हो गया। उसे तुरंत बोकारो जनरल अस्पताल ले जाया गया। हालांकि उसकी पहले ही मौत हो गई।बालीडीह थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हाइवा को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया चल रही है। परिजनों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।हाइवा के मालिक शंकर ठाकुर के प्रतिनिधि अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों को दाह संस्कार की व्यवस्था और बीमा क्लेम की प्रक्रिया में मदद का आश्वासन दिया है।

दिव्यांग बच्चों के बीच किट का वितरण, 36 बच्चों को मिला लाभ

नवप्रदेश/पेटरवार। समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड संसाधन केंद्र पेटरवार परिसर में दिव्यांग बच्चों की जांच एवं किट वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य प्रहलाद महतो उपस्थित हुए। उन्होंने बच्चों के बीच दिव्यांग किट का वितरण किया। शिविर में कुल 36 दिव्यांग बच्चों के बीच किट का वितरण कर उन्हें सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉ दीपक कुमार, डॉ शैलेन्द्र कुमार सिंह, डॉ नवनीत कुमार, डॉ चंद्र पोली पांडेय और ऋषि कुमार उपस्थित रहे। जानकारी दी गई कि जिन दिव्यांग बच्चों की जांच पिछले वर्ष की गई थी

नावाडीह में सम्मान समारोह का आयोजन, समारोह में 41 मेधावी छात्रों को लैपटॉप व टैबलेट देकर किया गया सम्मानित

नावाडीह (बेरमो)। बोकारो जिलान्तर्गत बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम, नावाडीह में डुमरी क्षेत्र के विधायक जयराम कुमार महतो की ओर से मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा 2025 में सफल हुए उत्कृष्ट छात्र छात्राओ को सम्मानित करने के लिए मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार तथा विशिष्ट अतिथि विधायक जयराम कुमार महतो ने डुमरी विधान सभा क्षेत्र स्तरीय कुल 41 छात्र - छात्राओं को प्रशस्ति पत्र के साथ लैपटॉप व टैबलेट देकर सम्मानित किया। साथ ही क्षेत्र के 70 पंचायत से एक एक उत्कृष्ट छात्र व छात्रा को भी सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन केवल विद्यार्थियों को सम्मानित करने का नहीं, बल्कि स्व. बिनोद बिहारी महतो जी के विचारों और कार्यों को स्मरण करने का भी एक सशक्त अवसर है।उन्होंने कहा कि स्व. बिनोद बिहारी महतो एक महान विचारक, समाज-सुधारक और शिक्षा व क्षेत्रीय अस्मिता के प्रति समर्पित नेता थे, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में भी शिक्षा और सामाजिक चेतना के माध्यम से समाज में परिवर्तन की अलख जगाई। राज्यपाल ने झारखण्ड विधानसभा सदस्य जयराम महतो द्वारा अपने वेतन का अधिकांश भाग प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को समर्पित करने की सराहना करते हुए कहा

कि आशा है कि यह कदम अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मुझे बरेली की जनता ने आठ बार लोकसभा में अपना प्रतिनिधि बनाकर भेजा और मैंने जनसेवा को सदैव अपने जीवन का लक्ष्य माना। आज भी जनता का स्नेह मेरे साथ है क्योंकि मैंने सदैव जनहित को सर्वोपरि रखा। झारखण्ड राज्य के विकास हेतु यहाँ के राज्यपाल के रूप में वे सदैव तत्पर हैं। राज्य सरकार को विकास कार्यों में जब कभी भी उनकी जरूरत हो, वे जनहित में हमेशा उपलब्ध हैं।

राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मकता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में वे बहरागोड़ा में आयोजित ह्यप्रतिभा सम्मान समारोह-2025ह्न में गये थे और वहाँ उन्होंने बच्चों के साथ भोजन और संवाद किया था,जो बहुत सुखद अनुभव रहा।राज्यपाल ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित करने की सराहना की और कहा कि अवसर केवल शहरों तक सीमित नहीं है, गाँव-कस्बों के बच्चे भी विकास के समान केंद्र हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप भारत का भविष्य हैं। कठिनाइयाँ आएँगी, लेकिन अगर हौसले बुलंद हों तो कोई भी सीमा आपकी प्रतिभा को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने बच्चों को ईमानदारी, परिश्रम, धैर्य और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा केवल निजी प्रगति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्न का मंत्र ही आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की नींव है।राज्यपाल ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों, अभिभावकों और आयोजकों को बधाई दी। वही डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो कहा कि सभी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य का कमना करता हू और हर जगह आप सभी छात्र - छात्राओं को आगाह करते हुए कहना है कि सोशल मिडिया से अपने आप को दुर रखें और अपने बेहतर भविष्य को देखते हुए अच्छी तरह से पढ़ाई में फोकस करें और आगे बढ़े ताकि भविष्य में डीसी , एसपी , बीडीओ एवं उच्च अधिकारी बनकर अपने माता पिता के साथ गांव का नाम रोशन करें।समारोह में बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक श्री हरविंदर सिंह, जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मी, समाजसेवी, शिक्षक ,विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित थे।

इन 41 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया

मैट्रिक – स्वीटी, कुमकुम, सूरज, बलराम, खुशबू, लक्ष्मी, तेजस्वी, सृष्टि, बरखा, नीतू।

आर्ट्स – शब्बा रैन, रानी कुमारी, अंजली कुमारी, कृटी कुमारी, प्रियंका कुमारी, पुष्पा कुमारी, अंजली कुमारी, खुशबू कुमारी, खुशी कुमारी, वीणा कुमारी।

कॉमर्स – दिव्यांशी रानी, रानी कुमारी, स्नेहा कुमारी, कुमारी सुजाता साहू, प्रियांशी आरती, काजल कुमारी, करिश्मा कुमारी, रिया कुमारी, संगीता कुमारी, नीतू कुमारी।

साइंस -शुभम कुमार,अभिसर कुमार पांडे, अंशु कुमार गुप्ता, निशांत शेखर, विवेक कुमार, अनुज कुमार, मो ओवेस रज्जा, सुजीत कुमार, साक्षी मेहता, अमित कुमार, सीमा कुमारी

चार नये श्रम कानूनों को निरस्त करने की मांग प्रमुख : ओ पी शर्मा

केन्द्रीय कर्मचारियों के 9 जुलाई की हड़ताल को ईसीआरकेयू द्वारा नैतिक समर्थन

काला बैज लगाकर रेलकर्मी करेंगे ड्यूटी

धनबाद। 17 सूत्री मांगों को लेकर 9 जुलाई को देश के केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत हड़ताल को ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने अपना नैतिक समर्थन दिया है। यह हड़ताल केन्द्र सरकार के द्वारा श्रमिक विरोधी नीतियों और कारपोरेट सेक्टर की विशेष सुविधाओं के अनुसार श्रम नियमों को निर्धारित करने की नीतियों के खिलाफ विशाल प्रतिरोध स्वरूप आयोजित की जा रही है। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के दिशा निर्देश के तहत सभी रेलवे जोनल यूनियनों ने अपने कार्यकताओं और सदस्यों के समक्ष आवश्यक कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की है। उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह एआईआरएफ वर्किंग कमिटी मेम्बर मो ज्याऊद्दीन ने धनबाद मंडल के सभी शाखाओं से कहा है कि उक्त हड़ताल को अपना नैतिक समर्थन देने के लिए गेट मिटिंग करने, प्रतिरोध स्वरूप कार्यस्थल पर काला बैज लगाकर ड्यूटि करने तथा रेलकर्मियों के समक्ष हड़ताल के कारणों की जानकारी प्रसारित करने जैसे कार्यक्रम करने की व्यवस्था करें। एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने बताया कि ईसीआरकेयू हिन्द मजदूर सभा (एच एम एस) से सम्बद्ध है। हिन्द मजदूर सभा सहित अन्य ट्रेड यूनियनों के नेतृत्व में 9 जुलाई को अखिल भारतीय स्तर पर 25 करोड़ से अधिक कर्मचारी केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में देशव्यापी हड़ताल पर जाएंगे। इसमें डाक विभाग, बैंकों, बीमा कंपनियों, इस्पात क्षेत्र, कोयला क्षेत्र, खनिज और पेट्रोलियम क्षेत्र, तांबा क्षेत्र के कर्मचारी शामिल होने जा रहे हैं। रक्षा क्षेत्र भी हड़ताल पर जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह हड़ताल मुख्य रूप से चार नए श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को रद्द करने की मांग को लेकर बुलाई गई है, जिन्हें यूनियनों ने मजदूरों के अधिकारों को कुचलने वाला बताया है। इसके अलावा, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, न्यूनतम वेतन 26,000 रुपये, ठेका नौकरियों का अंत, सरकारी विभागों के निजीकरण पर रोक, और बेरोजगारी भत्ते की मांग भी शामिल है। यूनियनों का आरोप है कि सरकार ने 17 लाख करोड़ रुपये की राहत पूंजीपतियों को दी।

वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले शत प्रतिशत छात्रों का नामांकन सुनिश्चित कराने का निर्देश

नव प्रदेश संवादाता

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज विभिन्न विद्यालयों व कॉलेज के प्राचार्य के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने वर्ष 2025 में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र - छात्राओं का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले के सभी डिग्री कॉलेज में +2 स्तर की पढ़ाई बन्द कर दी गयी है। जिसके कारण उस क्षेत्र के उच्च विद्यालयों से वार्षिक माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को उच्चतर माध्यमिक में नामांकन में कठिनाई हो सकती है। ऐसी स्थिति में उनको नजदीकी +2 विद्यालय या इण्टर कॉलेज में उनकी सुविधानुसार उनके निकटतम 5 कि.मी. की परिधि में स्थित सरकारी /उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालयों / स्थापना अनुमति प्राप्त अथवा प्रस्वीकृति प्राप्त इण्टर महाविद्यालयों से समन्वय स्थापित कर नामांकन कराना सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित करेंगे कि छात्र - छात्राओं को उच्चतर माध्यमिक में नामांकन में कोई कठिनाई न हो। इसके बाद उपायुक्त ने कहा कि सभी विद्यालयों में लो कॉस्ट-नो कॉस्ट पर आकलन किया जा रहा है। सभी इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। इसका अनुसरण करें। कम संसाधन में विद्यालय को और बेहतर बनाएं। अपनी निधि और अनुदान का उपयोग करें। छोटे-छोटे कार्य से बड़ा बदलाव आएगा। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, संबंधित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, बीएसके कॉलेज, मैथन, आरएस मोर कॉलेज, गोविन्दपुर, आरएसपी कॉलेज, झरिया, एसएसएलएनटी महिला कॉलेज के प्राचार्य उपस्थित थे।

कार्यकर्ता ही संगठन का रीढ़: के. लक्ष्मा रेडडी

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। भारतीय मजदूर संघ ऐ३सा श्रम संगठन है, जिसका कार्य शुन्न से प्रारंभ हुआ और अपनी स्पष्ट नीति की बजह से आज देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है, जिसमें कार्यकताओं को प्राथमिक्ता दिया जाता है, उक्त बातें दिनांक 08 जुलाई को धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में के. लक्ष्मा रेड्डी कोल उद्योग प्रभारी सह स्थाई सुरक्षा समिति सदस्य भारत सरकार ने कही। उन्होने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि यदि सच्ची लगन एवं कुछ करने का जज्बा हो तो मुश्किल से मुश्किल राह भी आसान हो जाती है क्योंकि कार्यकर्ता ही संगठन को रीढ़ होता है। तमाम झंझावतो का सामना करते हुए आज कार्यकर्ता के कारण ही भारतीय मजदूर संघ ने श्रमिक संगठनों के क्षेत्र में शून्य से शिखर तक का जो सफर तय किया है संघ के एक एक समर्पित निष्ठावान कार्यकताओं का निस्वार्थ भाव से काम करने का फल है क्योंकि अन्य केंद्रीय श्रम संगठनों को पीछे छोड़ते हुए कार्यकताओं के बल पर देश का नंबर एक संगठन बना है और अतंरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आई.एल.ओ.) में भी प्रतिनिधित्व मिला है। राजनैतिक पार्टी में जुड़े न रहने के बावजूद हमेशा स्वदेशी विचारधारा को अपनाया साथ ही राष्ट्र, उद्योग, और मजदूर हित की सर्वोपरि मानकर जो अपना सफर शुरू किया फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा और शून्य से शिखर तक पहुंच गया अपने देश में श्रमिक संगठनों का इतिहास लगभग सैकड़ों वर्ष पुराना है एक देश का सबसे पुराना संगठन है। भारतीय मजदूर संघ हमेसा संगठित के साथ-साथ असंगठित मजदूरों के साथ खड़ा था और आगे भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा इन्होंने सामाजिक सुरक्षा पर जोर दिया कहा की यदि समय रहते कोल प्रबंधन नही चेतती है तो हम सभी को लंबी लड़ाई लड़ने को संघ बाध्य होगा। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिनांक 09 जुलाई 2025 को अन्य श्रम संगठनों द्वारा हड़ताल की घोषणा की गई है।

5 माह बीत जाने के बाद भी पुलिस नहीं सुलझा पाई छात्र के मौत की गुत्थी

गिरिडीह (नव प्रदेश)। जवाहर नवोदय विद्यालय गांडेय में संदेहास्पद स्थिति में पेड़ से झूलते मिले छात्र के शव मामले की गुत्थी पुलिस पांच माह के बाद भी नहीं सुलझा पायी है. हालांकि, छात्र का शव मिलने के मामले में विद्यालय के शिक्षकों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गयी थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से परिजन नाराज हैं. मृतक छात्र राजकुमार यादन के पिता सोबरन यादव ने राज्यपाल के नाम पत्र लिखकर इंसाफ की गुहार लगायी है. धनवार थाना क्षेत्र के तिलैया गांव निवासी सोबरन यादव ने कहा है कि उसका 17 वर्षीय पुत्र रामकुमार यादव जेएनवी में 11वीं विज्ञान का छात्र था. खाना-कपड़ा को लेकर बच्चों को प्रताड़ित किया जाता था. कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि व पुलिस प्रशासन को भी हस्तक्षेप करना पड़ा था. घटना के पूर्व गणतंत्र दिवस पर डीजे बजाने व परेड को लेकर छात्रों एवं शिक्षकों के बीच विवाद हुआ था. विवाद को लेकर 29 जनवरी को अविभावकों को बुलाया गया था. अविभावक व बच्चों के साथ बैठक में गांडेय पुलिस भी मौजूद थी. बैठक में सहमति बन गयी थी। लेकिन, उसी दिन शिक्षक मेंहदी हसन, प्राचार्य शरद कुमार, अभिषेक कुमार मिश्रा, मंदीप कुमार व शिक्षिका मोनिका देवी के पति मंदीप यादव ने धमकी दी थी कि छात्रों को सबक सिखाना होगा. इस क्रम में विद्यार्थियों के साथ हाथापाई भी की गयी थी. 30 जनवरी को भी विद्यालय में बैठक हुई, जिसमें भाजपा के यदुनंदन पाठक भी शामिल थे. घटना से एक दिन पूर्व पांच फरवरी को रामकुमार यादव के अलावा प्रवीण कुमार, सुभाष कुमार, अरमान एवं कुंदन कुमार को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया था. घटना के दिन शाम सात बजे रामकुमार ने उन्हें फोन कर बताया कि तीन-चार दिन से शिक्षक लगातार मीटिंग कर रहे हैं और छात्रों धमकी दे रहे हैं. रामकुमार बात करते हुए भयभीत था और अनहोनी की आंशका जता रहा था. उसी रात उपरोक्त शिक्षकों ने एक साजिश के तहत रामकुमार यादव की हत्या कर शव को विद्यालय परिसर में लटका दिया. विद्यालय के प्राचार्य ने छह फरवरी को उन्हें बुलाया. वहां पहुंचे तो देखा कि उनका पुत्र विद्यालय परिसर में मृत पड़ा है।

अत्याधुनीक व हाईटेक सुविधाओं से लैस होगा श्रावणी मेला का आयोजन

श्रावणी मेला खोले बाबा नगरी सज धज कर हुआ तैयार



देवघर । श्रावणी मेले के लिए बाबा नगरी पूरी तरह हाइटेक और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो चुकी है। बाबा मंदिर प्रबंधन समिति और जिला प्रशासन ने कांवरियों के लिए ऐसी व्यवस्था की है, जिसमें भक्ति के साथ तकनीक का भी मेल होगा । मंदिर परिसर से लेकर शिवगंगा और कांवरिया पथ तक सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवा और दर्शन व्यवस्था को डिजिटल निगरानी और एआई आधारित तकनीकों से जोड़ा गया है। वहीं, पहली बार दुम्मा में आध्यात्मिक भवन से बाबा मंदिर, शिवगंगा और जलार्पण का लाइव प्रसारण भी दिखाया जायेगा. इससे भक्त मंदिर पहुंचने से पहले ही दर्शन का लाभ ले सकेंगे. दुम्मा के पास आध्यात्मिक भवन में स्क्रीन पर मंदिर परिसर, जलार्पण पंक्ति, शिवगंगा व सुरक्षा व्यवस्था का सीधा प्रसारण किया जायेगा।

136 कैमरों से होगी मंदिर की निगरानी, मेला क्षेत्र में लगा एआई कैमरा

वहीं, जलार्पण के लिए आम कतार, कूपन प्रणाली और बाह्य अरघा जैसी तीन स्तर की व्यवस्थाएं की गयी है. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 780 सीसीटीवी कैमरे और 200 एआई युक्त निगरानी कैमरे लगाये गये हैं. मंदिर में 136 हाइटेक कैमरे श्रद्धालुओं की हर गतिविधि पर नजर रखेंगे.

अरघा से करेंगे जलार्पण

इधर, कांवरियों के स्वागत में बाबा मंदिर सजधज कर पूरी तरह तैयार है. 11 जुलाई से शुरू हो रहे श्रावणी मेले को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं. इस बार जलार्पण व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित और सरल बनाया गया है. गुरुवार को मंदिर में अरघा से जलार्पण व्यवस्था का ट्रायल किया जायेगा, जबकि शुक्रवार को सरदारी पूजा के साथ मेला का विधिवत शुभारंभ होगा. इसके बाद पूरे श्रावण मास कांवरिये अरघा से ही जलार्पण करेंगे।

जिला प्रशासन की तैयारियां पूरी

मालूम हो कि सावन में भक्तों को गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इस बार का श्रावणी मेला पूरी तरह से हाईटेक और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रहेगा। बाबा मंदिर प्रबंधन समिति एवं जिला प्रशासन ने यह तय कर लिया है कि बाबा नगरी देवघर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को इस बार न सिर्फ सुविधा मिलेगी। बल्कि तकनीक के जरिये श्रद्धा का नया अनुभव भी मिलेगा। श्रावणी मेले के दौरान सुरक्षा, स्वास्थ्य, भीड़ प्रबंधन व जलार्पण की व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने बड़े स्तर पर तैयारियां करीब-करीब पूरी हो चुकी है।

बिना सूचना ग्रामसभा बुलाने पर बवाल, ग्रामीणों ने पूर्व में चयनित सहायिका की ही नियुक्ति की उठाई मांग

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। पंचायतों में सरकारी योजनाओं के सुचारु संचालन और ग्रामीण बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की जाती हैं, लेकिन इन नियुक्तियों में पारदर्शिता और नियमों का पालन जरूरी है। इसी क्रम में धनबाद जिले के गोविंदपुर प्रखंड के बड़ा पिछरी पंचायत भवन में सोमवार को सहायिका की नियुक्ति को लेकर अचानक ग्रामसभा आयोजित की गई, जिसकी सूचना पंचायत मुखिया को नहीं दी गई थी। सूचना मिलते ही पंचायत मुखिया मौके पर पहुंचीं और ग्रामसभा में चल रही प्रक्रिया पर आपत्ति जताई। मुखिया ने कहा कि इससे पहले 8 जनवरी को पंचायत स्तर पर विधिवत ग्रामसभा का आयोजन किया गया था, जिसमें कुल 5 आवेदिकाओं ने सहायिका पद के लिए आवेदन दिया था। जांच के दौरान 4 आवेदिकाओं के दस्तावेजों में त्रुटि पाई गई थी, जबकि संध्या कुमारी रजक के दस्तावेज सही पाए जाने पर उनकी नियुक्ति की लिखित घोषणा की गई थी। मुखिया ने आरोप लगाया कि इसके बावजूद बगैर किसी पूर्व सूचना और नियम के विपरीत अचानक ग्रामसभा बुलाना सरासर गलत है। वहीं, मौके पर मौजूद गोविंदपुर प्रखंड की सीडीपीओ विमला देवी ने भी जिला कार्यालय से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी ली। जिला कार्यालय से स्पष्ट किया गया कि पूर्व में हुई ग्रामसभा में संध्या कुमारी रजक के नाम की लिखित घोषणा हो चुकी है और नियम के तहत नई ग्रामसभा की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान मौके पर मौजूद कई ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों ने भी एक स्वर में पूर्व में चयनित आवेदिका संध्या कुमारी रजक की ही नियुक्ति को मान्यता देने की मांग की। ग्रामीणों ने प्रशासन से कहा कि पंचायत में पारदर्शिता के साथ नियुक्ति होनी चाहिए और नियमों का उल्लंघन कर किसी प्रकार की नई प्रक्रिया नहीं चलाई जाए।

गोन्दुडीह में दो पक्षों में जमकर मारपीट, आधा दर्जन से अधिक घायल, गोली चलाने का भी आरोप

सभी घायलों का इलाज एस एन एम एम सी एच में जारी

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद । जिले के गोन्दुडीह ओपी अंतर्गत यादव बस्ती स्थित शिव मंदिर के समीप मंगलवार की सुबह आपसी विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया। दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें दोनों ओर से कुल आठ से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (SNMMCH) में चल रहा है। घटना को लेकर एक पक्ष के घायल मदन यादव ने आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान दूसरे पक्ष के सूरज कुमार ने उस पर गोली चलाई। हालांकि, इस बात की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। सूत्रों के मुताबिक, विवाद की शुरूआत किसी पुराने आपसी रंजिश या जमीन विवाद को लेकर हुई, जो देखते ही देखते हिंसक टकराव में बदल गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुँचाया गया।।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पुलिस गोली चलने के आरोप की भी तफ्तीश कर रही है। पहला पक्षः मदन यादव, प्रदीप यादव, सुनीता देवी सहित दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दूसरा पक्षः सूरज कुमार, शंभू यादव, नीरज कुमार, सुजीत कुमार, रवीना देवी सहित दो अन्य को गंभीर चोटें आई हैं।

बोनाफाइड के नाम पर गरीब छात्रों से पैसों की वसूली करना बंद करो : आजसू

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद । मंगलवार को आजसू छात्र संघ के पी० के० रॉय महाविद्यालय अध्यक्ष विक्की कुमार के नेतृत्व में प्राचार्य डॉ कविता सिंह जी से बोनाफाइट प्रमाण पत्र शुल्क न्यूनतम करने का किया मांग। विक्की कुमार ने बताया कि इस से पहले बोनाफाइट शुल्क मात्र 10 रुपया था। जिसमें बढ़ोतरी कर वर्तमान में 100 रुपया कर दिया गया है। बोनाफाइट छात्र छात्रवृति के लिए लेते है, ऐसे छात्र लेते है जो आर्थिक रूप से कमजोर है। बोनाफाइड शुल्क बढ़ोतरी होने के कारण छात्र/छात्रा बोनाफाइट लेने से वंचित हो रहे है। महाविद्यालय में भारी संख्या में ऐसे छात्र/छात्रा है जो अपनी पढ़ाई छात्रवृति के माध्यम से पूरी करते है। छात्रवृति OBC/SC/ST वर्ग के छात्र लेते है, जो कि आर्थिक रूप से सशक्त नहीं है। महाविद्यालय अध्यक्ष विक्की कुमार ने प्राचार्य महोदया से अनुरोध कर छात्र हित को ध्यान में रखते हुए शुल्क में की गई बढ़ोतरी को न्यूनतम करने का निवेदन किया। साथी में चेतावनी भरे लहजे से कहा छात्र हित में की गई मांग खारिज होता है, तो अन्यथा आजसू छात्र संघ आंदोलन के लिए विवश होगी। पूरे मामले को प्राचार्य महोदया ने गंभीर पूर्वक सुनने के पश्चात बोनाफाइट शुल्क को अति शीघ्र न्यूनतम करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में उपस्थितः भोला पासवान, आकाश पांडे, विकाश महतो, रबी रवानी, अरविंद कुमार आदि।

एक नजर

कल्याण पदाधिकारी ने सुनी आमजनों की समस्या

धनबाद (नव प्रदेश)। मंगलवार को प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद ने जनता दरबार का आयोजन कर गोविंदपुर, टुंडी, निरसा, कोलाकुसमा, पांडरपाला सहित जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्या सुनी। जनता दरबार में मकान खरीदने के बाद उसका कब्जा नहीं देने, राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर स्थित जमीन पर अवैध कब्जा करने, अबुआ आवास की द्वितीय किस्त का भुगतान नहीं होने, तालाब के पानी निकासी को जबरन अवरुद्ध कर तालाब के पानी को प्रदूषित करने, भू-माफिया द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा करने, बायपास रोड पांडरपाला में नाली एवं सड़क का निर्माण करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। प्रभारी कल्याण पदाधिकारी ने सभी आवेदनों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित किया।

धनबाद स्टेशन पर मोबाइल चोर गिरफ्तार, ऑपरेशन यात्री सुरक्षा की बड़ी सफलता

धनबाद (नव प्रदेश)। रेलवे सुरक्षा बल और क्राइम इंटेलिजेंस ब्रांच सीआईबी धनबाद को एक बड़ी सफलता मिली है। ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत संयुक्त गश्ती दल ने मंगलवार को धनबाद रेलवे स्टेशन के उत्तर दिशा स्थित यूटीएस काउंटर के पास एक मोबाइल चोर को रंगेहाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान प्रिंस अंसारी (22 वर्ष), पिता यूसुफ अंसारी, निवासी भट्टा मोहल्ला, पोलटेक्निक रोड, भूली ओपी, जिला धनबाद के रूप में हुई है। उसके पास से नीले रंग का ओपो ए15 स्मार्टफोन बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब ?12,000 आंकी गई है। जानकारी के अनुसार, चोरी की इस वारदात को उस समय अंजाम दिया गया जब पश्चिम बंगाल के श्रवण महतो निवासी तुईमाँ जो यूटीएस काउंटर के पास सो रहे थे। वह हावड़ा से धनबाद पहुंचे थे और सुबह में ट्रेन पकड़कर पुरुलिया लौटने की योजना थी। इसी दौरान मोबाइल चोरी हो गया। कुछ देर बाद जब उनके नंबर पर कॉल किया गया, तो मोबाइल आरपीएफ द्वारा पकड़े गए आरोपी के पास से बज उठा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को एएसआई जीबलाल राम की लिखित शिकायत के आधार पर जीआरपी धनबाद को सुपुर्द कर दिया गया। मामले में ऋख्ढ/ऊल्ठ के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

संसाधनों का सदुपयोग करें कृषक पाठशाला : उपायुक्त

धनबाद (नव प्रदेश)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने समेकित बिरसा ग्राम-सह-कृषक पाठशाला सहित कृषि विभाग की अन्य योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा करने के बाद उपायुक्त ने अलकडीहा, गोविंदपुर एवं टुंडी के कृषक पाठशाला को शीघ्र तैयार करने, उसमें केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन करने, अपने संसाधनों का सदुपयोग करने तथा कृषि विज्ञान केंद्र बलियापुर में 30-30 किसानों को भ्रमण कराकर उन्नत खेती करने का प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जल्दी ही जिला मुख्यालय से एक टीम, कृषि पदाधिकारी के साथ सभी केंद्रों का भ्रमण कर वस्तुस्थिति का आकलन करेगी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सुकर, 1000 ब्रायलर चिकन, 500 लेयर चिकन तथा चारा भंडारण कक्ष व मूत्र टैंक के साथ 5 गौवंश रखने के लिए शेड का निर्माण, कृषक पाठशाला में मत्स्य पालन, मशरूम कल्टीवेशन यूनिट सहित अन्य की समीक्षा की। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक झा के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

धनबाद टोयोटा ने पूर्वी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ डीलर का जीता पुरस्कार

धनबाद (नव प्रदेश)। धनबाद के गोविंदपूर स्थित टोयोटा के शोरूम धनबाद टोयोटा ने पूर्वी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ डीलर का पुरस्कार जीता है।इस सम्मान के लिए धनबाद टोयोटा के मालिक यश आदित्य को उनके शुभचिंतकों ने बधाई दी। शुभचिंतकों ने कहा यह उपलब्धि उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति उनके समर्पण को दशार्ती है। इस बाबत श्री यश ने बताया कि धनबाद टोयोटा में ग्राहकों की संतुष्टि सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि धनबाद टोयोटा सिर्फ गाड़ी नहीं भेजता है वह ग्राहकों से बेहतर संबंध स्थापित करने में विश्वास रखता है। शोरूम के कर्मचारियों को विशेष ताकीद किया जाता है कि ऐसा काम करें कि ग्राहकों को कोई परेशानी महसूस ना हो। गाड़ी बेचना ही उनकी प्राथमिकता नहीं होती है बल्कि उनकी प्राथमिकता होती है कि ग्राहक हमेशा संतुष्ट रहें। यश आदित्य ने बताया कि ग्राहकों के संतुष्ट होने से ग्राहक दूसरे ग्राहकों को फीडबैक देते हैं इससे हमारा शोरूम की प्रतिष्ठा ही नहीं बढ़ती है बल्कि टोयोटा की भी प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

आकाश रवानी को धनबाद जिला का शहरी जिला प्रवक्ता मनोनीत होने से कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल

धनबाद (नव प्रदेश)। झामुमो पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा आकाश रवानी को धनबाद जिला का शहरी जिला प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। आकाश रवानी को प्रवक्ता बनाए जाने से धनबाद जहां मोम कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष का माहौल है। आकाश रवानी ने इस नए जिम्मेदारी के लिए पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं झारखण्ड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडे, जिले के लोकप्रिय टुंडी विधायक मथुरा महतो, केंदीय सदस्य एवं मीडिया पैनलिस्ट डॉक्टर नीलम मिश्रा, साथ ही धनबाद जिला समित एवं महानगर समिति को भी विशेष आभार व्यक्त किया है। आकाश रवानी ने कहा कि मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को वैसे जिला में सत्ता का पक्ष रखने के लिए नियुक्त किया गया है, जिस धनबाद जिला में खुद पार्टी का जन्म हुआ है और पार्टी आज झारखंड में मजबूत रूप से सत्ता चला रही है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से वे पार्टी के भरोसे को बरकरार रखेंगे और विरोधियों को आईना दिखाने का निरंतर काम करते रहेंगे।

क्विज में सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

दुमका। हूल दिवस पर संताल लहांती बाईसी व छात्र समन्वय समिति द्वारा आयोजित क्विज के सफल प्रतिभागियों को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 627 प्रतिभागियों ने भाग लिया था. एसपी कॉलेज के सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ कुनूल कांडिर, विशिष्ट अतिथि एसपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव, दुमका के अंचलाधिकारी अमर कुमार और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत अधिकारी डॉ इनोसेंट सोरेन उपस्थित थे। शुरूआत अतिथियों ने सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की। मौके पर सफल प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कुलपति ने कहा कि क्विज के आयोजन से विद्यार्थियों के अंदर प्रतिस्पर्द्धा की भावना तैयार होती है। बेहतर करने की ललक पैदा होती है। निरंतर भागीदारी से उनमें निखार भी आता है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रम का आयोजन हमेशा जारी रखने के लिए समिति का धन्यवाद किया. सफल आयोजन में ठाकुर हांसदा, इमानुएल हेंब्रम, श्यामदेव हेंब्रम, राजीव बास्की, विमल कुमार टुडू, केराप मुर्मू, उपेंद्र मरांडी, भीमसेंट सोरेन, रामसेन सोरेन, विल्सन हेंब्रम की भूमिका अहम रही. प्रतियोगिता में केकेएएम कॉलेज पाकुड़ के खुशबू किस्कू, भीमसेंट मरांडी व प्रमोद मुर्मू, बीएसके कालेज बरहरवा के चार्लेस टुडू, चुनका मरांडी, मीठू हेंब्रम व कुबराज पावरिया, पीएमश्री केजीबीवी मसलिया में गीता पुजहर, प्रीति लोहार व वर्षा कुमारी, महुलपहाड़ी पाकुड़िया की फूलतोला मरांडी व उषा मुर्मू, एसपी कॉलेज किरण मरांडी, उषा मरांडी, सोनाली मुर्मू व सरिता हांसदा, नुनुधन टुडू, सुरेश हेंब्रम, सनातन मरांडी व आलोक मुर्मू तथा साहिबगंज कालेज के यशवंत कुमार हांसदा, सावन टुडू एवं रस्का हेंब्रम क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।

दुमका पुलिस ने साइबर सुरक्षा को ले संत टेरेसा की छात्राओं को किया जागरूक

दुमका । दुमका पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार के निर्देश पर दुमका के दुधानी स्थित संत तेरेसा स्कूल में विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया. इसका नेतृत्व प्रशिक्षु डीएसपी आकाश भारद्वाज ने किया. छात्र-छात्राओं को सशक्तिकरण, सुरक्षा, डिजिटल खतरे एवं करियर विकल्पों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गयी. छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, नेतृत्व के अवसरों को अपनाने, और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी गयी. यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा में कानूनी प्रक्रिया, रिपोर्टिंग प्रणाली एवं हेल्पलाइन नंबर (112, 181) की जानकारी दी. सोशल मीडिया पर सतर्कता, ओटीपी व लिंक से संबंधित धोखाधड़ी, और डिजिटल जीवन की सुरक्षा के लिए सुझाव दिया. कार्यक्रम में नगर थाना दुमका के उप निरीक्षक राजीव रंजन एवं महिला थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग ने भी भाग लिया. इन दोनों अधिकारियों ने छात्रों के साथ संवाद करते हुए जमीनी अनुभव, कानूनी उपाय, तथा सामाजिक सहयोग की भूमिका पर प्रकाश डाला. डीएसपी आकाश भारद्वाज ने कहा कि जब हम स्कूल स्तर से ही लड़कों और लड़कियों में समानता, सुरक्षा और आत्मबल की भावना जगाते हैं, तब जाकर सशक्त समाज की नींव पड़ती है. विद्यालय प्रशासन ने इस पहल की सराहना की।

भाषाई दुराग्रह

हमारी राजनीति का स्तर कितना नकारात्मक व अवसरवादी हो चला है कि महाराष्ट्र में हिंदी विरोध को राजनीति साधने का अस्त्र बना लिया गया। विडंबना यह है कि जिस राज्य से सारे देश को एकता के सूत्र में पिरोने की सामाजिक सांस्कृतिक मुहिम संघ द्वारा चलायी जा रही है, उसी राज्य से राष्ट्र की संपर्क भाषा के खिलाफ भाषायी कट्टरपंथ को हवा दी जा रही है। विसंगति देखिए कि मराठी भाषा के नाम पर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे बीस साल बाद एक मंच पर एकजुट हुए हैं। कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र में हिंदी विरोध पर भरत मिलाप हुआ है। कभी हिंदी विरोध के जो सुर तमिलनाडु में सुनायी देते थे, वे अब महाराष्ट्र में भी तेजी से मुखर हो रहे हैं। मुंबई को भारत की आर्थिक राजधानी कहा जाता है, जिसमें योगदान देने के लिये उत्तर भारत के राज्यों के तमाम लोगों योगदान देते हैं। जहां बनने वाली हिंदी फिल्में इस राज्य की समृद्धि का आधार रही हैं। उसी राज्य में हिंदी बोलने वालों लोगों से मारपीट तक के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। निश्चय ही ये भारत की संघीय अवधारणा की जड़ों पर प्रहार ही है। निश्चय रूप से इस सोच के मूल में भाजपा के राजनीतिक वर्चस्व को तोड़ना और मुंबई नगर निगम व राज्य की सत्ता पर काबिज होने की महत्वाकांक्षा ही है। लेकिन यह सोच राष्ट्रीय एकता व भाषायी सद्भाव को पलीता लगाने का ही कुत्सित प्रयास है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आजादी के सात दशक बाद भी देश में जनता को विकास व तार्किक मुद्दों के बजाय संकीर्ण अस्मिता के नाम पर बरगलाया जा रहा है।

उन मुद्दों को हवा दी जा रही है जिनके बूते महाराष्ट्र में शिव सेना अस्तित्व में आयी। विडंबना यही है कि ऐसे तत्वों को यदि राजनीतिक मंसूबे पूरा करने में सफलता मिलती है तो इसका नकारात्मक संदेश पूरे देश में जाएगा। बहुत संभव है कि देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी संकीर्ण भाषायी विरोध की राजनीति मुखर होने लगे। जो राष्ट्रीय एकता व सद्भाव के लिये एक बड़ी चुनौती होगी। निस्संदेह, भारतीय लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि राजनीतिक दल सकारात्मक मुद्दों व विकास की प्राथमिकताओं को अपना एजेंडा बनाएं।

ठाकरे भाईयों का मिलन

महाराष्ट्र की राजनीति में एक बड़ा घटनाक्रम उस वक्त देखने को मिला जब शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने लगभग 20 साल बाद मंच साझा किया। यह जश्न महाराष्ट्र सरकार द्वारा विवादास्पद त्रिभाषा नीति के सरकारी आदेश को वापस लेने के फैसले के बाद आयोजित किया गया। इस विजय रैली ने जहां एक तरफ मराठी अस्मिता और भाषा अधिकारों के मुद्दे को फिर से केन्द्र में ला दिया वहीं दूसरी ओर आगामी मुम्बई महानगर पालिका चुनावों और अन्य स्थानीय निकायों में संभावित गठबंधन को लेकर अटकलों का बाजार भी गर्म हो चुका है। एक बड़ी हिन्दी भाषी आबादी होने के बावजूद महाराष्ट्र में हिन्दी को लेकर विरोध को हवा मिलती रही है।

वजह है मराठी पहचान पर जोर, स्थानीय राजनीतिक दल इसे मुद्दा बनाते आए हैं। महाराष्ट्र में ये हिंदी विरोध आज की बात नहीं है, बल्कि ये पचास के दशक से चला आ रहा है, जो सियासी वजहों से रह-रहकर उफान मारता रहा है। पचास के दशक में तत्कालीन बॉम्बे स्टेट जिसमें आज का गुजरात और उत्तर-पश्चिम कर्नाटक भी आता था, वहां एक अलग मराठी भाषाई राज्य बनाने की मांग को लेकर संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन शुरू हुआ। साठ के दशक में आंदोलन का असर दिखा। संसद ने मुम्बई पुर्नगठन कानून पास किया जिसके बाद महाराष्ट्र और गुजरात दो अलग राज्य बने। इसके छह साल बाद जब बाला साहेब ठाकरे ने शिवसेना की स्थापना की तो उनका घोषित लक्ष्य था, बैंक की नौकरियों और कारोबार में दक्षिण भारतीयों और गुजराती लोगों के प्रभुत्व के खिलाफ मराठी मानुष को संरक्षण देना। मराठी भाषा, मराठी अस्मिता और मराठी लोगों के मुद्दे उठाकर शिवसेना ने महाराष्ट्र में गहरी पैठ बना ली। अस्सी के दशक में शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने दक्षिण भारतीयों और उत्तर प्रदेश और बिहार से आए प्रवासी उत्तर भारतीयों के खिलाफ लगातार रैली और आंदोलन किए। शिवसेना सत्ता में आई तो उसने दुकानों और संस्थानों में मराठी नेम प्लेट लगानी अनिवार्य कर दीं। बैंकों और सरकारी दफ्तर में भी मराठी में काम शुरू करवाया। शिवसेना यूबीटी के कार्यकर्ताओं ने एक दुकानदार को इसलिए पीटा क्योंकि वह मराठी नहीं बोल पाया ?था। मुम्बई और महाराष्ट्र में उत्तर भारत के लोगों को पहले भी मारा-पीटा जाता रहा। ठाकरे बंधुओं के मिलन से पहले मनसे कार्यकताओं ने उद्योगपति सुशील केडिया के कार्यालय में तोड़फोड़ की क्योंकि उन्होंने भी मराठी नहीं सीखने की बात कही थी। द?क्षिण भारत में भी हिन्दी के विरोध में मोचार्बंदी कर रखी है। ठाकरे बंधुओं का मेल-मिलाप विशुद्ध राजनीतिक कारणों से है, लेकिन दोनों ने मराठी गौरव को अपनाया और एक बार फिर हिन्दी के विरोध को हवा दी। यह कैसा तर्क है कि दोनों को हिन्दू हिन्दोस्तानी तो स्वीकार्य है, लेकिन हिन्दी नहीं। दरअसल भाषा का मुद्दा राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को भाजपा के खिलाफ एकजुट करता है। महाराष्ट्र की सरकार ने विरोध को देखते हुए पहली से पांचवीं कक्षा के छात्रों के लिए हिन्दी को अनिवार्य भाषा बनाने का आदेश बढ़ते राजनीतिक विरोध के चलते वापस ले लिया। देश में लगभग 65 करोड़ भारतीय हिन्दी जानते हैं, पढ़ते हैं और बोलते हैं। अहिन्दी भाषी राज्यों के राजनीतिज्ञ, कलाकार, लेखक हिन्दी सीखते हैं और बोलने का अभ्यास करते हैं। दक्षिण भारतीय फिल्मों को हिन्दी में डब कर रिलीज किया जाता है और नामी गिरामी द?क्षिण भारतीय फिल्म स्टारों की राष्ट्रीय छवि हिन्दी के माध्यम से ही बनी है। मुम्बई फिल्म उद्योग भी हिन्दी सिनेमा के सहारे ही करोड़ों रुपए का व्यापार करता है। सवाल यह है कि फिर हिन्दी का इतना तीखा विरोध क्यों? उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के मेल-मिलाप से महाराष्ट्र की राजनीति में समीकरण बदल सकते हैं। खासकर मुंबई, पुणे, नासिक और ठाणे जैसे मराठी-बहुल शहरी क्षेत्रों में, जहां दोनों दलों का मजबूत जनाधार रहा है। वर्ली, सेवरी, लालबाग, परेल, वडाला, भायखला, भांडुप, विक्रोली और चेंबूर जैसे इलाकों में यह तालमेल काफी असर डाल सकता है, ये ऐसे इलाके हैं, जहां इन दोनों पार्टियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलती है। ठाकरे ब्रदर्स के साथ आने से उनका वोट बैंक मजबूत होगा, जिससे उन्हें इन क्षेत्रों में जबरदस्त बढ़त मिल सकती है हालांकि ये गठबंधन आसान नहीं होगा। दोनों पार्टियों की विचारधाराएं, सांगठनिक संरचनाएं और अतीत की प्रतिद्वंद्विता अलग-अलग रही है। सीट बंटवारे से लेकर नेतृत्व के मुद्दों तक कई चुनौतियां सामने आ सकती हैं। दोनों नेताओं को एकसाथ आने के लिए आंतरिक असंतोष और प्रतिस्पर्धी महत्वाकांक्षाओं को खत्म करना होगा। वर्ली की रैली, दरअसल इस बात का भी लिटमस टेस्ट था कि क्या ठाकरे बंधु मराठी जनमत को एकजुट कर सकते हैं। फिलहाल दोनों ने अपने कोर वोट बैंक को साधने की कोशिश की है लेकिन हिन्दी विरोध के नाम पर हिंसा को उचित नहीं ठहराया जा सकता। अब सबकी नजर ठाकरे बंधुओं की अगली राणनीति पर है। देखना होगा कि अब महाराष्ट्र की सियासत क्या करवट लेते हैं?

आरएसएस की पसंद का होगा नड्डा का उत्तराधिकारी

यह दिलचस्प है कि पिछले दो हफ्तों में नियुक्त किए गए सभी नौ नए भाजपा प्रमुख आरएसएस के कम प्रोफाइल वाले कार्यकर्ता हैं। ऐसा लगता है कि हाईफाई नेताओं के बजाय धरातल पर काम करने वाले संघ के कार्यकताओं को कमान देकर यह संदेश दिया गया है कि पार्टी के लिये काम करने वालों को संगठन में उचित सम्मान मिलेगा। जे.पी. नड्डा के उत्तराधिकारी के रूप में नए पार्टी अध्यक्ष की नियुक्ति में भी किसी ऐसे ही व्यक्ति को कमान दी जा सकती है जो चुपचाप काम करने में यकीन रखता हो। चुनाव प्रक्रिया में समर्पित कार्यकर्ताओं को तरजीह देकर आरएसएस ने दिखाया है कि पार्टी और संगठन के लिये काम करने वालों का ध्यान रखा जाएगा।

संघ के समर्पित कार्यकताओं में से ही राज्यों में भाजपा की कमान संभाली, जिसमें चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल भी शामिल है। भाजपा के हलकों में इस बात की अटकलें लगाई जा रही हैं कि आरएसएस नए पार्टी अध्यक्ष को लेकर मंथन कर रही है और भाजपा अध्यक्ष को लेकर संघ की राय अहम होगी। नड्डा का कार्यकाल दिसंबर 2023 में समाप्त हो गया था लेकिन भाजपा अभी तक उनके उत्तराधिकारी का चयन नहीं कर पाई है। इस बार कोई चौंकाने वाला नाम सामने आ सकता है।

ट्रंप के रवैये को लेकर सतर्कता बरत रही मोदी सरकार

मोदी सरकार ट्रम्प प्रशासन के साथ अपने व्यवहार में सावधानी बरतना सीख रही है। ऐसा तब हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बार-बार दावा किया था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर के बाद संघर्ष विराम की मध्यस्थता की थी। हाल ही में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अपने अमेरिकी समकक्ष पीट हेगसेथ के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद रक्षा मंत्रालय द्वारा राजनाथ सिंह की हेगसेथ के साथ अपनी बातचीत में तथ्यों का खास ध्यान रखा गया। इसीलिए इस बातचीत से जुड़ी रिपोर्ट में पाकिस्तान या पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का कोई उल्लेख नहीं था। इसमें आतंकवाद का व्यापक संदर्भ था, लेकिन किसी देश का नाम नहीं था। जाहिर है, रक्षा मंत्रालय सोच-समझ कर आगे बढ़ रहा है। इस संदर्भ में बस इतना कहा गया कि राजनाथ सिंह और हेगसेथ ने सभी तरह के आतंकवाद से लड़ने की आवश्यकता की पुष्टि की है। यह तथ्य उस समय उभर कर सामने आया जब खबर आई कि वाशिंगटन में क्वाड मीटिंग में आतंकवाद और हाल ही में पहलगाम नरसंहार के संदर्भ में पाकिस्तान का उल्लेख करने से परहेज किया गया था। क्वाड के संयुक्त बयान में आतंकवाद की निंदा की गई, लेकिन इस संदर्भ में पाकिस्तान या किसी अन्य देश का जिक्र नहीं किया गया। इन दिनों अमेरिका के साथ व्यवहार करते समय सावधानी बरतना नया मंत्र है। ट्रंप प्रशासन स्थापित कूटनीतिक नियमों के अनुसार चलने से इनकार करता है।

आदिवासियों के लिये शिवराज चौहान अपनी सरकार के सामने अड़े :

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भले ही शारीरिक रूप से दिल्ली में हों, लेकिन उनका दिल और दिमाग अभी भी मध्य प्रदेश में है, जहां वे तीन कार्यकाल तक मुख्यमंत्री रहे। हालांकि उनके सहयोगी इस बात से इनकार करते हैं कि वे राज्य में शासन के मुद्दों में हस्तक्षेप कर रहे हैं, लेकिन चौहान जमीनी स्तर पर अपनी बात रखते हैं और अपने पास आने वाले लोगों की मदद करने के लिए आगे आते हैं। उनकी सबसे हालिया सक्रियता सीहोर और देवास जिलों में विरोध प्रदर्शन कर रहे आदिवासियों का समर्थन करना था, जब उनके घरों को प्रस्तावित सरदार वल्लभभाई वन्य जीव अभयारण्य बनाने के लिए ध्वस्त कर दिया गया था। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की नाराजगी के बावजूद, चौहान प्रदर्शनकारियों के साथ उनसे मिलने भी गए। आदिवासियों के साथ चौहान की मुलाकात के बाद मोहन यादव ने अपने अधिकारियों को अभयारण्य की योजना को रोकने का आदेश दिया। चौहान को मध्य प्रदेश में मामा के नाम से जाना जाता था। जाहिर है, वे राज्य के लोगों के लिए बहुत प्यारे मामा हैं।

कुलदीप पठानिया की पहल

विधानसभा का तपोवन परिसर लोकतांत्रिक प्रतिष्ठा के सवालों पर एक ऐसी मंत्रणा तक पहुंचा, जहां देश के सियासी चरित्र पर खुलकर बात हुई। दलबदल कानून की पैरवी में हिमाचल ने सारे राष्ट्र को मूलमंत्र दिया है। ऐसे में धूमकेतु की तरह भारतीय लोकतंत्र पर चिंतन का प्रकाश कौंधा है। इस सब के पीछे हिमाचल विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया का नजरिया कई तरह से सामने आया। यह पहली पहल है जिसने तपोवन परिसर में कई खिड़कियां खोल दीं और राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के तत्वावधान में राष्ट्रीय चिंतन का ध्वजारोहण हुआ। इस तरह तपोवन परिसर के कालीन बदलने के बजाय जन प्रतिनिधियों के मानसिक पटल पर प्रभावशाली दस्तक दी गई। कहना न होगा कि हिमाचल यह संदेश देने में कामयाब हो गया कि दलबदल एक लोकतांत्रिक अपराध है और जिसने हिमाचल के चरित्र को भी सडक पर बिकने को तैयार कर दिया था। यहां हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष की गणना एक श्रेष्ठ संवैधानिक पुरुष के रूप में तब हुई जब राज्यसभा की चुनाव प्रक्रिया में सत्ता रूढ़ कांग्रेस और निर्दलीय विधायकों ने लोकतांत्रिक परंपराओं की दीवारें फांदी थी।

प्रयोगों ने मार दिया गुरु

हमारी शिक्षा व्यवस्था एक बच्चे के बाल्यकाल से जवानी के कम से कम ढाई दशक ले लेती है। व्यक्तित्व मूल्यांकन की कसौटी पर चढ़ते हैं अभिभावक, जबकि बच्चों के जीवन के पहले 25 वर्ष स्कूल, कालेज व विश्वविद्यालय के प्रांगणों में गुजर जाते हैं। प्रांगण बढ़ते गए, लेकिन बच्चों के जिंदगी के 25 साल जाया होने लगे। जिंदगी की कल्पना, भविष्य की ऊर्जा और सपनों की चहलकदमी शिक्षण संस्थानों में होनी चाहिए, लेकिन वहां महज परीक्षा के मूल्यांकन ने समाज का सोच और शिक्षा का इतिहास बदल दिया। प्रयोग इतने कि शिक्षक व्यवस्था का कर्मचारी और विभिन्न नीतियों का बंधुआ हो गया। शिक्षा और छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण से इतर अगर शिक्षक को अपनी कलम घिसनी पड़े, तो यह श्रम साधना नहीं, बल्कि शिक्षा को आगे धकेलना है। बेशक कारण बताओ नोटिस की फांस शिक्षक को जवाबदेह बना सकती है, लेकिन सरकारी स्कूलों की मिट्टी में अब बचा क्या है। सर्वेक्षण करवा कर देखें कि सरकारी स्कूलों में प्रवेश पाने वाले बच्चों के अभिभावक सिर्फ इसलिए उन्हें वहां भेज रहे हैं ताकि फिर वे अपने बच्चों के प्रति बेपरवाह-लापरवाह होकर निश्चिंत रहें। जाहिर है सरकारी स्कूलों में अगर उत्साहपूर्वक माहौल नहीं रहा, तो नीतियों और कार्यक्रमों की लंबी फाइलें भी दोषी हैं। आश्चर्य यह है कि स्कूली बच्चों के व्यक्तित्व, भविष्य और ज्ञान के निर्माण में हो क्या रहा है। हमने स्कूलों में शिक्षा का परिवेश स्थापित नहीं किया। विभाग वार्षिक अवकाशों की गुगली फेंकता है, तो स्थानांतरण के नाम पर सियासत के करिश्मे अध्यापकों के बहुतायत वर्ग को कार्यकर्ता बना देते हैं। पढ़ाने से किस शिक्षक को मन पसंद स्टेशन मिला, उसे तो राजनीति की दुम हिलाने से पुरस्कार मिलते हैं। जिन्हें पुरस्कार मिलते हैं या मिल चुके हैं, क्या वे बेहतर पीढ़ी बना पाए। हमारा मानना है शिक्षा के लिए शिक्षक का अधिकतम योगदान कलम-दबात और क्लास रूम के घंटों में निरुपित होना चाहिए। इसके लिए शिक्षा की मान्यताएं व स्कूलों के वार्षिक समारोह के मुख्यातिथि भी बदलने होंगे।

इलाके के पूर्व सैन्य अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, चर्चित वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, शिक्षाविदों, खिलाडि?ों, स्वयं सहायता समूहों के संचालकों, सफल उद्योगपतियों, व्यापारियों और समाजसेवी इत्यादि को ऐसे समारोह में बुलाया जाना चाहिए। शिक्षण संस्थाओं को राजनीति से दूर करने के लिए क्या इनके साथ चस्पां नेताओं के नाम हटाए जाएंगे। बहरहाल, बात उन बदलावों की करें तो हिमाचल सरकार ने शिक्षण संस्थानों की उपयोगिता के कुछ भौतिक मानदंड बनाए हैं और इसीलिए 546 स्कूलों को मर्ज या बंद करने की प्रक्रिया चल रही है। 78 स्कूल जो पहले ब्वायज या गर्ल्ज के नाम थे अब संयुक्त परिपाटी में घट कर कम हो जाएंगे। ऐसे या शहरी स्कूलों के कुछ परिसर डे बोर्डिंग में परिवर्तित करके वहां सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत संचालन की घोषणा अपने आप में साहसिक व निपुण फैसला है। इसी तर्ज पर प्रदेश सरकार 75 से कम संख्या के सरकारी कालेजों को बंद करने के तर्क पर काम कर रही है। अगर बीस-पच्चीस कालेज बंद भी होते हैं, तो इससे शिक्षा की गुणवत्ता व व्यावहारिकता में ही असर होगा। मंत्री महोदय को हिमाचल के सरकारी विश्वविद्यालयों पर भी विवेचन करना चाहिए। मंडी व हमीरपुर के तकनीकी विश्वविद्यालयों के आंचल में ऐसा क्या नया है कि हमारा अध्ययन शोध और नवाचार की नई सीढियां चढ़ गया। हिमाचल के उपभोक्ता से पूछें या बंजर खेत की किसानी से पूछें कि कृषि विश्वविद्यालय का असली योगदान है कहां। बागबानी विश्वविद्यालय की पौध से पूछें या किसी निजी नर्सरी में बिकते फलदार पौधों की गुणवत्ता से तौल कर सरकारी संस्थान को नकार दें। आखिर कितने एमबीए, एमसीए और दूसरे पाठ्यक्रम चलाकर आप हिमाचल के बच्चों को स्वरोजगार से जोड़ेंगे। खुलासा स्कूली शिक्षक का आसानी से हो जाता है, लेकिन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और मेडिकल कालेज की फैकल्टी से कौन पूछेगा कि उनकी पढ़ाई का स्तर क्यों श्रेष्ठता में दर्ज नहीं हो रहा।

भारत के तीन दुश्मन

भारत के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के एक महत्वपूर्ण पक्ष का रहस्योद्घाटन किया है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रत्यक्ष संघर्ष लड़ा था, लेकिन चीन और तुर्किए भी भारत के प्रत्यक्ष दुश्मन की भूमिका में थे। चीन ने पाकिस्तान की हरसंभव मदद की और खुफिया सूचनाएं भी साझा कीं। चीन ने सेटेलाइट और अन्य माध्यमों के जरिए खुफिया लीड्स हासिल कीं कि भारत की सैन्य तैयारियां कैसी और क्या हैं? कहां, कौनसा लड़ाकू विमान, मिसाइलों सहित, मौजूद है और कभी भी हमला कर सकता है। चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को ह्यलाइव लैबह्ण की तरह खूब इस्तेमाल किया और अपने हथियारों और सैन्य उपकरणों की टेस्टिंग की। बेहद संवेदनशील पक्ष यह था कि जब दोनों देशों के डीजीएमओ में बातचीत चल रही थी, तो पाक डीजीएमओ ने हमारे समकक्ष अधिकारी को कहा था कि भारत का एक अहम वेक्टर तैयार है। भारत पहले उसे हटा कर पीछे करे। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सवाल उठाया कि इतनी महीन और सटीक जानकारी पाक डीजीएमओ को कहां से मिली? जाहिर है कि ऐसे खुफिया इनपुट चीन ने ही पाकिस्तान को दिए थे। बेशक यह चीन की प्राचीन सैन्य रणनीति 36 स्ट्रैटेजम्स में से एक थी। इसके मायने हैं-किराए की छुरी से वार करना। अर्थात इस रणनीति के तहत चीन ने, भारत के खिलाफ, पाकिस्तान को ह्यकिराए की छुरी के तौर पर इस्तेमाल किया। इस तरह ऑपरेशन सिंदूर संघर्ष के दौरान भारत को एक साथ तीन मोर्चों-पाकिस्तान, चीन, तुर्किए-पर लड़ा पड़ा। ये तीनों ही देश ह्यभारत के दुश्मन साबित हुए और भविष्य में भारत का विरोध करते रहेंगे, यह बिल्कुल तय है। लिहाजा हमें अपनी सैन्य तैयारियां उसी स्तर की करनी होंगी। सेना ऐसा कर भी रही है। पाकिस्तान के पास जो हथियार, विमान हैं, उनमें से करीब 81 फीसदी चीन ने उसे बेचे अथवा उधार पर मुहैया कराए हैं। तुर्किए ने पाकिस्तान को आधुनिक ड्रोन ही नहीं दिए, बल्कि उसके लड़ाकों और पायलटों ने भी पाकिस्तान की ओर से संघर्ष में शिरकत की, लेकिन न तो चीन और न ही तुर्किए संघर्ष की दशा और दिशा बदल सके। भारत के हवाई हमलों ने चीन की मिसाइलें और तुर्किए के ड्रोन, हवा में ही, चकनाचूर कर दिए। पाकिस्तान के जितने एयरबेस और उधार के लड़ाकू विमानों को हमारी सेना ने मिट्टी-मलबा किया, उसके खुलासे दुनिया के सामने हैं। पाकिस्तान सैन्य रूप से कब तक हमलावर की स्थिति में लौट पाएगा, इसमें सालों भी लग सकते हैं। उप सेना प्रमुख ने ये तमाम खुलासे उद्योगपतियों के संगठन फिक्की के मंच से किए। उन्होंने वह मंच ही क्यों चुना? क्या निवेश का आह्वान किया जाना था? उप सेना प्रमुख ने ही लगभग दो माह बाद यह रहस्योद्घाटन क्यों किया? क्या सरकार के शीर्ष स्तरों से उन्हें यह काम करने का दायित्व सौंपा गया, कई सवाल हैं।

स्पेस में प्राइवेट सैक्टर की पॉवर

एक्सिओम-4 मिशन यानी एएक्स-4 एक कमर्शियल स्पेस मिशन है जिसे अमेरिका की प्राइवेट कंपनी एक्सिओम स्पेस चला रही है। एक्सिओम-4 मिशन में शुभांशु शुक्ला की सीट के लिए इसरो ने करीब 500 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। हालांकि यह रकम पहली नजर में भारी लग सकती है लेकिन देखा जाए तो ये निवेश है। आने वाले समय में यही निवेश भारत को अंतरिक्ष अनुसंधान और मानव मिशन की दिशा में नई ऊंचाई देगा। यह ट्रेनिंग, रिसर्च और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की दिशा में बड़ा कदम है। शुभांशु शुक्ला न केवल मिशन के पायलट हैं, बल्कि 14 दिन तक आईएसएस में रहकर विज्ञान से जुड़े 60 प्रयोगों में हिस्सा भी लेंगे। इन प्रयोगों में 7 भारत के इसरो द्वारा डिजाइन किए गए हैं। इनमें माइक्रोएल्गी को स्पेस में उगाने, स्पेस में मसल लॉस का अध्ययन, बीजों के विकास, कंप्यूटर स्क्रीन के प्रभाव और टार्डिग्रेड जैसे जीवों की स्पेस में ताकत की जांच शामिल है। इन एक्सपेरिमेंट्स से भविष्य में स्पेस में खेती करने, लंबे अंतरिक्ष मिशनों के दौरान मानव शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव को समझने और स्पेस मिशनों में जीवन सपोर्ट के नए तरीके खोजने में मदद मिलेगी।

अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर 286 दिनों की अनिश्चितता और 4,576 बार पृथ्वी की परिक्रमा करने के बाद आखिरकार फ्लोरिडा तट के पास सुरक्षित लैंड कर गए। दोनों अंतरिक्ष यात्री स्पेसएक्स के कैप्सूल में वापस लौटे, जबकि उन्होंने अपनी यात्रा बोइंग के नए स्टार लाइनर यान से शुरू की थी। इस मिशन ने एक बार फिर अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों की बढ़ती भूमिका को दशार्या है। यह गगनयान जैसे भारतीय मानव मिशनों की तैयारी में भी मददगार साबित होगा। अंतरिक्ष में अब सरकारों के नहीं, बल्कि निजी कंपनियों के अंतरिक्ष स्टेशन बनने जा रहे हैं। एक्सिओम-4 मिशन के साथ इस दौड़ ने नई रफ्तार पकड़ ली है। एक्सिओम स्पेस के अलावा ब्लू ओरिजिन, वोयेगर स्पेस, नॉर्थरप ग्रुमैन और वास्ट जैसी बड़ी कंपनियां ऐसे अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की होड़ में हैं, जहां भविष्य में आम लोग भी कुछ लाख डॉलर खर्च कर शून्य गुरुत्वाकर्षण का अनुभव ले सकेंगे। न केवल अंतरिक्ष पर्यटन, बल्कि चिकित्सा अनुसंधान, उच्च तकनीकी निर्माण और फिल्म शूटिंग के लिए भी ये स्टेशन बड़े केंद्र बनेंगे। 2030 तक सेवानिवृत्त होगा आईएसएस। वर्ष 2030 के बाद जब अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) सेवानिवृत्त होगा, तब ये निजी स्टेशन अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति का नया अध्याय शुरू करेंगे।

भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र निजी कंपनियों की बढ़ती भागीदारी के साथ बदलाव के दौर में है। इसरो ने उपग्रह लांचर निर्माण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को सौंपकर पुनः प्रयोज्य रॉकेट और कक्षीय सुरक्षा जैसी तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया है। यह स्काईरूट, अग्निकुल और पिक्सल जैसे स्टार्टअप्स के प्रयासों को मजबूती देता है। वैश्विक अंतरिक्ष हब बनने की राह में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र का तालमेल बेहद अहम है।

वर्ष 2020 में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र की स्थापना एक ऐतिहासिक बदलाव था जिससे भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्रों की भागीदारी बढ़ गई। इसरो और गैर-सरकारी संस्थाओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देकर इन-स्पेस ने उपग्रह प्रक्षेपण और अंतरिक्ष-आधारित सेवाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी को काफी हद तक बढ़ा दिया है। उदाहरण के लिये एक निजी कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस वर्ष 2022 में सबऑर्बिटल रॉकेट, विक्रम-एस लॉन्च करने वाली पहली कंपनी बन गई। भारत के अंतरिक्ष स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में तीव्र वृद्धि देखी गई है, जिसमें अग्निकुल कॉसमॉस और ध्रुव स्पेस जैसे स्टार्टअप प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी, उपग्रह निर्माण और अंतरिक्ष सेवाओं में अग्रणी हैं। सिर्फ वर्ष 2021 में ही भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप्स ने 68 मिलियन डॉलर का निवेश प्राप्त किया, जो वर्ष-दर-वर्ष 196 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। महत्वपूर्ण अंतरिक्ष अवसंरचना के निर्माण के लिये इसरो और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, गोदरेज एयरोस्पेस और एल एंड टी जैसी उद्योग की दिग्गज कंपनियों के बीच साझेदारी के माध्यम से सार्वजनिक-निजी सहयोग को और बढ़ावा मिला है। ये कंपनियां प्रक्षेपण वाहनों, अंतरिक्ष यान और उपग्रह उप-प्रणालियों के लिये घटकों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं जिससे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ती है। आज हमारे पास अंतरिक्ष अवशेष प्रबंधन, नैनो उपग्रह, प्रक्षेपण यान, ग्राउंड सिस्टम, अनुसंधान जैसे नवीनतम क्षेत्रों में काम करने वाले 250 स्टार्टअप मौजूद हैं। पिछले साल से अब तक भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग और भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के साथ नई ऊंचाइयों को छुआ। भारत का लक्ष्य अब 2035 तक ह्यभारतीय अंतरिक्ष स्टेशनह्ण स्थापित करने और 2040 तक पहले भारतीय को चंद्रमा पर भेजने का है।

निःसंदेह, अंतरिक्ष के क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी बढ़ने से देश को बड़ा फायदा होगा। असल में इसरो के मुताबिक वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का मूल्य करीब तीन सौ साठ अरब डॉलर है लेकिन भारत की इसमें सिर्फ दो प्रतिशत की हिस्सेदारी है। इसरो का अनुमान है कि देश 2030 तक इस हिस्सेदारी को बढ़ा कर नौ प्रतिशत तक ले जा सकता है।

उपायुक्त ने राजस्व संग्रहण की समीक्षा बैठक की, सभी विभागों को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के निर्देश

भू-लगान, निबंधन,दाखिल-खारिज मामले की समीक्षा,पांकी व सदर सीओ पर राइट टू सर्विस एक्ट के तहत जुर्माना लगाने के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर पलामू/ उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने मंगलवार को राजस्व से जुड़े सभी विभागों को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि राजस्व उगाही में सभी रुकावटों को दूर करते हुए, लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहें।उन्होंने सभी संबंधित अधिकारी को अपने-अपने विभाग में राजस्व वसूलने के लिए, किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की बात कही गयी।उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण जिले की कार्यप्रणाली का अहम हिस्सा है।इस कार्य में पारदर्शिता आवश्यक है,उन्होंने पदाधिकारियों को लोगों को कर भुगतान करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त समाहरणालय के सभाकक्ष में राजस्व संग्रहण की वर्तमान स्थिति पर विभागीय प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक कर रही थीं।

खनन क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लाये

उपायुक्त ने खनन विभाग की समीक्षा की,बताया गया कि इस वित्तिय वर्ष में अबतक वार्षिक लक्ष्य अप्राप्त है।इस दौरान पिछले वर्ष के लक्ष्य के आधार पर समीक्षा किया गया,इस दौरान पाया गया कि पिछले साल प्राप्त लक्ष्य के आधार पर अबतक 13 प्रतिशत वसूली किया गया है।ज्ञातव्य है कि वित्तिय वर्ष 2024-25 में खनन विभाग का वार्षिक लक्ष्य 41357 लाख रुपये का था।डीसी ने खान निरीक्षक को खनन के क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लाने की बात कही।उन्होंने राजस्व उगाही को लेकर कहा कि इसमें जो भी कारक बाधक हैं,उन्हें यथाशीघ्र दूर कर लक्ष्य प्राप्त करें। परिवहन विभाग की भी हुई समीक्षा इसी तरह परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पाया कि विभाग को वर्तमान वित्तिय वर्ष में 7608.30 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य दिया गया था। जिसके विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा अबतक 2230.59 लाख रुपये की राजस्व वसूली कर ली गयी है।इस दौरान उपायुक्त ने डीटीओ से कहा कि अगली माह होने वाली सड़क सुरक्षा की मीटिंग में यह आंकड़ा बढ़ा मिले यह सुनिश्चित करें।

उत्पाद अधीक्षक को लगातार छापामारी करने का दिया निर्देश

उत्पाद विभाग की समीक्षा के दौरान उत्पाद अधीक्षक ने उपायुक्त को बताया कि उत्पाद विभाग को 14000 लाख रुपए वसूली का वार्षिक लक्ष्य दिया गया था जिसके विरुद्ध जून माह तक 3117.01 लाख रुपये के राजस्व वसूली कर ली गयी है जो 22 प्रतिशत है,इसी तरह अवर निबंधन,राष्ट्रीय बचत विभाग,नगर निगम,विद्युत आपूर्ति विभाग की भी समीक्षा की गयी। इसी तरह उपायुक्त ने सरकार के विभिन्न विभागों को भूमि हस्तांतरण हेतु लंबित भूमि के विवरणी का अंचलवार समीक्षा किया गया। बैठक में पर्याप्त जानकारी नहीं होने पर पर डीसी ने हुसैनाबाद सीओ के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी से स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी बैठक में उचित जानकारी व मीटिंग से जुड़े सभी प्रतिवेदन के साथ भाग लेना सुनिश्चित करें। बैठक में भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारिज, सकसेशन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन और भूमि सीमांकन की भी समीक्षा की गयी।

लातेहारः डुमारो पंचायत के निंद्रा गांव में मनरेगा घोटाला उजागर, फर्जी खातों से की गई लाखों की अवैध निकासी

लाभुकों की राशि दलालों ने उड़ाई

बबलू खान

नवप्रदेश/लातेहार। चंदवा प्रखंड अंतर्गत डुमारो पंचायत के निंद्रा गांव में मनरेगा योजना के तहत भारी वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में विकास योजनाओं का लाभ सीधे गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही मनरेगा योजना अब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती दिख रही है। गांव के भुक्तभोगी ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत प्रतिनिधियों, सरकारी कर्मियों और स्थानीय दलालों की मिलीभगत से गरीब मजदूरों के खातों से लाखों रुपये अवैध तरीके से निकाल लिए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम+पोस्ट-निंद्रा, पंचायत-डुमारो, थाना-चंदवा में मनरेगा कार्यों के नाम पर अवैध निकासी धड़ल्ले से चल रही है। इसमें मनरेगा से जुड़े तथाकथित दलालों की प्रमुख भूमिका बताई गई है। विशेष रूप से दो व्यक्तियों झ (1) बिरेन्द्र यादव, पिता- नागेश्वर गोप और (2) प्रफुल यादव, पिता- रमेश यादव, दोनों ग्राम निंद्रा निवासी झ पर आरोप है कि उन्होंने पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और प्रखंड स्तर के अन्य कर्मचारियों से मिलीभगत कर मनरेगा मजदूरों के खातों से अवैध तरीके से राशि निकाल ली।

भुक्तभोगी ग्रामीणों का कहना है कि इन दलालों ने मजदूरों के बैंक खातों की जानकारी और अंगूठा छाप का गलत उपयोग कर पैसे निकाले। मामला केवल मनरेगा मजदूरी तक सीमित नहीं रहा, बागवानी जैसे योजनाओं की राशि भी दलालों के हाथों में चली गई। पीड़ितों के अनुसार, उन्हें न तो कार्यस्थल की पूरी जानकारी दी जाती है और न ही मजदूरी का हिसाब। खाते में पैसा आता है, लेकिन बिना उनकी जानकारी के निकाल लिया जाता है। जब वे बैंक में जानकारी लेने जाते हैं तो पता चलता है कि राशि पहले ही निकाली जा चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि जब उन्होंने इस घोटाले की जानकारी लेने की कोशिश की तो पंचायत सचिव और रोजगार सेवक टाल-मटोल करने लगे। उन्हें किसी स्पष्ट जवाब के बजाय धमकी या बहाना देकर चुप रहने को कहा गया। इससे साफ संकेत मिलता है कि इस घोटाले में ऊपरी स्तर से लेकर निचले स्तर तक की मिलीभगत है।

इस पूरे प्रकरण से यह स्पष्ट होता है कि ग्राम निंद्रा में आदिवासी मजदूरों का हक छीनने का एक सुनियोजित प्रयास चल रहा है। दलालों और जनप्रतिनिधियों की यह सांठगांठ न सिर्फ कानून का उल्लंघन है बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक अपराध भी है। जो योजनाएं गरीबों की स्थिति सुधारने के लिए बनी थीं, वे अब भ्रष्टाचारियों की जेब भरने का जरिया बन गई हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस घोटाले की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए। साथ ही इस पूरे मामले में संलिप्त दलालों, पंचायत प्रतिनिधियों, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और अन्य संबंधित कर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही लाभुकों के खाते से की गई अवैध निकासी की भरपाई की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पारदर्शिता और निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाए।

यह मामला शासन-प्रशासन के लिए चेतावनी है कि अगर समय रहते भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो जनकल्याणकारी योजनाएं जनता तक पहुंचने से पहले ही लूट ली जाएंगी। मनरेगा जैसी योजना, जो गांवों में बेरोजगार मजदूरों को जीवन-निर्वाह का साधन देती है, अगर इसी तरह भ्रष्टाचार की चपेट में आती रही तो ग्रामीण भारत के विकास का सपना अधूरा रह जाएगा।

जांच व कार्रवाई की मांगः

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, लातेहार उपायुक्त, चंदवा बीडीओ और झारखंड सरकार से अपील की है कि इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जेल भेजा जाए। साथ ही मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता लाने हेतु सोशल ऑडिट, ग्रामसभा की सक्रियता और डिजिटल निगरानी प्रणाली को लागू करने की मांग की गई है। मौके पर शंकर ताना भगत संतोष कुमार गंझू , फाल्गुनी देवी लकी कुमार मुनेश्वर लोहार चिंतामणि जुगनी देवी डब्लू पठान कलावती देवी महावीर ठाकुर लक्ष्मी देवी सुखिया देवी सरिता देवी गोपाल यादव फिकु उरांव बेरे देवी मंगिया देवी नगीया देवी उराँव पुष्पा देवी गुलशन लेबन मिंज सुतिया मिंज मनोज मिंज बिरजु मुण्डा कुसमनि देवी शिवा मुण्डा कुकुराज कुम्भ, सुनीता देवी प्रमिल देवी समेत और भी दर्जनों लोग उपस्थित थे।

निष्कर्ष

निंद्रा गांव का यह मामला केवल एक गांव का नहीं, बल्कि लातेहार पूरे में मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में फैले भ्रष्टाचार की बानगी है। अगर अब भी समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो गरीबों की उम्मीदों की यह योजना सिर्फ कागजों में सिमट कर रह जाएगी।

जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, निदान को लेकर दिए कई आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश

नवप्रदेश/लातेहार। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एकएक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। प्रखंड गारू पंचायत हेठाटोली के ग्राम हेठाटोली के ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन देते हुए ग्रामज्ञ हेठाटोली में ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। आवेदन को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को ग्राम-हेठाटोली में ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। थानाझ गारू, पंचायत कोटाम, टोला डुमाखाड़ के निवासी राजेंद्र परहिया ने टोला डुमाखाड़ में एक भी चापाकल नहीं होने से ग्रामीणों को पानी की हो रही समस्या से उपायुक्त महोदय को अवगत कराते हुए टोला डुमाखाड़ में चापाकल लगवाने की मांग रखी। आवेदन को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित कर त्वरित करवाई करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखीं तथा लोगों से प्राप्त आवेदन के आलोक में उपायुक्त ने समस्या निदान के लिए नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका के चयन से संबंधित, प्रतिनियोजना, आवास बनवाने में रोकने , नामांकन, आवास संबंधी जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित कर सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए , समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

खबर का असरः कामता छेत्र को चंदवा बिजली फीडर से जोड़ने, प्रखंड में बिजली आपूर्ति सुधार के लिए कार्यपालक अभियंता को धन्यवाद

करीब एक माह पहले कामता छेत्र को चंदवा बिजली फीडर से हटाकर नगर फीडर में जोड़ दिया गया था इससे बिजली संकट से जूझ रहे थे

किसानों में इसको लेकर नाराजगी थी, प्रखंड में बिजली आपूर्ति ठीक करने, कामता छेत्र को चंदवा फीडर से जोड़ने को लेकर दिन में मुमबत्ती जलाकर किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया था

चंदवा फीडर से जुड़ने पर किसानों ने राहत की सांस ली है

नवप्रदेश/चंदवा। कामता छेत्र को नगर बिजली फीडर से हटाकर चंदवा फीडर मे जोड़ने के लिए किसान नेता सह पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता को थैंक्यू कहा है साथ ही किसानों की इस मामले को प्रमुखता से उठाने के लिए मीडिया को धन्यवाद देकर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा हैं कि पहले से ही कामता बेलवाही कुजरी गांव चंदवा बिजली फीडर से जुड़ा हुआ था परंतु इधर करीब एक माह पहले चंदवा फीडर से हटाकर नगर फीडर में जोड़ दिया गया था।नगर फीडर से जोड़ दिए जाने के कारण कामता बेलवाही कुजरी क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति कम हो गई थी हमेशा बाधित रहतीं थी फॉल्ट होने की शिकायत बढ़ गई थी इसके कारण बिजली संकट का सामना किसानों को करना पड़ रहा था। अयुब खान ने इस समस्या से कार्यपालक अभियंता को अवगत करवाकर उनसे इस छेत्र की बिजली फीडर को चंदवा फीडर से जोड़ने का अनुरोध किया था, इधर प्रखंड समेत ग्रामीण छेत्र में तीन दिनों से बिजली संकट गहरा गया था इस समस्या समाधान की मांग को लेकर सोमवार को किसानों ने कामता ट्रांसफार्मर के समक्ष मुमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन बिजली व्यवस्था में सुधार कर कामता बेलवाही कुजरी छेत्र को चंदवा बिजली फीडर सेपरेशन जोड़ने की आग्रह जिला प्रशासन और विभाग के वरिय अधिकारियों से किया था इसके बाद मंगलवार सुबह को इस छेत्र की बिजली व्यवस्था को नगर फीडर से हटाकर चंदवा फीडर से जोड़ दिया गया है। चंदवा बिजली फीडर से जोड़ दिए जाने से गांव के किसानों ने राहत की सांस ली है और यह बड़ी राहत की बात है, किसानों को उम्मीद और विश्वास है कि अब इस छेत्र में बिजली की आपूर्ति बेहतर होगी खासकर उन लोगों के लिए जो बिजली पर निर्भर हैं, जैसे कि रात्री में बच्चों की पढ़ाई, जहरीले सांप बिच्छू, छोटे व्यवसाय, आदि कामकाज सुचारू रूप से अब चल सकेगा। कामता बेलवाही कुजरी छेत्र को चंदवा बिजली फीडर से जोड़ने के लिए बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता और अन्य संबंधित पदाधिकारियों कमीर्यों ने जो प्रयास किए हैं उन सभी को किसानों की से थैंक्यू। थैंक्यू कहने वाले किसानों में किसान नेता सह पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, नजमुद्दीन खान, मोफीद खान, पिंटु खान, वाहीद खान, जहांगीर खान, एजाज खान, टिंकु खान, शाबा खान, सफीद खान, बशीर खान, याकूब मियां, अमजद खान, फरदीन खान, रिजवान खान, नुर मोहम्मद खान, शमीम खान, बीतन खान, वारिश खान, शहजान खान समेत अन्य शामिल हैं।

बालूमाथ सीसीटीवी की निगरानी में खड़ा ट्रक बना डीजल चोरों का निशाना, 300 लीटर डीजल चोरी

नवप्रदेश/बालूमाथ। क्षेत्र में डीजल चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्हें सीसीटीवी कैमरों का भी कोई खौफ नहीं रह गया है। ताजा मामला मुरपा का है, जहां अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े चौदह चक्का ट्रक से लगभग 300 लीटर डीजल चोरी कर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या हइ 65उ 6956 में कानपुर से चीनी लोड कर रांची ले जाया जा रहा था। ट्रक मालिक मो० सैफी आलम ने बताया कि ट्रक चालक तोहिद अंसारी, जो मुरपा का निवासी है, बालूमाथ पेट्रोल पंप से डीजल भरवाकर अपने घर मुरपा पहुंचा था। ट्रक को मुरपा पेट्रोल पंप के पास खड़ा कर चालक मुहर्रम त्योहार मनाने के लिए घर चला गया था। अगले दिन जब चालक ट्रक लेकर रांची के लिए रवाना होने के लिए पहुंचा तो ट्रक स्टार्ट ही नहीं हुआ। शक होने पर डीजल टैंक चेक किया गया तो उसमें डीजल पूरी तरह गायब मिला। करीब 300 लीटर डीजल गायब होने से चालक व मालिक के होश उड़ गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में ट्रकों से डीजल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। हैरानी की बात यह है कि जिस जगह यह ट्रक खड़ा था, थोड़ा दूर में मुरपा पिकेट है और वहां पेट्रोल पंप में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं, फिर भी चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देने में सफल रहे। पीड़ित ट्रक मालिक ने पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं स्थानीय लोगों ने इलाके में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक हुई संपन्न...

नवप्रदेश/लातेहार। उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक की गई। बैठक में शिक्षकों के स्थानांतरण, टीचर ट्रांसफर पोर्टल पर स्थानांतरण हेतु प्राप्त आवेदन का सत्यापन के उपरांत जिला शिक्षा स्थापना समिति से अनुमोदन के प्रस्ताव अन्य मामलों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में समिति द्वारा स्थानांतरण हेतु प्राप्त आवेदनों की क्रमवार समीक्षा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर पदस्थापित किया गया। साथ हीं कई अवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, कार्यपालक पदाधिकारी अजय कच्छप उपस्थित थे।

फर्जी वेबसाइटों से फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने पर होगी कार्रवाईः उपायुक्त

फर्जी वेबसाइटों से रहे सावधान, सीआरएस पोर्टल से ही बनाएं जन्म-मृत्यु का प्रमाण पत्र

सीएसआर पोर्टल - dc.crsorgi.gov.in ही अधिकारिक वेबसाइट

प्रज्ञा केन्द्रों, स्थानीय इंटरनेट कैफे आदि से फर्जी वेबसाइट के माध्यम से जारी किये जाने पर रोक लगाने के लिए उन केन्द्रों की होगी जांच, संबंधितों पर होगी कार्रवाई

मेदिनीनगर पलामू। फर्जी वेबसाइटों द्वारा फर्जी जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पलामू जिला प्रशासन तत्परता के साथ कार्य कर रही है। पलामू उपायुक्त-सह-जन्म-मृत्युके जिला रजिस्ट्रार समीरा एस० ने इसपर गंभीरता दिखाई है। उन्होंने कहा है कि फर्जी वेबसाइट बनाकर फर्जी जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की सूचना विभाग को प्राप्त हो रही है, जो गंभीर मामला है। इससे आम जनता भ्रमित होती है। साथ ही सरकारी अभिलेखों की विश्वसनीयता भी कमजोर होती है। जन्म एवं मृत्यु निबंधन कार्य के लिए भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा विकसित सीएसआर पोर्टल- dc.crsorgi.gov.in ही अधिकारिक वेबसाइट है। इसके माध्यम से निर्गत जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र ही वैध की श्रेणी में हैं।

उपायुक्त ने फर्जी वेबसाइट के माध्यम से जारी किए जाने वाले जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र पर प्रभावी रोक लगाने एवं संबंधितों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश सभी संबंधित अधिकारियों को दिया है। उपायुक्त ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों को जारी किये जाने वाले कुछ फर्जी वेबसाइटों को भी रेखांकित करते हुए जिले के सभी प्रज्ञा केंद्रों, स्थानीय इंटरनेट कैफे इत्यादि से जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर रोक लगाने के लिए उन केंद्रों की सतत जांच करने एवं संबंधित व्यक्तियों पर समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का सख्त निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि संबंधित पदाधिकारी अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत आमजनों को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के अधिकारिक/ ऑफिसियल वेबसाइट सीएसआर पोर्टल की जानकारी सभी को दी जाए, ताकि लोग जागरूक रहें और फर्जी वेबसाइट के माध्यम से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने में सावधानी बरतें। अधिकारिक वेबसाइट सीएसआर पोर्टल- dc.crsorgi.gov.in के माध्यम से ही जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करना/कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त, नगर निकायों में प्रशासक/ कार्यपालक पदाधिकारी, सभी सरकारी अस्पतालों में उपाधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी ग्राम पंचायतों में संबंधित पंचायत सचिव ही जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए अधिसूचित हैं।

उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के अपर जिला रजिस्टर, मेदिनीनगर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त-सह-रजिस्ट्रार, विश्रामपुर नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त- सह-रजिस्ट्रार, नगर पंचायत हुसैनाबाद, छतरपुर एवं हरिहरगंज के कार्यपालक पदाधिकारी-सह-रजिस्ट्रार, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी को विशेष रूप से निदेशित करते हुए अधिकारिक पोर्टल dc.crsorgi.gov.in पर ही जन्म -मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने/बनवाने हेतु जागरूक कराने का निदेश दिया है। उन्होंने लोगों तक सुलभ तरीके से जानकारी पहुंचाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएं।

एक नजर

हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के 170 किसानों के बीच बीज का हुआ वितरण

नवप्रदेश/हरिहरगंज पलामु/ हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में एनएफएसएम व बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत 170 किसानों के बीच उरद, अरहर व मक्का बीज का मुफ्त वितरण बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी के उपस्थित में किया गया। मौके बीडीओ ने कहा कि सरकार ऐसा किसानों को खेती में बढ़ावा देने के लिए कर रही है। इससे किसान प्रोत्साहित होते हुए स्वावलंबी बनेंगे। आसानी से बीज मिलने से किसान अपने-अपने खेतों में विभिन्न किस्म के खरीफ फसल लगाएंगे। बीजों के वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार व सहायक तकनीकी प्रबंधक सुशील कुमार मिश्रा के द्वारा रामपुर, रेगनिया, लालबरा, भांवर व सलैया गांव के किसानों के बीच वितरण किया। इस मौके पर राहुल साव, योगेंद्र साव, बृजमोहन साव,उमेश साव, रामचंद्र राम सहित कई किसान मौजूद थे।

पथरा ओपी पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया

नवप्रदेश/नवप्रदेश/हरिहरगंज/पलामू/ हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पथरा ओपी पुलिस ने मंगलवार को बलरा गांव समीप बटाने नदी बराज मोड़ के पास से एक अवैध रूप से बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संबंध में ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने बताया कि हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के निर्देश पर एक ट्रैक्टर पर बटाने नदी से अवैध तरीके से बालू निकाल कर ले जाया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिना नंबर के स्वराज ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। हालांकि ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर फरार हो गया। वहीं पुलिस ने बालू लदे वाहन को पथरा ओपी लाई है। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रैक्टर बलरा गांव के पप्पू सिंह का है। वही जब्त ट्रैक्टर पर करवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा गया है। इस अभियान में एएसआइ सुनील कुमार यादव सहित कई पुलिस बल शामिल थे।

बच्चों का सर्वांगीण विकास ही हमारा लक्ष्य- मिशन समृद्धि

नवप्रदेश/मेदिनीनगर पलामू/मिशन समृद्धि द्वारा संचालित समृद्धि की पाठशाला एक ऐसा पाठशाला जहाँ बच्चों की पढ़ाई निःशुल्क और सदस्यों की सेवा निःस्वार्थ। इस पाठशाला में शिक्षा देने वाले सदस्यों की डिग्री एक शिक्षक बनने के लिए पर्याप्त नहीं है। लेकिन एक माँ जो नहीं भी पढ़ी लिखी होती है फिर भी वो बच्चों की प्रथम शिक्षिका होती है यहाँ सेवा देने वाली महिला तन मन से बच्चों को ऊंगली पकड़ कर अक्षर बोध के साथ साथ एक अच्छा इंसान बनाने में अपना श्रेष्ठ दे रहीं हैं इस पाठशाला में कोई सिलेबस नहीं कोई प्रधानाध्यापक नहीं कोई घंटी नहीं कोई वेतन नहीं कोई फीस नहीं, फिर भी पाठशाला निरंतर आगे बढ़ रहा है। आगे सिर्फ बढ़ ही नहीं रहा है बच्चों का विकास भी हो रहा है। यहाँ आने वाले बच्चों की पारिवारिक पृष्ठभूमि शिक्षा के नाम पर शून्य होता है ।बहुत परिश्रम करने के बाद भी बच्चे कुछ ज्ञान पाते थे। अब तो उनके समझ में सब आने लगा है , उन्हें अब पाठशाला आना बहुत अच्छा लगता है।नैतिकता के अभाव में बच्चे भटक जाते हैं बल्कि यह कहना ज्यादा उचित होगा कि बचपन में जिन बच्चों को अच्छा संस्कार नैतिकता का ज्ञान नहीं दिया जाता है वैसे ही बच्चे आज भटक हुए नजर आते हैं जो हमारे समाज राष्ट्र के लिए कोढ़ है। इसलिए मिशन समृद्धि अपना एक लक्ष्य -समाज को सभ्य सुसंस्कृत और जिम्मेदार नागरिक सौंपने का बनाया है।बच्चे एक अच्छे नागरिक कैसे बने इसके लिए यह संस्था समर्पित होकर काम करती चली आई है। पांकी रोड जनकपुरी और कचरवा टोला इसके अतिरिक्त अंबेडकर मुहल्ला रजवाडीह च्यांकी रोड में यह पाठशाला चल रहा है। अंबेडकर मुहल्ला और च्यांकी रोड इन दो जगहों पर पाठशाला संतोषजनक नहीं हो पा रहा है, बहुत जल्द सब रुटीनबद्ध हो जाएगा। आप तमाम नागरिकों का आशीर्वाद इस नेक कार्य में मिलता रहे। ममता कुमारी रंजीता नैंसी गुप्ता वीणा राज बैजन्ती गुप्ता एवं अन्य सदस्यों का योगदान सराहनीय है।

मोहर्रम जाते जाते बहुत कुछ सीखा गया : अविनाश राजा

नवप्रदेश/मेदिनीनगर पलामू : 2025 का भी मोहर्रम शांति पूर्वक समापन हुआ जिसे समाज जशन - ए - मातम के तौर पर याद रखा जाएगा, इस पर्व की खासियत से यह, हिन्दुओ को कुछ सिखने की आवश्यकता है! जैसे : मुसलमान का बच्चा हो, या बूढा, या जवान सब लोग अपने धार्मिक ध्वज का पूरी निष्ठां - सम्मान के साथ धारण कर के जुलुस मे चलते है, दूसरी ओर हिन्दुओ मे धव्ज के प्रति निष्ठां सम्मान बहुत ही कम दिखती है, ना कोई जिम्मेदारी भी दिखती है साथ संख्या भी बहुत कम होती है ।दूसरी बात यह सिखने को है, की हिन्दू नाम वाले नेता जो आपके समाज के नेतृत्व करने का प्रबल दावा करते है, उनकी निष्ठां, साफ सुथरी स्पष्ट विचारधारा, है या नही सामने आती है जिसे आप उन्हें पहचान सकते है.. की वो आपके हमारे समाज का सफल नेतृत्व कर सकते है या नही।

सदिक चौक पर चार पहिया एवं दोपहिया गाड़ियों का जांच किया गया

नवप्रदेश/मेदिनीनगर/पलामू/पलामू एस पी रिश्मा रमेशन के आदेशानुसार सदिक चौक पर चार पहिया एवं दोपहिया गाड़ियों का जांच किया गया ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमदने बताया की जांच के क्रम में दोपहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट बगैर लाइसेंस के पकड़े गये जिसमें से 12 दुपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना भेज दिया गया जिसे जिला परिवहन कार्यालय पलामू फाइन हेतु भेजा गया है। दिनांक 08,07 2025 को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 10 दोपहिया मोटरसाइकिल गाड़ियों का चलान फाइन 14,085 रुपया आया एवं 01 मोटरसाइकिल चालक पहले का शराब पीकर गाड़ी चलाते पकड़ा गया था उसका चालान फाइन राशि 10,185 रुपए आया है।

मोहर्रम पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर मोहर्रम सेंट्रल कमेटी ने प्रशासन को दिया साधुवाद

नवप्रदेश/बालूमाथ। प्रखंड मुख्यालय में मोहर्रम का पर्व इस वर्ष पूरी शांति, सौहार्द और पारंपरिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मोहर्रम सेंट्रल कमेटी, बालूमाथ के पदाधिकारियों ने पर्व के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन में प्रशासन द्वारा दिए गए सहयोग के लिए दिल से आभार व्यक्त किया है ।कमेटी के अध्यक्ष मो. इमरान, सचिव इमरान कुरैशी,कोषाध्यक्ष कमरुल आरफिन सहित अन्य सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि प्रशासन ने मोहर्रम पर्व के दौरान चौकसी,समन्वय और संवेदनशीलता के साथ काम करते हुए हर संभव सहयोग प्रदान किया, जिससे आयोजन शांतिपूर्वक संपन्न हो सका ।कमेटी ने विशेष रूप से एसडीपीओ विनोद रवानी, अंचलाधिकारी विजय कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर प्रेमानंद बिरुआ, थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव सहित पुलिस बल, होमगार्ड्स तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की तत्परता और जिम्मेदारी की सराहना की ।कमेटी पदाधिकारियों ने कहा कि प्रशासन की सक्रिय निगरानी, कुशल प्रबंधन और सामाजिक सहयोग के कारण अखाड़ा प्रदर्शन, ताजिया जुलूस और अन्य पारंपरिक कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की असुविधा या अप्रिय घटना नहीं हुई ।उन्होंने यह भी आशा जताई कि भविष्य में भी इसी तरह का सहयोग बना रहेगा और सभी धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन प्रेम, एकता और भाईचारे की भावना के साथ संपन्न होते रहेंगे।

भाजपा मंडल कमिटि के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को उपायुक्त लातेहार के नाम सौपा गया ज्ञापन

एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं तो होगा उग्र आंदोलन - मनोज प्रसाद

नवप्रदेश/बरवाडीह : लातेहार जिले के बरवाडीह भारतीय जनता पार्टी मंडल कमिटि के द्वारा मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद के नेतृत्व में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा आदिम जनजातियों के साथ राशन वितरण में घोर अनियमितता को लेकर उपायुक्त लातेहार के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौपा गया है,विगत 4 जुलाई 2025 दिन शुक्रवार को ग्राम सैदुप की एक महिला जो आदिम जनजाति से है अपने 20 दिनों के बच्चे को गोद में लेकर प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही थी पत्रकार के द्वारा पूछताछ करने के बाद मालूम चला कि उसे चार महीना से राशन नहीं मिला है तत्पश्चात प्रखंड प्रमुख महोदया के द्वारा क्षेत्र में जाकर जांच करने के उपरांत मालूम चला कि वैसे आदिम जनजाति के कितने कार्डधारी हैं जिन्हें राशन नहीं मिला है,उपायुक्त लातेहार को ज्ञापन के द्वारा बताया गया है कि उक्त प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है और अगर एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं होती है तो भाजपा मण्डल कमिटि के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जवाबदेही प्रखंड प्रशासन पदाधिकारी होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री ईश्वरी सिंह,जिला कार्यसमिति सदस्य अशोक प्रसाद, युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य दिपक तिवारी, युवा मोर्चा जिला आईटी सेल प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता, किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद,मंडल कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद(डढ) कार्यालय प्रभारी अमरेंद्र रजक अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप पासवान,मजदूर मोर्चा मंडल अध्यक्ष सतीश यादव,युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार,पप्पू यादव, नरेश सिंह समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

फुलबसिया कोल साइडिंग गोलीबारी व हाइवा आगजनी कांड पर आईजी-डीआईजी ने किया निरीक्षण, गिरोह के जल्द उद्भेदन का निर्देश

नवप्रदेश/बालूमाथ। बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत फुलबसिया रेलवे कोल साइडिंग पर बीते दिनों हुई गोलीबारी और हाइवा आगजनी की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पलामू रेंज के आईजी सुनील भास्कर एवं डीआईजी नौशाद आलम मंगलवार को घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आईजी सुनील भास्कर ने घटनास्थल की बारीकी से जांच कर स्थानीय पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि अपराधी गिरोह की जल्द से जल्द पहचान कर घटना का खुलासा किया जाए और दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी से काम करेगी। मौके पर बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी, पुलिस निरीक्षक परमानंद बीरूआ, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, अमरवाडीह पुलिस पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

बढ़ती उमस कर न दे पस्त

मौसम अपने साथ उमस भरा माहौल भी लेकर आता है। घुटन और नमी से भरा यह मौसम कई बार असहनीय ही नहीं, हमारे स्वास्थ्य और खासकर त्वचा के लिए खतरनाक साबित होता है। उमस को अपनी सेहत पर हावी होने से कैसे रोके

वातावरण में मौजूद नमी का असर शरीर से निकलने वाले पसीने पर आसानी से देखा जा सकता है। पसीने के बारे में विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्राकृतिक तौर पर शरीर की रक्षा करने का काम करता है। शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले अतिरिक्त अल्कोहल, कोलेस्ट्रॉल और नमक को शरीर से बाहर निकालकर यह शरीर में संतुलन बनाए रखता है और विभिन्न संक्रामक रोगों से हमें बचाता है। गर्मी के मौसम में पसीना भाप बनकर उड़ जाता है और शरीर को ठंडा रखता है। लेकिन उमस वाले मौसम में यह पसीना सूख नहीं पाता है और शरीर को चिपचिपाहट से भर देता है।

उमस का असर

उमस वाले मौसम में वातावरण में बीमारियां फैलाने वाले बैक्टीरिया, वायरस और फंगस सक्रिय हो जाते हैं, जिनसे

किसी भी उम्र का व्यक्ति शिकार हो सकता है। इस मौसम में त्वचा संबंधी रोग ज्यादा पनपते हैं। वातावरण की नमी हमारी त्वचा के पोर बंद कर देती है, जिससे त्वचा सांस नहीं ले पाती। त्वचा के भीतर समुचित मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाता और त्वचा बेजान-सी हो जाती है। अगर साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा जाए तो त्वचा फंगल इंफेक्शन, रैशेज, मुंहासे और फोड़े-फुंसियों की चपेट में आ जाती है। शरीर के ऐसे हिस्से जहां पसीने ज्यादा आते हैं, वहां रैशेज पड़ जाते हैं और खुजली होने लगती है। चेहरे पर मवाद से भरे मुंहासे उभर आते हैं, जिनसे कई बार चेहरे पर निशान भी पड़ जाते है। तापमान में नमी का असर हमारे बालों पर भी पड़ता है। नियमित सफाई के अभाव में बाल चिपचिपे और बेजान हो जाते हैं। डैंड्रफ हो जाते हैं, जिससे बाल ज्यादा गिरने लगते हैं।

इसके अलावा कम पानी पीने और खानपान की गलत आदतों से आप डीहाइड्रेशन की शिकार भी हो सकती हैं। उमस के इस मौसम में पसीना बहुत आता है, जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। उमस वाले मौसम में खाना जल्दी खराब हो जाता है और ऐसा खाना खाने से पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है। नमी भरे मौसम से नींद आना, मांसपेशियों में ऐंठन, चक्कर, उल्टी और सिर दर्द जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है।

सूती और हल्के कपड़े पहनें

इस मौसम में सिंथेटिक, मोटे और टाइट फिटिंग के कपड़ों के बजाय हल्के रंगों वाले पतले और सूती कपड़े पहनें। टाइट फिटिंग और ज्यादा कसीदाकारी वाले कपड़े पहनने से बचें। ऐसा करने से आपको गर्मी और उमस से परेशानी भी कम होगी और ज्यादा पसीना आने के बावजूद आपको कम परेशानी होगी।

खान-पान का रखें ध्यान

खानपान के मामले में एहतियात बरत कर ही आप उमस भरे वातावरण में सेहतमंद रह सकती हैं।

डीहाइड्रेशन से बचने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पिएं और उबला पानी पीने की कोशिश करें। पानी में एक चम्मच शहद मिलाकर पीने से विषाक्त पदार्थ आसानी से शरीर से बाहर निकल जाएंगे। मूली के रस में काली मिर्च पाउडर और एक चुटकी सेंधा नमक मिलाकर पीना भी इस मौसम में फायदेमंद है। खाने के मामले में सतर्कता बरतें। घर का बना और कम चिकनाई वाला खाना ही खाएं। खाने में अदरक, अजवायन का प्रयोग करें। तुलसी और अदरक की चाय पिएं। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी और उमस से लड़ने में शरीर को मदद मिलेगी।

निजी साफ-सफाई का रखें

नमी भरे वातावरण में होने वाली चिपचिपाहट से बचने के लिए अपनी साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। ठंडे पानी से दिन में दो बार नहाएं। साफ-सुथरे कपड़े पहनें। वातावरण में मौजूद बैक्टीरिया, वायरस, फंगस और धूल के कणों पर काबू पाने के लिए एंटीबैक्टीरियल या ग्लिसरीन युक्त साबुन से स्नान करें। बालों में हर दूसरे दिन शैंपू करें ताकि नमी से उन्हें नुकसान न हो। त्वचा को संक्रमण से बचाने के लिए उसे सूखा रखें और एंटी-बैक्टीरियल पाउडर का इस्तेमाल सकती हैं।

आदत बदलें सेहत सुधारें

कभी-कभी छोटी-छोटी बातें फायदेमंद साबित हो जाती हैं। सेहत के मामले में भी ऐसा ही है। भले ही आप जिम नहीं जा पा रहीं या नियमित रूप से व्यायाम नहीं कर पा रही हैं, पर अपनी आदतों में हल्का-सा बदलाव लाकर भी अपनी सेहत को सुधार सकती हैं। सेहतमंद रहने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी क्या है? सही खानपान! हां, लेकिन यह काफी नहीं है। इसके साथ और भी कई चीजें हैं जो स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी हैं। खानपान की सही आदतों के साथ उन आदतों पर गौर करना बेहद जरूरी हो जाता है, जिनसे हमारी सेहत जुड़ी हुई है। विभिन्न आहारविदों का मानना है कि हम भले ही स्वास्थ्य के प्रति कितने भी सजग और सचेत हों, लेकिन हम अपनी रोजमर्रा की आदतों में खानपान के साथ-साथ कई ऐसी गलतियां करते हैं जिनका हमारे स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ता है। आइये देखें कि उन्हें कैसे सुधार सकते हैं -

पिज्जा में सॉस ज्यादा, चीज कम

पिज्जा का मजा तो तभी आता है जब उसमें खूब सारी चीज हो। खाने में लजीज लगने वाला चीज हमारे सेहत के लिए ठीक नहीं है, क्योंकि यह पूरी तरह से सैचुरेटेड फैट होता है। खाने में ज्यादा चीज दिल का दौरा, ओवेरियन डिस्ऑर्डर, कैंसर और डायबिटीज जैसी बीमारियों का कारण बन सकता है। इसलिए जब अगली बार पिज्जा ऑर्डर करें तो उसमें चीज की मात्रा कम और टोमैटो सॉस की मात्रा ज्यादा करने को कहें। टमाटर में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो शरीर में किसी भी तरह के ट्यूमर को विकसित होने से रोकते हैं।

खाने के साथ जूस हो

-ई लोग खाने के साथ कोल्ड ड्रिंक या एनर्जी ड्रिंक्स लेते हैं। कोल्ड ड्रिंक और एनर्जी ड्रिंक्स सेहत के लिए ठीक नहीं होते। इनमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा काफी ज्यादा होती है। इनका एक और नुकसान यह भी है कि ये खाने के पौष्टिक तत्वों को शरीर द्वारा अवशोषित करने नहीं देते। खाने के पौष्टिक तत्वों का पूरा लाभ उठाने के लिए कोल्ड ड्रिंक की जगह जूस लें। खासकर संतरे का जूस आयरन के अवशोषण को बढ़ा देता है।

तकिए को जांच लें

सालों साल एक ही तकिया। इन्हें बदलने के बारे में तो हम सोचते भी नहीं। लेकिन क्या आपको पता है कि गलत तकिया गर्दन, कंधों और यहां तक कि पीठ व कमर के दर्द का सबब बन सकता है? इसके अलावा इससे आलस, नींद अधूरी रहने का अहसास, थकान भी हो सकती है। इसलिए एक समय के बाद अपने तकियों को बदल डालें। लेकिन तकिये के बदलने का समय आ गया है यह कैसे पता चलेगा? तकिए को बीच से मोड़ें और फिर उसे छोड़ दें। अगर तकिया खुद दोबारा खुल जाता है तो वह अब भी इस्तेमाल लायक है, पर यदि तकिया खुलता नहीं है, तो उसे बदल डालें।

कुछ चीजों को बदलना जरूरी है

बीमारी से उठने के बाद हम कुछ चीजें करना भूल जाते हैं। मसलन, दांत साफ करने वाले ब्रश को बदलना। अगर बीमारी सर्दी या बुखार से संबंधित है तो ब्रश बदलना और भी जरूरी हो जाता है क्योंकि बीमारी के दौरान इस्तेमाल किए जाने की वजह से वे संक्रमित हो जाते हैं। ऐसे में यदि आप उन्हीं ब्रश और टंग क्लीनर को स्वस्थ होने के बाद भी इस्तेमाल करेंगी तो बीमार होने का खतरा बना रहेगा। ठीक इसी तरह आंखों के साथ भी होता है। यदि आपको आंखों में इंफेक्शन हो जाए और उस दौरान यदि आपने स्टिक काजल इस्तेमाल किया है तो उसे दोबारा इस्तेमाल न करें। सबसे आखिर में लेकिन सबसे ज्यादा जरूरी बात यह कि घर में जितनी खराब हो चुकी या एक्सपायर हो चुकी दवाएं हैं उन्हें फेंक दें।

कंधों पर ज्यादा बोझ ठीक नहीं

कंधों पर ज्यादा बोझ सेहत के लिए ठीक नहीं। अमेरिकी शोधकर्ताओं के एक हालिया रिपोर्ट की मानें तो बैग का भार 1.3 किलोग्राम से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इससे ज्यादा भारी बैग आपके शारीरिक ढांचे को यानी पोस्चर को बिगाड़ सकता है।

मधुमेह के रोगियों को नेत्र रोगों का खतरा

मधुमेह से पीड़ित रोगियों के लिए जहां अपने गुर्दों और पैरों की देखभाल बहुत जरूरी होती है, वहीं उन्हें खान-पान संबंधी ढेर सारे परहेज भी करने पड़ते हैं। अब वैज्ञानिकों ने मधुमेह के संबंध में यह तथ्य भी उजागर किया है कि मधुमेह के रोगियों को नेत्र संबंधी रोगों का खतरा भी अपेक्षाकृत अधिक होता है, इसलिए उन्हें अपने गुर्दों के साथ-साथ अपनी आंखों की भी विशेष देखभाल करनी चाहिए।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि मधुमेह से पीड़ित रोगियों में 'डायबिटिक रेटीनोपेथी' नामक बीमारी होने की संभावना बहुत ज्यादा होती है। इस बीमारी में रोगी व्यक्ति को न सिर्फ मोतिया बिंद की शिकायत हो सकती है बल्कि धीरे-धीरे उसकी आंखों की रोशनी भी कम होती जाती है और एक समय ऐसा भी आ सकता है जब उसकी आंखों की रोशनी पूरी तरह से समाप्त हो जाए यानी व्यक्ति नेत्रहीन हो जाए।

मधुमेह के रोगियों को नेत्र संबंधी इस तरह खतरों के मद्देनजर विशेषज्ञ यही सलाह देते हैं कि मधुमेह के रोगियों को समय-समय पर किसी अच्छे नेत्र विशेषज्ञ से अपनी आंखों का चैकअप कराते रहना चाहिए और कभी भी आंखों में किसी भी तरह की समस्या का एहसास हो तो अपने डाक्टर से डिस्कस करके तुरंत उसका इलाज कराना चाहिए।

कई रोगों की एक दवा हैं कढ़ी पत्ता

कढ़ी पत्ते का प्रयोग हर घर की रसोई में किया जाता है। यें हमारे भोजन को स्वादिष्ट बनाने के साथ-साथ हमारी सेहत को भी तंदरूस्त रखने में मदद करता है। कढ़ी पत्ते का प्रयोग करने से पेट संबंधी रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है। इसमें कैल्शियम, आयरन, फास्फोरस और विटामिन्स की भरपूर मात्रा पाई जाती है।यें हमारे मोटापे को कम करने में भी मदद करता है।कढ़ी पत्ते में इतने औषधीय गुण पाएं जाते है जो हमारे स्वास्थ्य को निरोग रखने में मदद करते है।

- कढ़ी पत्ते का सेवन करने से कई बीमारियों से भी छुटकारा पाया जा सकते है।मुंह में छाले होने पर और सिरदर्द से भी राहत दिलवाने में मदद करता है।
- कढ़ी पत्ता का सेवन करने से बालों की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। कढ़ी पत्ते के सेवन से बाल जल्दी सफेद नहीं होते ।
- कढ़ी पत्ता का सेवन करने से पेट संबंधी रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है ।भोजन में कढ़ी पत्ते का प्रयोग करने से पाचन क्रिया भी तंदरूस्त रहती है।
- कढ़ी पत्ता मोटोपे से भी निजात दिलवाने में मदद करता है। हर रोज कढ़ी पत्तियों को चबाकर खाने से मोटापा कम हो जाता है।
- कढ़ी पत्ते में नींबू की कुछ बूंदे मिलाकर और उसमें थोड़ी सी चीनी मिलाकर लेने ले उल्टी से राहत मिलती है।
- कढ़ी पत्ते का सेवन करना डायबीटिज के रोगियों के लिए भी फायदेमंद होता है।
- कढ़ी पत्ते का सेवन करना किडनी के रोगियों के लिए भी फायदेमंद होता है ।
- कढ़ी पत्ते का सेवन करना आंखों की रोशनी के लिए लाभकारी होता है।

मुस्कान बन जाएगी आपकी पहचान

आपकी खूबसूरती को बयां करने मे आपके मोती जैसे दांतों की अहम भूमिका होती है। जितनी सुंदर आप हैं, यदि उतनी ही अच्छी आपकी मुस्कान है तो लोगों से रूबरू होने का आपका अंदाज ही निराला होगा। आजकल दांतों की सुंदरता को बरकरार रखना पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा आसान हो गया है। कैसे अपने दांतों की खूबसूरती बढ़ाकर खूबसूरत मुस्कान पाएं।

स्पिलिंट से दे सही आकार - अगर आपके दांत टेढ़े-मेढ़े हैं तो आपकी मुस्कराहट प्रभावशाली नहीं हो सकती। दांतों को सही शेप देने के लिए पहले के दौर में वायरिंग की मदद ली जाती थी। आजकल वायरिंग की जगह ले ली है, अदृश्य रहने वाली स्पिलिंट्स ने। ये प्लास्टिक के वायर ही होते हैं, जो आपके दांतों पर लगाये जाते हैं ताकि आपके दांतों को सही आकार मिले। ये पारदर्शी होते हैं इसलिए अदृश्य रहते हैं और इलाज के दौरान भी आपकी मुस्कराहट उतनी ही मोहक बनी रहती है।

वाइटनिंग कराने से नहीं कोई नुकसान - कोल्ड ड्रिंक, स्मोकिंग, जंक फूड, ड्रिंकिंग ये सब ऐसी आदतें हैं जो आपके दांतों पर पायी जाने वाली सफेद परत को नुकसान पहुंचाकर उसे खराब करती हैं और हमेशा के लिये आपके दांतों की खूबसूरती छीन लेती है। अक्सर हम इस डर से अपने दांतों के पीलेपन का इलाज नहीं कराते क्योंकि हमें लगता है कि इससे हमारे दांतों को नुकसान होगा। लेकिन इस बारे मे मौलाना आजाद इंस्टिटयूट ऑफ डेंटल साइंस के डॉक्टर हिमांशु कहते हैं, 'दांतों की सफाई कराने में कोई नुकसान नहीं है। कम से कम 6 महीने में एक बार तो डेंटिस्ट से चेकअप कराकर सफाई करवानी चाहिए, क्योंकि यह पद्धति पूरी तरह से सुरक्षित होती है। बाजार में मिलने वाले वाइटनिंग टूथपेस्ट से बचना चाहिए क्योंकि उनमें कई हानिकारक केमिकल होते हैं जो आपके दांतों को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। उन्हें प्रयोग में लाने से पहले एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें।'

फिर से आया दांतों पर गहने जड़ने का फैशन

हजारों साल पहले माया सभ्यता के लोग अपने दांतों पर रत्न इत्यादि जड़वाते थे ताकि आपने दांतों को सुंदर दिखा सकें। आजकल युवाओं में ये फैशन फिर से छाया हुआ है, वजह इसकी प्रक्रिया बहुत आसान है और इसकी देखभाल भी। बस डॉक्टर्स द्वारा दांतों में भरे जाने वाले कम्पोजिट सेरेमिक से किसी भी तरह की ज्वेलरी आपके दांतों पर लगा दी जाती है और आपको बस रोजाना की तरह अपने दांतों की सफाई ही करनी होती है। तो अब आपके दांत भी आपके स्टाइल का स्पेशल हिस्सा हो सकते हैं।

इम्प्लांटेशन और सेरेमिक भी दें खूबसरती

पहले के जमाने में सोना और चांदी को लोग अपने दांतों में भरवाया करते थे, लेकिन तब वह दांतों के बीच अलग-सा दिखाई देता था। आजकल डेंटिस्ट सफेद सेरेमिक बेस के कम्पोजिट्स को दांतों के बीच की दूरी को पाटने के लिये प्रयोग करते हैं, इससे वह हिस्सा आपके दांतों में अलग से नहीं दिखाई देता और आपकी मुस्कराहट पूरी एक साथ और एक जैसी चमक बिखेरती है। इसके अलावा आजकल एक-एक दांत भी अलग से लगवाया जा सकता है और दांतों का पूरा सेट भी इंप्लांट कराया जा सकता है यानी कारण कोई भी हो आपके दांतों की खूबसूरती कभी कम नहीं होगी।

एक तो खत्म हो चुका है, दूसरा सुधार नहीं कर सकता : ज्योफ्री बॉयकॉट

लंदनः इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉट ने क्रिस वोक्स और जैक क्राउली की भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले दो मैच में खराब प्रदर्शन के लिए कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ समय भी चुका है जबकि सलामी बल्लेबाज में अपनी गलतियों से सीखने की क्षमता नहीं है। वोक्स ने अभी तक 59 टेस्ट मैच खेले हैं और वह इंग्लैंड के आक्रमण में सबसे अनुभावी गेंदबाज हैं। इस तेज गेंदबाज ने दो मैचों में 82 ओवर फेंके और 290 रन देकर केवल तीन विकेट लिए।

उन्होंने जिन तीन पारियों में बल्लेबाजी की, उनमें उन्होंने 50 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 38 रन है। बॉयकॉट ने ब्रिटिश दैनिक 'द टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, 'जब खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ समय बीत जाता है तो वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता और ऐसे खिलाड़ियों को टीम में रखने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।'

बॉयकॉट ने लिखा, 'क्रिस वोक्स को देखिए। उम्र बढ़ने के साथ-साथ उनकी गति कम होती जा रही है, जैसा कि आप उम्मीद कर सकते हैं। वह विदेश में कभी भी विकेट लेने वाले गेंदबाज नहीं रहे हैं, जहां उनका रिकॉर्ड खराब है।' उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और जब बल्लेबाज विफल रहते हैं तो उनसे रन बनाने की उम्मीद की जाती है लेकिन उनका मुख्य कौशल गेंदबाजी है और उनका काम विकेट लेना है।'

क्राउली के मामले में बॉयकॉट ने कहा कि यह सलामी बल्लेबाज इससे बेहतर नहीं हो सकता। क्राउली ने भारत के खिलाफ अब तक चार पारियों में एक अर्धशतक लगाया है। बॉयकॉट ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वह बदल सकते हैं या बेहतर हो सकते हैं। बल्लेबाजी दिमाग में होती है और दिमाग ही तय करता है कि आप बल्लेबाजी कैसे करेंगे, आप कौन से शॉट खेलने की कोशिश करेंगे, कौन सी गेंदें छोड़ेंगे। तकनीक और सोच में उनकी खामियां गहरी हैं।'

सतीश शर्मा ने कश्मीर सुपर लीग 2025 का किया शुभारंभ

श्रीनगरः एफसीएस एंड सीए, युवा सेवा और खेल, आईटी और परिवहन मंत्री सतीश शर्मा ने आज कश्मीर सुपर फुटबॉल लीग 2025 का शुभारंभ किया और टूर्नामेंट ट्रॉफी और आधिकारिक जर्सी का अनावरण किया। बहुत उत्साह के साथ आयोजित यह शुभारंभ कार्यक्रम जम्मू और कश्मीर के खेल कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

इस अवसर पर युवा सेवा और खेल आयुक्त सरमद हाफिज, सचिव खेल परिषद नुजहत गुल, मुख्य खेल अधिकारी अनीसा नबी, खेल परिषद के वरिष्ठ अधिकारी, जम्मू और कश्मीर के फुटबॉल दिग्गज और दिग्गज कोच, भाग लेने वाली टीमें और खेल प्रेमी मौजूद थे।

इस अवसर पर बोलते हुए सतीश शर्मा ने खेल विभाग, खेल परिषद और अन्य हितधारकों को केंद्र शासित प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और बुनियादी ढांचे के निर्माण में उनके अथक प्रयासों के लिए हार्दिक बधाई दी। मंत्री ने कश्मीर में खेलों की समृद्ध विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कश्मीर हमेशा से ही अद्वितीय खेल प्रतिभाओं का घर रहा है। कश्मीर सुपर लीग जैसी पहलों को पुनर्जीवित होते देखना और संरचित और पेशेवर तरीके से उस संस्कृति का जश्न मनाना उत्साहजनक है।

सतीश शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि खेल नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ने का एक शक्तिशाली साधन है। उन्होंने कहा कि आज युवा कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और खेल एक स्वस्थ और उत्पादक विकल्प प्रदान करते हैं जो न केवल शारीरिक फिटनेस का निर्माण करते हैं बल्कि चरित्र, अनुशासन और टीम वर्क को भी मजबूत करते हैं। यह मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक अग्रिम पंक्ति का बचाव है।

फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूनार्मेंट के लिए इस बार इनामी राशि में बड़ा बदलाव

नई दिल्लीः उज्बेकिस्तान के समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक होने वाले चौथे फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूनार्मेंट के लिए इस बार इनामी राशि में बड़ा बदलाव हुआ है। पुरुष (ओपन) वर्ग में इनामी राशि को 4.6 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 38 करोड़ रुपये) से बढ़ाकर 6.25 लाख डॉलर (लगभग 52 करोड़ रुपये) कर दिया गया है। महिला वर्ग की इनामी राशि को 1.4 लाख डॉलर (11.6 करोड़ रुपये) से बढ़ाकर 2.3 लाख डॉलर (19 करोड़ रुपये) कर दिया गया है।

ओपन वर्ग में 116 खिलाड़ी, जिनमें 101 रेटिंग के आधार पर चयनित : पुरुष वर्ग में कुल 116 खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें से 101 खिलाड़ी अपनी अंतरराष्ट्रीय रेटिंग के आधार पर सीधे चुने गए हैं। इस बार प्रतियोगिता में कई युवा सितारे भी हिस्सा ले रहे हैं, जो पहले से ही दुनिया के शीर्ष 20 खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। इनमें हांस नीमन (22 वर्ष), विंसेंट कीमर (20 वर्ष), जावोखिर सिंदारोव (19 वर्ष), निहाल सरीन (20 वर्ष) और अवांडर लियांग (22 वर्ष) शामिल हैं। पूर्व दावेदार भी मैदान मेंपूर्व विश्व खिताब दावेदार बोरिस गेलफैंड और महिला विश्व खिताबी फाइनलिस्ट अलेक्जांद्रा गो?याचकिना को फिडे ने विशेष आमंत्रण देकर ओपन वर्ग में शामिल किया है।

महिला वर्ग की स्थिति : महिला ग्रैंड स्विस प्रतियोगिता में कुल 44 खिलाड़ी रेटिंग के आधार पर चुनी गई हैं। इनके अलावा 4 खिलाड़ी महाद्वीपीय प्रतिनिधित्व से, 4 फिडे वाइल्डकार्ड से और 4 स्थानीय आयोजकों की ओर से नामांकित होंगी।

शीर्ष वरीयता और दावेदार : महिला वर्ग में पूर्व विश्व विजेता तान झोंगयी को शीर्ष वरीय खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है। उनके बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर की अनुभवी खिलाड़ी कोनेरु हम्पी (भारत), अन्ना मुझिचुक (यूक्रेन) और कैटेरीना लग्नो (रूस) होंगी।

खिताब बचाने उतरेंगी आर.वैशाली : भारत की आर. वैशाली, जो पिछले संस्करण में महिला ग्रैंड स्विस की विजेता रही। इस बार अपने खिताब की रक्षा के लिए एक बार फिर मैदान में उतरेंगी। उनकी मौजूदगी से भारत की उम्मीदें महिला वर्ग में और मजबूत मानी जा रही हैं।

मोनसून पिकलबॉल चैंपियनशिप 29 जुलाई से, 60 हजार डॉलर की होगी इनामी राशि

मुंबई : ग्लोबल स्पोर्ट्स ने मंगलवार को मोनसून पिकलबॉल चैंपियनशिप के तीसरे संस्करण की घोषणा की है, जो 29 जुलाई से 3 अगस्त 2025 तक नवी मुंबई स्थित सिडको एग्जीबिशन सेंटर, वाशी में आयोजित होगा। यह भारत की सबसे बड़ी इनडोर पिकलबॉल प्रतियोगिता है, जिसमें इस बार कुल 60,000 डॉलर (लगभग 50 लाख रुपये) की इनामी राशि रखी गई है।



मोनसून पिकलबॉल चैंपियनशिप (3.0) एशिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय पिकलबॉल टूनार्मेंटों में से एक बन चुकी है और इसमें भारत समेत दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता पूरी तरह वातानुकूलित 17 इनडोर कोर्ट्स पर खेली जाएगी, जिससे मौसम की बाधा के बिना विश्वस्तरीय अनुभव मिलेगा। इस बार 800 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। प्रतियोगिता सभी वर्गों के खिलाड़ियों के लिए खुली है, जिसमें प्रो, एडवांस, 30+ और 40+ आयु वर्ग, जूनियर व सीनियर श्रेणियां और महिला टीम इवेंट शामिल हैं। प्रतिभागियों के लिए पंजीकरण प्रारंभ हो चुके हैं।

ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक हेमल जैन ने कहा, हमारा उद्देश्य भारतीय एथलीटों को एक वैश्विक मंच देना और भारत में रैकेट खेलों के स्तर को नए आयाम देना है। मोनसून पिकलबॉल चैंपियनशिप 3.0 के साथ हम केवल मानकों को ऊपर नहीं उठा रहे, बल्कि एशिया में अंतरराष्ट्रीय पिकलबॉल आयोजनों की नई मिसाल कायम कर रहे हैं।

भारत के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड महिला टीम घोषित

लंदनः इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने भारत के खिलाफ इस महीने होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय (वनडे) श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। अनुभवी स्पिनर सोफी एक्लेस्टन और बल्लेबाज माया बुशियर की टीम में वापसी हुई है। यह तीन वनडे मैच 16 जुलाई, 19 जुलाई और 22 जुलाई को क्रमशः साउथैम्प्टन, लॉर्ड्स और चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले जाएंगे।

एक्लेस्टन की वापसी, बुशियर को दोबारा मौका

सोफी एक्लेस्टन वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली सीरीज में हिस्सा नहीं ले सकी थीं, लेकिन अब वह फिट होकर वनडे टीम में लौट आई हैं। वहीं माया बुशियर को नेट साइवर-ब्रंट की चोट के चलते टी20 टीम में मौका मिला था और अब वे वनडे टीम का भी हिस्सा होंगी। टीम की कप्तान नेट साइवर-ब्रंट, जो ग्रोइन (जांघ की मांसपेशी) की चोट के कारण पांच मैचों की टी20 सीरीज के अंतिम तीन मैचों से बाहर रहीं, अब पूरी तरह फिट हैं और वनडे श्रृंखला में खेलने के लिए तैयार हैं।

टीम प्रबंधन की ओर से जारी बयान में कहा गया है, कप्तान नेट साइवर-ब्रंट के पूरी सीरीज में खेलने की उम्मीद है, भले ही वह टी20 सीरीज के अंत में नहीं खेल पाईं। इंग्लैंड की मुख्य कोच शार्लेट एडवर्ड्स ने कहा, भारत ने टी20 सीरीज में हमें कड़ी टक्कर दी है। हमने उनसे यही उम्मीद की थी। इन तीन मुकाबलों से हमने अपनी टीम के बारे में बहुत कुछ सीखा है।

उन्होंने कहा हमारी टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और हमें अपने प्रयासों को अधिक निरंतरता के साथ आगे बढ़ाना होगा। वनडे सीरीज में भी हमसे यही अपेक्षा की जाएगी। गौरतलब है कि भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले दो मुकाबले जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है।

इंग्लैंड महिला वनडे टीम (भारत के खिलाफ) : नेट साइवर-ब्रंट (कप्तान), ईएम अर्लॉट, सोफिया डंकले, एम्मा लैम्ब, टैमी ब्यूमोंट (विकेटकीपर), एमी जोन्स (विकेटकीपर), माया बुशियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस,एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफी एक्लेस्टन, लॉरेन फाइलर, लिंसी स्मिथ, लॉरेन बेल।

चेल्सी के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले बोले मैनेजर रेनाटो गौचो

इतिहास रचने उतरी है फ्लुमिनेंस

न्यूयॉर्कः फीफा क्लब वर्ल्ड कप सेमीफाइनल मुकाबले से पहले फ्लुमिनेंस के मैनेजर रेनाटो गौचो ने कहा है कि उनकी टीम अमेरिका में इतिहास रचने के मकसद से आई है। मंगलवार को चेल्सी के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में रेनाटो ने माना कि उनकी टीम यूरोपीय क्लबों के मुकाबले वित्तीय रूप से कमजोर है, लेकिन आत्मविश्वास, अनुशासन और समर्पण ने उन्हें यहां तक पहुंचाया है।

रेनाटो ने कहा, फ्लुमिनेंस को अक्सर अग्ली डक्लिंग कहा जाता है, लेकिन इसके बावजूद हमने यह दिखाया है कि हम फाइनल तक पहुंच सकते हैं और क्लब वर्ल्ड कप जीत भी सकते हैं। उन्होंने बताया कि फ्लुमिनेंस जैसे रियो डी जनेरियो स्थित क्लब के पास चेल्सी, रियल मैड्रिड या पेरिस सेंट-जर्मेन जैसे क्लबों की तुलना में महज 10% से भी कम वित्तीय क्षमता है।

उन्होंने कहा, बड़े क्लबों के पास दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों को साइन करने की पूरी क्षमता होती है। लेकिन हमने यहां तक मेहनत, विनम्रता और आत्म-विश्वास से पहुंचा है। फ्लुमिनेंस ने ग्रुप एफ में दूसरा स्थान हासिल किया था और फिर नॉकआउट चरण में इंटर मिलान व अल हिलाल को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। दूसरी ओर, चेल्सी ने ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहते हुए बेनफिका और पाल्मेइरस को पछाड़ा है। रेनाटो ने चेल्सी के तेज और तकनीकी रूप से सक्षम फॉरवर्ड्स की तारीफ करते हुए कहा, उनके पास दो तेज विंगर हैं जो एक-के-बनाम-एक मुकाबलों में बहुत प्रभावी हैं और जोआओ पेड्रो एक शानदार स्ट्राइकर है। मिडफील्ड में भी सोच समझकर खेलने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी टीम अपना आक्रामक खेल जारी रखेगी।

उन्होंने कहा हम हमेशा प्रतिद्वंद्वी की ताकत को सीमित करने की कोशिश करते हैं, लेकिन जब गेंद हमारे पास होती है तो हम खुलकर खेलते हैं, और यही हमारी सफलता का मंत्र है। हालांकि रेनाटो ने अपने शुरूआती प्लेइंग इलेवन या फॉर्मेशन का खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने यह जरूर कहा कि इस टूनार्मेंट में उनकी रणनीतिक लचीलापन उनकी सफलता का बड़ा कारण रहा है। उन्होंने कहा, मैंने टूनार्मेंट में दो बार फॉर्मेशन बदला और हर बार हमें अच्छे नतीजे मिले। न्यू जर्सी स्थित मेटलाइफ स्टेडियम में होने वाले इस मैच का विजेता फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन या रियल मैड्रिड से भिड़ेगा। रेनाटो ने साफ कहा कि उनकी टीम केवल सेमीफाइनल तक पहुंचकर संतुष्ट नहीं होगी। उन्होंने कहा, क्या हमने अब तक इतिहास रचा है? हां। क्या हम खुश हैं? बिल्कुल। लेकिन हमारा लक्ष्य इससे आगे का है, हम फाइनल में पहुंचना चाहते हैं।

खेल मंत्री मंडाविया ने उत्तर प्रदेश के मोदीनगर में अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग का उद्घाटन किया

नई दिल्ली : केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज उत्तर प्रदेश के मोदीनगर में अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग के 2025 सीजन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू भी मौजूद रहीं। लीग के उद्घाटन संस्करण में आठ विभिन्न भार वर्गों में कुल 42 बालिकाएं हिस्सा ले रही हैं। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता ओपन कैटेगरी में आयोजित की जा रही है।

अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी के निधन पर आईसीसी ने जताया शोक

दुबईः अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अफगानिस्तान के अनुभवी अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी के 41 वर्ष की आयु में निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। बिस्मिल्लाह जान शिनवारी आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ अंपायर्स के सदस्य थे और उन्होंने अपने करियर में 25 पुरुष वनडे और 21 पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग की थी। उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय दायित्व इस वर्ष फरवरी में ओमान के अल अमेरात में आयोजित आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 का हिस्सा था। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने उनके निधन पर दुख प्रकट करते हुए शोक संदेश में कहा, बिस्मिल्लाह एक प्रसिद्ध अंपायर थे जिन्हें खिलाड़ी, साथी अंपायर और अधिकारी सभी समान रूप से सम्मान देते थे। वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सर्किट पर एक जाना-पहचाना चेहरा थे और उनके सामने एक लंबा करियर था। उन्होंने आगे कहा, क्रिकेट के लिए उनका योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहा है। क्रिकेट समुदाय उन्हें बेहद याद करेगा। हम इस अपूरणीय क्षति से बेहद दुखी हैं और उनके परिवार व प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट करते हैं।

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इंदौर में भारत के पहले राज्य स्तरीय क्रिकेट म्यूज़ियम का किया उद्घाटन

इंदौर : केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के परिसर में देश के पहले राज्य-स्तर पर स्थापित क्रिकेट म्यूज़ियम का भव्य उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर भी विशेष रूप से मौजूद रहे। यह संग्रहालय भारत के क्रिकेट इतिहास की विरासत को संजोने वाला ह्यजीवंत अभिलेखागारह्ल है, जिसमें 500 से अधिक दुर्लभ और ऐतिहासिक वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। इनमें शताब्दी पुराना क्रिकेट गियर, ऐतिहासिक बैट्स, मैच में पहनी गई जर्सी, हस्ताक्षरित पत्र, मूल स्कोरकार्ड और महान क्रिकेटरों की व्यक्तिगत वस्तुएं शामिल हैं। इन योगदानकताओं में कर्नल सी.के. नायडू, कपिल देव, राहुल द्रविड़ और दिलीप वेंगसरकर जैसे दिग्गज शामिल हैं।

संग्रहालय के उद्घाटन पर सिंधिया ने भावुक होते हुए कहा, यह सिर्फ ईंट और रोशनी का ढांचा नहीं, बल्कि एक सपना है जो साकार हुआ है। एमपीसीए ने जो बनाया है, वह सिर्फ एक संग्रहालय नहीं, बल्कि एक कहानी कहने वाला स्थान है। यह क्रिकेट का मंदिर है। सिंधिया ने बताया कि इस संग्रहालय की कल्पना उन्होंने 15 वर्ष पूर्व एमपीसीए अध्यक्ष रहते हुए की थी। उन्होंने वर्तमान अध्यक्ष अभिलाष नंदीगड़ और उनकी टीम की अथक मेहनत की सराहना की और इसे दृढ़ संकल्प और जुनून का परिणाम बताया। इस अवसर पर सिंधिया ने पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर को जेंटलमैन क्रिकेटर बताते हुए उनकी विनम्रता और क्रिकेट में योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, वेंगसरकर उन गिने-चुने खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने दुनिया को रुककर भारत का खेल देखने पर मजबूर किया। सिंधिया ने कहा, एमपीसीए म्यूज़ियम भारत की आत्मा का प्रतीक है, जहां विरासत, प्रेरणा से मिलती है। इस तरह की दूरदर्शिता के साथ एमपीसीए कभी पीछे नहीं रहेगा, बल्कि और भी शतक बनाएगा।

क्रिकेट की विरासत से भरी हर दीवार : संग्रहालय में 1956 का विस्डन अल्मनैक, कपिल देव द्वारा ज़िम्बाब्वे के खिलाफ 175* रन बनाने वाले मैच में इस्तेमाल किया गया मोंगूज बैट, और एक विशेष आईपीएल गैलरी शामिल हैं। साथ ही एमपीसीए के गौरवशाली होलकर युग से लेकर वर्तमान तक के खिलाड़ियों को समर्पित अनुभाग भी दर्शकों को अतीत में ले जाते हैं। उद्घाटन के मौके पर एमपीसीए की हालिया उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला गया।

एंजेल दी मारिया की घर वापसी, दो दशक बाद रोसारियो सेंट्रल से जुड़े

ब्यूनस आयर्सः अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर एंजेल दी मारिया ने लगभग दो दशकों बाद अपने घरेलू क्लब रोसारियो सेंट्रल में वापसी कर अपने सपने को साकार किया है। 37 वर्षीय दी मारिया को सोमवार को रोसारियो शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आधिकारिक रूप से क्लब के नए खिलाड़ी के रूप में पेश किया गया।

भावुक दी मारिया ने कहा, यह मेरे लिए बेहद खूबसूरत पल है। यह वो सपना है जो मैं लंबे समय से देख रहा था। मैं पहले आना चाहता था, लेकिन संभव नहीं हो पाया। आज मैं यहां हूं, अपने परिवार के साथ, खुश हूं। दी मारिया ने पुर्तगाली क्लब बेनफिका के साथ अपना अनुबंध समाप्त होने के बाद फ्री ट्रांसफर के तहत रोसारियो सेंट्रल से एक साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें विस्तार का विकल्प भी शामिल है। गौरतलब है कि दी मारिया ने अपने पेशेवर करियर की शुरूआत 2005 में रोसारियो सेंट्रल से की थी। इसके बाद उन्होंने बेनफिका, रियल मैड्रिड, मैनचेस्टर यूनाइटेड, पेरिस सेंट जर्मेन और जुवेंटस जैसे दिग्गज यूरोपीय क्लबों के लिए खेला।

अर्जेंटीना के लिए 145 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले दी मारिया 2022 फीफा विश्व कप, 2021 और 2024 कोपा अमेरिका खिताब जीतने वाली टीम के अहम सदस्य रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने अपने करियर में बहुत कुछ हासिल किया है, लेकिन यह उससे भी बढ़कर है। इतने सालों बाद घर लौटना, रोसारियो में फिर से रहना, सेंट्रल की जर्सी पहनना और यहां के लोगों को खुश देखना – यही सबसे बड़ा सुख है। दी मारिया ने यह भी कहा कि वह चाहते थे कि उनकी बेटियां और पत्नी भी इस अनुभव का हिस्सा बनें। यह एक सपना है जो अब सच हो रहा है। आज जब मैंने चारों ओर देखा, तो यकीन नहीं हो रहा था कि मैं यहां हूं।

झुमरीतिलैया नगर परिषद ने किया 'वस्त्र एवं किताब दान कार्यक्रम' का आयोजन

चलंत टोटो को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं कोडरमा उपायुक्त ऋतुराज ने किया रवाना

नव प्रदेश संवाददाता

झुमरी तिलैया। नगर परिषद द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देने हेतु वस्त्र दान एवं किताब दान कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम ब्लॉक रोड स्थित जिला पुस्तकालय से प्रारंभ किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में नागरिकों ने पुराने उपयोगी वस्त्रों और पुस्तकों को दान कर मानवीय सेवा में योगदान दिया। इस अवसर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एक चलंत टोटो वाहन की व्यवस्था की गई, जिसे केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं

कोडरमा उपायुक्त ऋतु राज द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह टोटो नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों से वस्त्र और किताबें एकत्र करेगा, जो बाद में जरूरतमंदों तक पहुँचाई जाएँगी।महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि वस्त्र दान का बहुत महत्व है, यह न केवल जरूरतमंदों की मदद करता है बल्कि दान करने वाले को भी कई लाभ पहुंचाता है। पुस्तक दान का बहुत महत्व है, यह ज्ञान और शिक्षा को फैलाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। इससे न केवल जरूरतमंदों को ज्ञान प्राप्त होता है, बल्कि यह पढ़ने के प्रति प्रेम और सामुदायिक जुड़ाव को भी बढ़ावा देता है। कोडरमा उपायुक्त ऋतुराज ने कहा यह पहल जन सहयोग से चल रही है और नागरिकों से अपील है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस पुनीत कार्य में भाग लें।ओर जरूरत मंद लोगो को वस्त्र मुहैया कराया जा सके। नगर परिषद प्रशासक अंकित गुप्ता ने बताया कि वस्त्र एवं किताब दान कार्यक्रम को लेकर नगर परिषद क्षेत्र में टोटो संचालित किया जा रहा है जिसमें शहरवासी अपना वस्त्र एवं किताब दान कर सकते हैं ओर अगर किन्ही शहरवासी को दान करने में किसी प्रकार कि समस्या है तो वो 8473868856 इस नंबर पर सम्पर्क कर सकते है ।मौके पर कोडरमा डीडीसी रवि जैन, डीआईओ सुभाष यादव, सभी रेवेन्यू इंस्पेक्टर, पर्यवेक्षक, मिल्टन टंडन, बिमल शर्मा समेत नप के अनेकों पदाधिकारी मौजूद थे।

चट्टीबरियातू पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल, ऋत्विक कंपनी के कार्यशैली के खिलाफ ग्रामीणों के समर्थन में बैठे धरने पर

नव प्रदेश संवाददाता

हजारीबाग। लोकसभा क्षेत्र में एनटीपीसी की चट्टीबरियातू कोल माइंस परियोजना एक बार फिर विवादों में घिर गई है। आउटसोर्स कंपनी ऋत्विक पर जनभावना और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करते हुए केरेडारी प्रखंड के चट्टीबरियातू गांव स्थित बड़ा तालाब (लातो आहर) के मेढ़ को काटने और ड्रिल के जरिए पानी निकालने का आरोप लगा है। यह घटना सोमवार रात करीब 2 बजे सामने आई, जब ग्रामीणों ने पोकलेन मशीन का उपयोग कर गुपचुप तरीके से किए जा रहे इस प्रयास का तीव्र विरोध किया। ग्रामीणों के अनुसार जैसे ही उन्हें इसकी भनक लगी वे इकट्ठा हुए और काम को रोका। ग्रामीणों के विरोध के बाद पोकलेन चालक और अन्य कर्मचारी मशीन छोड़कर फरार हो गए। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीण तुरंत गोलबंद हो

गए और मंगलवार सुबह इसकी सूचना हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल को दी। सूचना मिलते ही सांसद मनीष जायसवाल तत्काल चट्टीबरियातू के संबंधित तालाब पर पहुंचे और पूरी घटना का बारीकी से जायजा लिया। उन्हें पता चला कि यह तालाब चट्टीबरियातू, नावाडीह, पगार, भुइयांटोली सहित आसपास के कई गांवों के लोगों के लिए नहाने-धोने और सिंचाई का मुख्य स्रोत है। मौके का मुआयना करने के बाद सांसद जायसवाल चट्टीबरियातू मंदिर प्रांगण पहुंचे, जहाँ उन्होंने ग्रामीणों से विस्तार से विमर्श किया। इसके बाद उन्होंने एनटीपीसी चट्टीबरियातू कोल माइंस परियोजना के परियोजना प्रमुख (एचओपी) सी.वी. नवीन से मोबाइल पर बात की। सांसद ने उन्हें को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि कंपनी जनभावना के खिलाफ कोई भी कार्य करती है, तो एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि के तौर पर वे हर स्तर पर इसका विरोध करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि कंपनी को ग्रामीणों के साथ भाईचारे और समझौते के साथ काम करना चाहिए, न कि जोर-जबर्दस्ती से। सांसद मनीष जायसवाल ने परियोजना प्रमुख को स्पष्ट रूप से बताया कि वह जनता के साथ धरने पर बैठे हैं और तब तक बैठे रहेंगे जब तक तालाब के काटे गए मेढ़ को वापस भर नहीं दिया जाता और किए गए ड्रिल को बंद नहीं कर दिया जाता । सांसद मनीष जायसवाल के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, भाजपा नेता जुगनू सिंह, बड़कागांव भाजपा मंडल के सांसद प्रतिनिधि रंजीत मेहता, भाजपा नेता उपेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, नरेश महतो, शिबू मेहता, नारायण यादव, प्रकाश गुप्ता, प्रीतम साहू, बालगोविंद सोनी, अमित कुमार गुप्ता, आजसू नेता पंकज साहा, कंचन यादव, नरेश महतो, संजय दुबे, कर्मचारी साव, उदय मेहता, विधा अलंकार सहित अन्य गणमान्य लोग सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद हैं।

वित्त मंत्रालय के निर्देश पर बेकोबार दक्षिणी पंचायत में जन- कल्याण शिविर का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। प्रखण्ड अंतर्गत बेकोबर दक्षिणी पंचायत भवन में वित्तीय समावेशन अभियान के तहत एकदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन सीएफएल स्वधार फिनएक्सेस और नोडल बैंकझ्र केनरा बैंक झुमरी तिलैया शाखा द्वारा किया गया। शिविर में एलडीएम कोडरमा बिमलकांत झा के मार्गदर्शन में बैंकिंग एवं बीमा सेवाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इस दौरान शाखा प्रबंधक शशिकांत बरनवाल और शाखा टीम ने ग्रामीणों को बैंकिंग, बीमा और पेंशन योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित कई योजनाओं की जानकारी दी गई एवं मौके पर पंजीकरण भी कराया गया। सीएफएल इंचार्ज रत्नेश कुमार द्वारा ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता का

प्रशिक्षण दिया गया। जिससे योजनाओं की समझ और जागरूकता में वृद्धि हुई। इस अवसर पर मुखिया सुषमा देवी, पंचायत सचिव गौरव राज, तथा जेएसएलपीएस के समन्वयक मो. अली अहमद की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने ग्रामीणों को जागरूक किया और योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। यह शिविर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन विशेष अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक वित्तीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है।

चंचाल धाम में विद्यालय परिवार ने किया पूजा अर्चना

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। जिले के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया पंचायत में संचालित सत्यम शिवम सुंदरम +2 उच्च विद्यालय फुलवरिया के विद्यालय परिवार की ओर से 8 जुलाई को प्रसिद्ध चंचाल धाम में पूजा अर्चना किया मां का दरबार में विद्यालय परिवार नतमस्तक हुए भक्तों ने लोगों के लिए मां से सुख शांति की कामना करते हुए असीम कृपा बरसते हुए हम भक्तों पर ध्यान रखने की बात कही. मां का दरबार निराला होता है मां जब भक्तों को बुलाती है भक्त दौड़े दौड़े मां के दरबार में नतमस्तक हो जाते हैं प्राकृतिक के गोद में बसा मां चंचाल धाम का गुणगान पूरे क्षेत्र में है विद्यालय के निदेशक सुखदेव हजाम ने कहा मन की शुद्धता को पूजा कहते हैं एवं मन की शांति को प्रार्थना कहते हैं.मां बड़ा दयालु होती है मां के दरबार में जो भी भक्त नतमस्तक होकर पवित्र मन से जो कुछ मांगते हैं मां उन्हें पूरा कर देती है. मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आशीष मिस्त्री प्राचार्य रामकृष्ण मेहता, दशम वर्ग के पूर्व विद्यार्थी लक्ष्मी कुमारी, रानी कुमारी, विवेक कुमार, सनी कुमार, श्याम कुमार, नंदन कुमार आदि ने भाग लिया पूजा अर्चना कार्यक्रम को लेकर विद्यालय के शिक्षक प्रदीप कुमार मेहता, अरुण कुमार, शिक्षिका ममता कुमारी, राजन कुमार मेहता का योगदान रहा।

विभावि में रिसर्च मेथडोलॉजी पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

नव प्रदेश संवाददाता

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग द्वारा मंगलवार को रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आरंभ सीवी रमन विज्ञान भवन के आर्यभट्ट सभागार में हुआ। कार्यशाला का आयोजन उच्च शिक्षा निदेशालय, रांची के सहयोग से किया गया है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुसंधान की आधुनिक पद्धतियों, सैद्धांतिक अवधारणाओं और सांख्यिकीय उपकरणों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में वनस्पति विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. पी. के. मिश्रा ने शोध की बुनियादी प्रविधियों और नैतिक पक्षों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने विषय चयन, साहित्य समीक्षा, डेटा संग्रहण की प्रक्रिया तथा शोध में मौलिकता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शोध केवल तथ्यों का संकलन नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक जिम्मेदार बौद्धिक कर्तव्य है, जिसमें नैतिकता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ईस सत्र

का धन्यवाद ज्ञापन अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. गंगानाथ सिंह ने करतै हुए कहा कि शोध में अंतर्विषयक दृष्टिकोण और भाषा की सटीकता पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को सुझाव दिया कि वे अनुसंधान करते समय अपने विषय की सीमाओं के साथ-साथ समाज की व्यापक चुनौतियों को भी ध्यान में रखें। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में बी. एन. मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा, बिहार के मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. इंतेखाबुर रहमान ने सॉफ्टवेयर की तकनीकी उपयोगिता पर व्याख्यान दिया। उन्होंने रढरर के विभिन्न मॉड्यूल्स, डेटा एनालिसिस की प्रक्रिया, पैरामीट्रिक और नॉन-पैरामीट्रिक टेस्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी प्रस्तावित किया कि विश्वविद्यालय स्तर पर सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर पर आधारित पाठ्यक्रम को अनिवार्य किया जाना चाहिए, जिससे विद्यार्थी शोध के व्यावहारिक पहलुओं से सीधे जुड़ सकें। कार्यशाला के अंतिम सत्र में विज्ञान संकाय के डीन डॉ. एच. एन. सिन्हा ने ₹पायलट स्टडी₹ की अवधारणा पर केंद्रित विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि किसी भी शोध की सफलता उस पर आधारित पूर्व परीक्षण या पायलट अध्ययन की वैज्ञानिकता पर निर्भर करती है। दो दिवसीय इस कार्यशाला में कुल 162 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान विभाग की अनु वर्मा और कुमारी प्रियंका ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सादिक रज्जाक, मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, वित्त परामर्शी डॉ. अखिलेश झा, वित्त पदाधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुशवाहा, जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुकल्याण मोइत्रा, डॉ. गंगानंद सिंह, डॉ. अमिताभ सामंता, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के. अग्रवाल, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. कैसर, डॉ. जॉनी रूफिना तिर्की, डॉ. विनिता बांकिरा, डॉ. मोख्तार आलम, डॉ. बलदेव राम प्राचार्य, रकट्टा डिग्री कॉलेज), डॉ. जयप्रकाश आनंद (प्राचार्य, बरही डिग्री कॉलेज), भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. सरोज सिंह, सत कोलंबस कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सबिता शीतल, डॉ. परीक्षित लायक सहित अनेक प्राध्यापक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंतिम सत्र के लिए धन्यवाद ज्ञापन शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. तनवीर यूनुस ने किया। उन्होंने सहभागिता और ज्ञान-साझाकरण की इस पहल के लिए आयोजन समिति, अतिथियों तथा प्रतिभागियों को विशेष रूप से आभार प्रकट किया।

क्लब का अधिष्ठापन समारोह में विनय लोधा बने नए अध्यक्ष

पश्चिम सिंहभूम। पश्चिम सिंहभूम जिला में रोट्रैक्ट क्लब ऑफ चाईबासा का अधिष्ठापन समारोह सोमवार देर शाम सामाजिक सौहार्द और प्रेरणा से परिपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। समारोह में विनय लोधा ने अध्यक्ष तथा केशव दोदराजका ने सचिव पद की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. आर. भारत एवं टीएमएच अस्पताल की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. विजया भारत थीं। इस अवसर पर रोटेरियन देवेंद्र जेना तथा रोटरी क्लब चाईबासा के अध्यक्ष विकास दोदराजका भी उपस्थित रहे। समारोह में चाईबासा की कई प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। जायंट्स क्लब के अध्यक्ष दीपक शर्मा, इनर व्हील क्लब की शालिनी सर्राफ तथा मारवाड़ी महिला समिति की

अध्यक्षा चंचल सर्राफ विशेष रूप से शामिल हुईं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनय लोधा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज सेवा उनका प्राथमिक कर्तव्य है और वे तन, मन, धन से क्लब को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। समारोह में क्लब के सक्रिय सदस्य अक्षय गुप्ता, अभिषेक कुमार, अमित पोद्दार, हर्षित मुंधरा, अमन गुप्ता, सुमित अग्रवाल, विशाल गुप्ता, रवि अग्रवाल, सौरव मुंधरा, आकाश अग्रवाल, कपिल गोयल, प्रशांत गुप्ता, विवेक शर्मा, नीलाशिष, देवल खीरवाल, विष्णु भूत, सौरव गुप्ता और पालक चावला उपस्थित थे। इस दौरान क्लब में चार नए सदस्यों झ्र सुमित रक्षित, सौरव राम, कन्हैया पाण्डेय और सौरव भगत झ्र का भी स्वागत कर उन्हें सदस्यता प्रदान की गई। समारोह के अंत में सभी अतिथियों के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया गया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

गांजा सौदे के दौरान पुलिस का छापा, एक गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम। परसुडीह थाना क्षेत्र के सलगाजोड़ी शांतिनगर फुटबॉल मैदान के पास उस समय हड़कंप मच गया जब पुलिस ने अचानक छापेमारी कर एक युवक को गांजा के साथ रंगेहाथ पकड़ लिया। जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि मैदान के पास एक व्यक्ति गांजा का कारोबार कर रहा है। सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारी के आदेश पर परसुडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम में पुलिस अवर निरीक्षक रितेश कुमार, गौतम कुमार वर्मा, हिरालाल तुबिद, टाइगर मोबाइल के जवान सैयद सलमान अख्तर और इमरान खान सहित अन्य सशस्त्र बल शामिल थे। यह जानकारी मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में पुलिस अधिकारियों ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर चारों ओर से घेराबंदी कर दी। इस दौरान पुलिस को देखते ही एक युवक भागने लगा, जिसे



जवानों की मदद से दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम सौरभ कुमार दास (23), निवासी बिरसानगर, लाल टाल बिकु महतो के भाड़ेदार नियर हरि मंदिर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से सफेद रंग के प्लास्टिक जैसे थैले में रखा करीब 846 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इसकी अनुमानित कीमत 85 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने जब उससे गांजा के वैध कागजात दिखाने को कहा तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका और न ही संतोषजनक जवाब दे पाया। इसके बाद मौके पर ही गांजा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में पुलिस अवर निरीक्षक रितेश कुमार के आवेदन पर परसुडीह थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

एक नजर

चुनाव आचार संहिता से जुड़े प्रकरण में पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू एवं पूर्व महामंत्री अनिल मिश्रा बरी

हजारीबाग। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान हजारीबाग सदर थाना में दर्ज आचार संहिता उल्लंघन (सदर थाना काण्ड संख्या 211/2014, जी.आर. 151/14, धारा 171-एच भा.दं.सं.) के एक दशक पुराने मामले में आज न्याय की जीत हुई। न्यायिक दंडाधिकारी श्री हेमंत कुमार सिंह की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप एवं पूर्व महामंत्री अनिल मिश्रा को आरोपमुक्त कर दिया। गौरतलब है कि यह मामला विगत 11 वर्षों से लंबित था, जिसमें आज दोनों नेताओं को न्यायालय द्वारा दोषमुक्त घोषित किया गया। इस निर्णय से दोनों नेताओं को बड़ी राहत मिली है। उक्त मुकदमे में अधिवक्ताओं की एक अनुभवी टीम-वरिष्ठ अधिवक्ता धनंजय कुमार सिंह, अधिवक्ता सह पूर्व जिला उपाध्यक्ष राणा राहुल प्रताप, अधिवक्ता श्री प्रमोद कुमार सिंह, अधिवक्ता अजय कुमार, अधिवक्ता अश्विनी कुमार, अधिवक्ता श्री मनोरंजन राय, अधिवक्ता परमीत ओझा एवं अधिवक्ता प्रिंस कुमार-ने सशक्त पैरवी की। रिहाई की इस घड़ी में न्यायालय परिसर में समर्थकों एवं अधिवक्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। यह निर्णय न केवल दोनों नेताओं के लिए व्यक्तिगत राहत का विषय है, बल्कि लंबे समय से चले आ रहे न्यायिक संघर्ष की परिणति भी है।

विद्यालयों को युडायस प्लस पोर्टल से सम्बंधित प्रशिक्षण शुरू

चौपारण। प्रखण्ड अंतर्गत कुल 234 विद्यालयों जिनमें 161 सरकारी एवं 74 निजी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को युडायस प्लस पोर्टल से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण की शुरूआत सोमवार को प्रशिक्षण प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, चौपारण से किया गया। जिसमें प्रखण्ड समन्वयक पवन कुमार द्वारा युडायस प्लस के तीन प्रमुख मॉड्यूल प्रोफाइल एंड फैसिलिटी मॉड्यूल, टीचर मॉड्यूल, स्टूडेंट मॉड्यूल पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इन मॉड्यूल्स में शत-प्रतिशत डेटा अद्यतन कैसे किया जाए। उन्होंने बताया कि इस कार्य को सभी स्कूलों को 10 जुलाई 2025 तक पूर्ण किया जाना है। प्रशिक्षण के दौरान बीपीएम मोहम्मद आरिफ, बीआरपी मोहम्मद सईद, शशि कुमार, यशवंत राणा, रूपलाल साव समेत सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण विद्यालयीय डेटा के समय पर एवं सटीक संकलन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

झुलसे मरीजों से मिले मुन्ना सिंह, सड़क की बदहाली पर जताई चिंता

हजारीबाग। कांग्रेस पार्टी के पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी और नगर निगम प्रभारी मुन्ना सिंह ने मंगलवार को हजारीबाग में जन सरोकार से जुड़े दो अहम विषयों पर सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई और यह स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी जनता की पीड़ा में सबसे पहले खड़े रहने वाली पार्टी है। मुन्ना सिंह ने सदर प्रखंड के पौंता पंचायत स्थित तुरांव गांव में झुलसे हुए पीड़ितों से शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाकर मुलाकात की। उन्होंने भर्ती मरीजों के परिजनों से मिलकर उनकी स्थिति की जानकारी ली, ढांढस बंधाया और उन्हें आश्वस्त किया कि संकट की इस घड़ी में कांग्रेस परिवार उनके साथ है। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक प्रो. डॉ. अनुकरण पूर्ति से भेंट कर पीड़ितों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मानवीय पीड़ा के समय कोई अकेला महसूस न करे, यही कांग्रेस की आत्मा है। इलाज में कोई लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है।इसी क्रम में मुन्ना सिंह ने हजारीबाग की लाखे मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति का जायजा लिया। सड़क पर जल–जमाव, कीचड़ और गंदगी की गंभीर हालत को लेकर उन्होंने स्थानीय नागरिकों से फीडबैक लिया और स्वयं मौके पर स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने कहा यह सड़क आज एनएचएआई के उदासीनता की प्रतीक बन चुकी है। जनता रोजाना जिस पीड़ा से गुजरती है, वह किसी भी ज़िम्मेदार व्यवस्था के लिए शर्मनाक है। उन्होंने तत्काल नगर आयुक्त से फोन पर बातचीत कर स्थिति की जानकारी दी और त्वरित समाधान की मांग की। नगर आयुक्त ने बताया कि यह सड़क तकनीकी रूप से एनएचएआई के अधीन आती है, और पूर्व में इसके लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई थी। हालाँकि उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब इसे प्राथमिकता में लेते हुए कार्य किया जाएगा। मुन्ना सिंह जी ने साफ कहा कि कांग्रेस विरोध की राजनीति नहीं करती, कांग्रेस समाधान के साथ खड़ी होती है। आज हजारीबाग की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है। यह केवल विकास की नहीं, नागरिक सम्मान की लड़ाई है। कांग्रेस हर उस व्यक्ति के साथ है जो उपेक्षित है, पीड़ित है और आवाजहीन है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा संघर्ष सिर्फ.चुनावी नहीं, सामाजिक है। हमारी उपस्थिति सिर्फ.मंचों पर नहीं, संकट में भी होनी चाहिए और हम उसी रास्ते पर चल रहे हैं। सिंह ने आम लोगों से अपील की कि क्षेत्र की किसी भी समस्या को लेकर वे बेझिझक संपर्क करें। कांग्रेस पार्टी हमेशा जन संघर्षों के साथ है और रहेगी।

उपायुक्त ऋतुराज ने किया प्रखंड/अंचल कार्यालय कोडरमा का निरीक्षण

कोडरमा। उपायुक्त ऋतुराज ने आज प्रखंड एवं अंचल कार्यालय कोडरमा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, राजस्व अभिलेखों के संधारण, कार्यालय की उपस्थिति पंजी, और आम जनता को प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की गहन समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय में समयपालन एवं पारदर्शिता को सुनिश्चित किया जाए, साथ ही सभी लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाए। उन्होंने आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर की स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देने को कहा और बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था हेतु आवश्यक सुझाव दिए।

ट्रेड यूनियन के हड़ताल को राजद का समर्थन

कोडरमा। 9 जुलाई को ट्रेड यूनियन एवं किसान संगठनों के संयुक्त आह्वान पर आम हड़ताल को राष्ट्रीय जनता दल ने समर्थन किया है। देशब्यापी आम हड़ताल में लेफ्ट पार्टी और ट्रेड यूनियन के हड़ताल में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता अपनी ताकत के साथ सड़क पर उतर कर केंद्र सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों का विरोध करेगी। राजद जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार ने मजदूरों और किसानों के खिलाफ जंग छेड़ दी है। मजदूरों के हितों की घोर उल्लंघन कर रही है। वहीं किसानों के खिलाफ पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियां जबरन थोप रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मजदूर–किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ मजदूर और किसान हड़ताल के जरिये अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रखेगी। राष्ट्रीय जनता दल उनकी मांगों का समर्थन करती है और आम हड़ताल में कंधे से कंधे मिलाकर सड़क पर उतरेगी। उन्होंने कोडरमा जिले के राजद कार्यकताओं से अपील की है 9 जुलाई को 11 बजे दिन से वीर कुंवर सिंह चौक से निकलने वाली हड़ताल जुलूस में भारी संख्या में शामिल होकर हड़ताल को सफल बनाने में अहम योगदान दें।

रोलर स्केटिंग में डीएवी सीनियर विंग, कैनरी हिल हजारीबाग को ओवर ऑल रनर अप का खिताब मिला

हजारीबाग । स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग कैनरी हिल, हजारीबाग की स्केटिंग टीम ने डीएवी उरीमारी में आयोजित क्लस्टर लेवल गेम्स एंड स्पोर्ट्स के तत्वाधान में स्केटिंग की प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन के बल पर ओवरऑल रनरअप का खिताब जीता । इस प्रतियोगिता में बच्चों ने कुल 8 गोल्ड मेडल, 7 सिल्वर मेडल और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पूरे प्रतियोगिता के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा। इस उपलब्धि पर डीएवी के प्राचार्य डॉ रजनीश कुमार ने सभी बच्चों के साथ साथ इनके एस्कॉर्ट कोच श्री कुणाल गोस्वामी को भी बधाई दी ।

गोपाल खेमका की हत्या क्यों की गई? डीजीपील विनय कुमार ने बताई सारी बातें

निरंकार भास्कर/पटना। व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के मामले में बिहार पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। डीजीपी विनय कुमार ने बताया कि सीसीटीवी, बाइकों और आरोपियों की पहचान के आधार पर पुलिस ने उमेश यादव को गिरफ्तार किया है और एक अपराधी विकास को एनकाउंटर में ढेर गोपाल खेमका मर्डर केस, पटना व्यवसायी हत्या, बिहार पुलिस खुलासा, पटना क्राइम न्यूज, उमेश यादव शूटर, अजय वर्मा गैंग, पटना मर्डर केस डीजीपी प्रेस, खेमका हत्याकांड अपडेट, बिहार पुलिस ने पटना के बड़े व्यवसायी

गोपाल खेमका मर्डर केस के खुलासे का दावा किया है। खुद सूबे के डीजीपी विनय कुमार ने मामले का खुलासा किया है. पुलिस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीजीपी ने घटनाक्रम के बारे में विस्तार से बताया. अशोक खेमका की हत्या मामले में गिरफ्तार अशोक साव के घर से जमीन के बड़ी मात्रा में कागजात मिले हैं। पुलिस पड़ताल कर रही है, पता चल रहा है कि जमीन से संबंधित विवाद सामने आ रहा है। डीजीपी विनय कुमार ने बताया कि घटनास्थल से जो सूत्र प्राप्त हुए थे, कैमरे से जो तस्वीर आई थी, शूटर था जो हुलिया मिला था, इन सभी के आधार पर पूरे शहर के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए. साक्ष्य संग्रह किया गया, मोटरसाइकिल की पहचान की गई. उसके धारक की पहचान की गई. इसके बाद बाइक मालिक की गिरफ्तारी की गई. बाइक मालिक से पूछताछ के बाद पुलिस की जांच आगे बढ़ी। पटना एसएसपी ने बताया कि उमेश यादव से जब पूछताछ की गई तो उन्होंने घटना में संलिप्तता स्वीकार की. पूछताछ की गई तो उन्होंने हथियार के बारे में बताया, इसके बाद पुलिस को घटना में प्रतिनियुक्त हथियार बरामद किया गया. इसने पूछताछ में अशोक साह का नाम लिया। बताया कि 4 लाख में सौदा हुआ था. पचास हजार रू पहले दिए थे. उमेश यादव ने राजा से बात की, उसने हथियार लिया. अशोक साव से अशोक खेमका के बारे में जानकारी ली गई। गोपाल खेमका मर्डर केस में पुलिस ने एक अपराधी विकास को एनकाउंटर में मार गिराया है। वहीं उमेश यादव जिसे शूटर बताया जा रहा है,उसे भी गिरफ्तार किया है। गोपाल खेमका मर्डर केस में एक कारोबारी अशोक साह को भी अरेस्ट किया गया है। बेउर जेल में बंद गैंगस्टर अजय वर्मा पर हत्या कराने का आरोप है।

जदयू कार्यकर्ताओं ने निकाली जागरूकता साइकिल रैली

नवप्रदेश/बिक्रमगंज। काराकाट विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व अरुणा सिंह, सदस्य राज्य परिषद (जदयू) बिहार सह प्रभारी तरारी विधानसभा ने किया। रैली काराकाट बाजार से चलकर काराकाट, मुंजी, जमुआ, गोड़ारी, दनवार सहित विभिन्न पंचायतों के विभिन्न गावों में पहुंच कर मतदाताओं को जागरूक किया। अरूणा देवी ने इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं को जागरूक होना आवश्यक है। वे अपने अधिकार

के प्रति जागरूक होंगे तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और जब लोकतंत्र मजबूत होगा तो देश, राज्य और क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने रैली के महत्व की चर्चा करते हुए कहा इस अभियान के तहत लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आमलोगों ने हिस्सा लिया। रैली में प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष सिंह, 20 सूत्री सदस्य जयशंकर पटेल, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा सहित कई लोगों ने भाग लिया।

शुरूआती स्टेज में कैंसर की पहचान से शत-प्रतिशत इलाज संभव

बचाव हेतु लोगों कों जागरूक करना एक अहम मुद्दा

नवप्रदेश/बेतिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लौरिया में डा मुतुर्जा अंसारी एनसीडीओ एवं डा. दिलीप कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। एनसीडी स्क्रीनिंग, ट्रीटमेंट, कैंसर इत्यादि बीमारियों की जाँच एवं उसके बारे में स्वास्थ्य कर्मियों को जागरूक करने की बातें बताई गई। एनसीडीओ डॉ मुर्तजा अंसारी ने बताया कि भारत में मौतों का 63 प्रतिशत वजह गैर संचारी रोग होता है। डॉ मुर्तजा ने कहा कि गुटका

जनित मुँह के कैंसर से प्रतिवर्ष लगभग 3.50 लाख लोगों की मौत हो रही है। इसमें अधिकतर 30 साल से उपर वाले लोग शामिल होते हैं। ऐसे संदिग्ध लोगों की स्क्रीनिंग की जाए। बीपी, शुगर, ओरल, ब्रेस्ट कैंसर या बच्चेदानी के मुँह के कैंसर की शुरूआत में ही जाँच कराकर टेली मेडीसिन या रेफरल मैनेजमेंट से इलाज सुनिश्चित कर लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि कैंसर जैसे जानलेवा बीमारी की भी पहचान अगर शुरूआती स्टेज में हो जाए तो शत-प्रतिशत इलाज संभव होता है। इस तरह लोग असमय मौत, सामाजिक-आर्थिक नुकसान से बच सकते हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार ने बताया कि आशा के द्वारा अनुमानतः 1000 की जनसंख्या में 370 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग कर अपने लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक राहुल कुमार, एफएलसी कन्हैया, बीसीएम रीना मोदी, ब्रजेश कुमार तिवारी एवं एएनएम मौजूद थीं।

पटना हाईकोर्ट ने मनरेगा में अनुबंध पर कार्यरत जेई के वेतन पुनरीक्षण पर अपनाया कड़ा रुख, अधिकारियों को दी दो सप्ताह का मोहलत.....

निरंकार भास्कर/पटना। मनरेगा में अनुबंध पर बहाल कनीय अभियंता लंबे समय से समान काम के लिए समान वेतन और न्यूनतम 60 हजार रुपये वेतनमान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मामले में हाई कोर्ट ने 18 मार्च 2024 को आदेश जारी किया था। हालांकि हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं हुआ। इसके बाद अवमानना वाद दायर किया गया। शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को दो सप्ताह की मोहलत दी है। दो सप्ताह में आदेश का अनुपालन नहीं होने पर कई विभागों के अधिकारियों को सशरीर कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। अगली सुनवाई 8 अगस्त को की जाएगी। हाई कोर्ट के वकील करणदीप कुमार ने बताया कि कनीय अभियंता एसोसिएशन के सचिव ई. मनोज कुमार व अन्य ने इस मामले में वर्ष 2018 कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान पर कोर्ट ने एक कमेटी का गठन कर वेतन पुनरीक्षण पर रिपोर्ट देने को कहा था। कमेटी की रिपोर्ट नहीं मिली तो लोकसभा चुनाव से पहले 18 मार्च 2024 को हाई कोर्ट ने विभाग को पांच महीने के अंदर वेतन पुनरीक्षण कर कार्रवाई करने का आदेश दिया था। एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आदेश का पालन नहीं हुआ। इसके बाद याचिका दायर की गयी। शुक्रवार को दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद न्यायाधीश ने दो सप्ताह के भीतर आदेश का अनुपालन दशार्ते हुए जवाब की मांग की थी। उन्होंने आदेश दिया कि अगली सुनवाई तिथि तक आदेश का सही भावना से अनुपालन नहीं किया जाता है कि सभी प्रतिवादियों को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होना पड़ेगा।

हर उम्र के लोगों को रोमांचकारी मनोरंजन व आनंद का अवसर प्रदान करता है डिजनीलैंड मेला : गरिमा

नगर के राज ड्योढ़ी परिसर में एक सप्ताह तक चलने वाले डिजनीलैंड मेले का महापौर ने किया उद्घाटन

ऐतिहासिक राज ड्योढी के इस मेले में एक ही स्थान पर भरपूर मनोरंजन, खरीदारी और खाने-पीने की सुविधा उपलब्ध,

बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने ऐतिहासिक राज ड्योढी परिसर में डिजनीलैंड मेला का उद्घाटन किया। इस मौके पर महापौर

ने कहा कि आज के तनावपूर्ण दौर में डिजनीलैंड मेला एक लोकप्रिय आयोजन बन गया है। सभी उम्र के लोगों के लिए यह खासम खास मेला विभिन्न प्रकार के मनोरंजन, खरीदारी और खाने-पीने की सुविधा का बेहतर संगम और विकल्प है। महापौर ने आयोजक और बेतिया राज प्रबंधन के हवाले से बताया कि इस मेले में विभिन्न प्रकार के झूले यथा ब्रेक डांस, टोरा टोरा और ज्वाइंट व्हील आदि के साथ ही विभिन्न प्रकार के स्टॉल होते हैं जो कपड़े, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, श्रृंगार, हस्तशिल्प और अन्य सामान बेचें जाते मिलेंगे। इसके अतिरिक्त, मेले में चाट, पिज्जा, बर्गर और मिठाई जैसे विभिन्न प्रकार के भोजन के स्टॉल भी लगे हैं। प्रोपराइटर सरताज आलम, समाजसेवी नसीम अहमद, राजेश अग्रवाल, सानिया परवीन, वसीम खान, ओमी खान, लड्डू कुमार, चन्ददीप शर्मा आदि की भागीदारी रही।

स्वस्थ जीवनशैली के लिए जेम्स स्कूल के बच्चों की संकल्प-श्रृंखला

नवप्रदेश/डेहरी। रोहतास जिले के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिकरिया स्थित जेम्स इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों ने सोमवार को मधुमेह (डायबिटीज) से बचाव और शुगर फ्री, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली मानव श्रृंखला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स के निर्देश पर आयोजित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल फ्लोरेना एलियाबेथ रूबी ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 6 से 8 तक के लगभग 800 छात्रों ने डेहरी-बंजारी पथ पर सिकरिया से लेकर बड़ी हां मुख्य मार्ग तक मानव श्रृंखला बनाई। इस अभियान का मकसद केवल

मधुमेह से बचाव नहीं, बल्कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और हेल्दी लाइफस्टाइल को लेकर समाज में जागरूकता फैलाना था। बच्चे हाथों में प्रेरक संदेशों वाले पोस्टर लेकर खड़े थे, जिन पर लिखा था मीठा कम, जीवन लंबा, नियमित व्यायाम मधुमेह से समाधान, शुगर फ्री जीवन, खुशहाल जीवन इस आयोजन में इंद्रपुरी पुलिस थाना की अनुमति और सहयोग भी प्राप्त था। पूरे मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही। 1983 में स्थापित जेम्स इंग्लिश स्कूल शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक अभियान में भी लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विद्यालय में नियमित रूप से बच्चों को शुगर कम सेवन करने, संतुलित आहार अपनाने और मधुमेह से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी जाती है। एक घंटे तक चले इस कार्यक्रम ने बच्चों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी यह सन्देश दिया कि स्वस्थ भविष्य के लिए आज से जीवनशैली में बदलाव जरूरी है। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत स्कूल के संस्थापक डी. ऑगस्टीन जेबाकुमार, सचिव गोफोर्थ जेबाकुमार और प्राचार्य रूबी मनोहरन ने मानव श्रृंखला की पहली कड़ी बनाकर की।

सूर्यपुरा प्रखंडस्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन दिनारा विधायक ने दीप प्रज्वलित कर किया

नव प्रदेश संवाददाता

सूर्यपुरा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं शिक्षा विभाग के निर्देश के आलोक में प्रखंडस्तरीय दो दिवसीय मशाल खेल कार्यक्रम 2024 का आयोजन मध्य विद्यालय अलीगंज के खेल मैदान में किया गया. जिसका उद्घाटन स्थानीय दिनारा विधायक विजय कुमार मंडल, शिक्षाविद सुदामा पांडे, सच्चिदानंद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ मनोज कुमार ने किया जबकि मंच संचालन का कार्य संकुल समन्वयक मो शमीम अहमद ने किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में आगत अतिथियों के स्वागत में राज राजेश्वरी प्लस टू विद्यालय सूर्यपुरा की दशम वर्ग की अंजली कुमारी, मुस्कान कुमारी तथा नवंम वर्ग की इकरा खातून, चंचला कुमारी तथा राजनंदनी कुमारी ने स्वागतम आपका स्वागत गाना गाकर सभी का स्वागत किया .तत्पश्चा बीई ओ मनोज कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र एवं फूल माला पहना कर किया। मशाल खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रखंड अंतर्गत सभी पांच सीआरसी से चयनित अंडर 14 एवं अंडर 16 आयु के छात्र-छात्राओं के बीच एथलेटिक्स ,60 मी, सौ मी, 600 मीटर,800 मीटर लंबी दौड़, गोला फेक, साइकलिंग का प्रतियोगिता बालक एवं बालिकाओं का हुआ. जबकि फुटबॉल खेल में केवल बालक वर्ग भाग लिया. जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अपने वाले बालक बालिकाओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र के साथ ही नगद राशि पुरस्कार में दी गई. सर्वप्रथम 60 मीटर लंबी दौड़ अंडर 14 के बालिकाओं की प्रतियोगिता में प्रथम मध्य विद्यालय कोसंदा की संध्या कुमारी, द्वितीय स्थान पर गोठानी उत्तरी की आयुषी कुमारी, तृतीय स्थान पर मध्य विद्यालय खरोज की रीता कुमारी रही।

छात्र ने बनाया अयोध्या राम मंदिर का मॉडल, 18 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देगा गिफ्ट

निरंकार भास्कर/मोतिहारी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी चंपारण दौरे को लेकर एक अनूठी पहल सामने आई है। सातवीं कक्षा के छात्र अनुराग गुप्ता ने प्रधानमंत्री को भेंट करने के लिए राम मंदिर का मॉडल तैयार किया है। अनुराग गुप्ता बचपन से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रशंसक है, उसने बताया कि जैसे ही उसे पता चला कि प्रधानमंत्री 18 जुलाई को मोतिहारी आ रहे हैं, उसने तुरंत राम मंदिर का मॉडल बनाना

शुरू कर दिया। उसका कहना है कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर प्रधानमंत्री मोदी के कारण ही बन सका है, इसलिए उनके स्वागत में इससे बेहतर उपहार कुछ नहीं हो सकता। मॉडल बनाने में लगा 8 दिन अनुराग ने यह मॉडल बेकार कार्टन और उपयोग में न आने वाली घरेलू वस्तुओं से तैयार किया है, जिसमें कुल 8 दिन का समय और लगभग 200 रुपए का खर्च आया। यह मॉडल देखने में बेहद आकर्षक और सजावटी है। छात्र का कहना है कि वह प्रधानमंत्री से मिलने को लेकर बेहद उत्साहित है और यह उसके जीवन का सबसे बड़ा सपना है। अनुराग ने कहा, मुझे काफी खुशी है कि प्रधानमंत्री का दौरा मोतिहारी में हो रहा है, मैं इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनना चाहता हूं। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोग स्वागत की तैयारियों में जुटे हैं। वहीं, जिला प्रशासन ने दौरे को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

बिहार चुनाव के लिए BLO का काम कराया तो दे दूंगा जान', स्कूल की छत पर चढ़कर कूद जाने की धमकी देने लगा टीचर

निरंकार भास्कर/ सिवान। बिहार के सिवान जिले में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची अपडेट करने के दौरान एक अजीब मामला सामने आया है। तरवारा प्रखंड के एक स्कूल में शिक्षक हारून रशीद को बीएलओ बनाया गया, लेकिन उन्होंने काम करने से इनकार कर दिया।

बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले मतदाता सूची को अपडेट करने का काम चल रहा है। ये काम बीएलओ (बीएलओ) को सौंपा गया है। सिवान जिले से एक अजीब मामला सामने आया है। एक टीचर ने बीएलओ का काम

करने से मना कर दिया। इतना ही नहीं, वह गुस्से में स्कूल की छत पर चढ़ गया और धमकी देने लगा।

टीचर का बीएलओ का काम करने से इनकार

यह घटना सिवान जिले के तरवारा प्रखंड के काजी टोला स्थित उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय में हुई। टीचर हारून रशीद को मतदान केंद्र संख्या 65 में बीएलओ बनाया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हारून रशीद ने बीएलओ का काम करने से मना कर दिया। वो नाराज होकर स्कूल की छत पर चढ़ गए।

छत से कूदकर अपनी जान देने की धमकी

खबरों में यह भी कहा गया है कि छत पर चढ़े टीचर हारून रशीद ने धमकी दी कि अगर उनसे बीएलओ का काम लिया गया तो वो वहां से कूदकर अपनी जान दे देंगे। स्कूल में टीचर का यह ड्रामा देखकर सब हैरान रह गए। उस समय वहां कुछ बच्चे भी थे. कुछ बच्चे अपने टीचर की धमकी सुनकर डर गए। जांच होने तक टीचर की सैलरी रोक दी गई। बीएलओ पर्यवेक्षक रत्नेश कुमार साह ने इस घटना का वीडियो प्रखंड विकास पदाधिकारी को भेजा है। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत भी की है। इस मामले की जांच बीईओ (बीएलओ) को सौंपी गई है। जांच होने तक टीचर की सैलरी रोक दी गई है। विभाग की ओर से मामले की जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया है।

मतदाता सूची संघन पुनर्निरीक्षण के खिलाफ भाकपा माले का कंवेंशन

नव प्रदेश/तरारी। प्रखण्ड परिसर में सोमवार को भाकपा माले की ओर से लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ मिशन के तहत कार्यकर्ता कन्वेंशन किया गया। अध्यक्षता विजेन्द्र सिंह ने किया। भाकपा माले के तरारी प्रखण्ड सचिव उपेन्द्र भारती ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक दो माह पहले सरकार की इशारे पर चुनाव आयोग ने मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण करने को निर्देश जारी किया है। असमय व अटपटा निर्देश से करोड़ों मतदाताओं को संविधान प्रदत्त मतदान का अधिकार संकट में डाल दिया गया हैं। जीतनराम मांझी और चिराग पासवान जी अपने को दलित-गरीबों का नेता कहते हैं। जबकि गरीबों का वोट के अधिकार की रक्षा की उन्हें तनिक प्रवाह नहीं हैं।

एक नजर

जदयू के कार्यकर्ताओं ने निकाला मतदाता जागरूकता साइकिल रैली

मतदाता जागरूकता मतदाता पुर्ननिरीक्षण कार्य में सजगता से करावे अपना कार्य प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार यादव

नव प्रदेश/अगिआंव भोजपुर। मतदाता पुर्णनिरीक्षण व मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं ने साइकिल मार्च निकाल आम जनों को जागरूक किया। जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा प्रखंड के पावना चासी नारायणपुर अगिआंव पोसवा वरुणा अजीमाबाद पावार समेत अन्य गांव में साइकिल मार्च निकाल मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान मतदाताओं को अपने मतदाता पुर्णनिरीक्षण कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी लेने का अपील भी किया गया। इस दौरान केदार पटेल भोला कुशवाहा रामचंद्र कुशवाहा देवेंद्र ठाकुर कन्हैया कुमार यादव रामनारायण सिंह कलावती देवी हरे राम शर्मा कामेश्वर यादव अजहर अहमद मैं साइकिल मार्च जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न पंचायत में नेतृत्व किया।

जिला पार्षद ने बनवाई अबगीला में पहला विवाह भवन

सहार (भोजपुर) । प्रखंड क्षेत्र में जनप्रतिनिधि के हाथों पहला विवाह भवन सहार-पूर्वी की जिला पार्षद मीना कुमारी के फंड से सहार पंचायत के अबगीला गांव मे बनकर तैयार हो गया है । 11 लाख दस हजार की लागत से बने इस भवन में सुसज्जित टाइल्स फर्स व हवादार युक्त एक बहुत बडा हॉल व बरामदा है जिसमें बिजली वायरिंग से पूर्ण सोन नद के खुशनुमा वादियों का आनंद लिया जा सकता है । जिला पार्षद मीना कुमारी व जनसुराज के प्रांतीय नेता घनश्याम राय ने कहा कि इस विवाह भवन के निर्माण हो जाने से शादी-ब्याह करने में गरीबों को भारी राहत मिलेगी।

कालाबाजारी के लिए रखा 1040 बोरा यूरिया जब्त, गोदाम सील, बिहार में खाद की कालाबाजारी

निरंकार भास्कर/पूर्वी चंपारण। में यूरिया खाद के लिए हाहाकार मचा है। इसी बीच कृषि विभाग ने बंजरिया पुलिस के सहयोग से 1040 बोरा यूरिया को जब्त कर लिया है. इसमें एक गोदाम के सामने छापामारी कर ट्रैक्टर पर लदे 125 बोरा यूरिया को जब्त किया। वहीं गोदाम की जांच करने पर अवैध रूप से रखे 915 बोरा यूरिया को भी जब्त किया गया है। कृषि विभाग ने गोदाम को सील कर दिया है और बरामद खाद की जांच शुरू कर दी है। सरकार के निर्देश पर लगातार खाद की कलाबाजी को रोकने के लिए छापेमारी की जा रही है. इसी दौरान सूचना मिली कि बंजरिया थाना क्षेत्र में चंचल बाबा मंदिर के पास तस्करी के लिए ले जाने के लिए खाद ट्रैक्टर पर रखा जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस के साथ मौके पर पहुंचते हीं ट्रैक्टर ड्राइवर गाड़ी छोड़कर कर फरार हो गया। वहीं गोदाम के कर्मी भी भाग खड़े हुए। प्रभात कुमार, सदर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, जांच में जुटे हैं कृषि अधिकारीः प्रभात कुमार ने बताया गोदाम की तलाशी ली। लेने पर इफ्को के अलावा कई ब्रांड के 915 बोरा खाद मिले हैं. उन्होंने बताया कि गोदाम मालिक का पता लगाया जा रहा है. यूरिया को जब्त कर गोदाम को सील कर दिया गया है. कृषि विभाग को सूचना मिली है कि गोदाम प्रकाश खेतान का है और गोदाम पर खेतान का बोर्ड भी लगा हुआ है. पुलिस और कृषि विभाग गोदाम मालिक से संपर्क करने के प्रयास में लगी है. खाद जब्ती को लेकर जांच किए जाने की बात कृषि विभाग बता रहा है. इधर ट्रैक्टर पर लदा 125 बोरा और गोदाम में रखे 915 बोरा यूरिया मिलाकर कुल 1040 बोरा विभिन्न कम्पनियों के उर्वरक को कृषि विभाग ने जब्त कर लिया है। नेपाल में पहुंच रहा है भारतीय खादः बता दें कि खाद के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं. किसान रात में हीं खाद के दुकान पर लाइन में लग जा रहे हैं, तो कहीं किसान सड़क जाम कर अपने लिए यूरिया की मांग कर रहे हैं। जिला प्रशासन जिला में खाद की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने की बात कह रही है। लेकिन कारोबारी जिला में यूरिया का कृत्रिम अभाव पैदा कर कालाबाजारी में बेच रहे हैं, तो तस्कर यूरिया की तस्करी कर नेपाल में पहुंचा रहे हैं।

जदयू ने मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल मार्च निकाला

नव प्रदेश/डेहरी ऑन सोन। जनता दल युग के द्वारा मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत साइकिल मार्च निकाला गया। साइकिल मार्च मोहन विगहा जगदेव चौक से अम्बेदकर मतदाता चौक तक निकाला गया। संकल्प हमारा टूटे नहीं एक भी मतदाता छूटे नहीं। हर घर तक हम जायेगे मतदाता को मनायेंगे। सही नाम कटे नही फर्जी नाम जुटे नहीं इत्यादि नारे कार्यकर्ता लग रहे थे।इसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा तथा नगर अध्यक्ष विष्णु प्रसाद उर्फ मुन्ना कुशवाहा ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह कार्य निर्वाचन आयोग का सही कदम है। इससे फर्जी मतदाताओं का नाम हट जायेगा। इसके कार्यक्रम मे प्रमोद, विंध्याचल पासवान, अजय मेहता, पिन्टू पासवान, अरुण रावत, ललन कुन्देहाती, आटीन कुमार सोनू कुमार, पंकज मोथी आकाश चन्द्रवंशी, धम्म गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नोटबंदी की तरह वोट बंदी का खेल नहीं चलेगा : माले



जगदीशपुर। भाकपा माले के द्वारा प्रचार गाड़ी निकाला गया। प्रचार गाड़ी जगदीशपुर शहर होते हुए केशरी, दलीपुर, ककीला, आयर, हरिगांव दावा में पहुंचा जहां सभा किया गया। चक्का जाम में पहुंचने का अहवान किया गया। प्रचार गाड़ी में मौजूद आइसा जिला उपाध्यक्ष शाहनवाज खान ने कहा बिहार में चुनाव आयोग का रक्कयानि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजनर आदेश लोकतंत्र नहीं, वोटर मिटाने की स्कीम है। अपने वोट के अधिकार पर हमला नहीं सहेंगे। बिहार में अपनी तयशुदा हार से बौखलाकर BJP-NITISH सरकार ने अब चुनाव आयोग का सहारा लिया है। चुनाव आयोग का नया फरमान- मातदाता सूची को अपडेट करना नहीं, बल्कि बिहार के गरीबोंझ्रवंचितों से उनका वोट छीनने की साज़िश है। पहले नोटबंदी, अब वोटबंदी!यह लोकतंत्र की खुली हत्या है। बिहार के मेहनतकशों ने अपने मताधिकार के लिए लंबा संघर्ष किया है। हम इसे किसी भी कीमत पर छिनने नहीं देंगे! आइए, इस तानाशाही फरमान के खिलाफ आवाज बुलंद करें। कल चक्का जाम को सफल करें। मौजूद रहें नगर सचिव गणेश कुशवाहा, श्री राम यादव, वीरेंद्र राम रंजीत बरई, आइसा नगर सचिव आनंद कुमार, रज्जी आरिफ शामिल थे।

जदयू कार्यकर्ताओं ने मतदाता जागरूकता साइकिल रैली निकाला

नवप्रदेश/सूर्यपुरा। प्रखंड क्षेत्र में जदयू कार्यकताओं द्वारा मतदाता जागरूकता साइकिल रैली निकाल कर मतदाताओ को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को प्रदेश जदयू राजनीतिक सलाहकार सुदामा पांडेय एंव प्रखंड अध्यक्ष धर्मजीत सिंह ने पार्टी के झंडा दिखाकर जागरूकता साइकिल रैली को रवाना किया। वरीय नेता विजय गुप्ता ने बताया कि बिहार में मतदाता निरीक्षण कार्य को लेकर विपक्ष के द्वारा गलत अफवाह फैलाई जा रही है कि दलित और पिछड़ा और अल्पसंख्यकों का वोट बंदी किया जा रहा है, लेकिन ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सबको वोट देने का अधिकार है चुनाव आयोग बिहार चुनाव से ठीक पहले मतदाता परीक्षण कर रहा है जो कि पहले भी हुआ है और विधानसभा और लोकसभा चुनाव से पहले कई बार हुआ है। उन्होंने कहा कि 2003 के वोटर लिस्ट में जिनका नाम है उनको सिर्फ एक फोटो लगाकर दे देना है उनको और किसी प्रकार का कोई डॉक्यूमेंट नहीं देना है। जदयू महासचिव मजहरूल हक ने कहा की विपक्ष के द्वारा झूठा अफवाह फैलाया जा रहा है की मतदाता सूची से नाम काटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 11 प्रकार के डॉक्यूमेंट में कोई भी आसान डॉक्यूमेंट दे देना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमारे मुख्यमंत्री ने जदयू कार्यकताओं बूथ लेवल पर लोगों को मदद करेंगे।

भोपाल में साल 2028 में होगा वर्ल्ड रोज कन्वेंशन, वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसायटी ने राज्यपाल को सौंपा ध्वज

भोपाल में वर्ल्ड रोज कन्वेंशन का आयोजन विश्व स्तर पर भारत की बढ़ती साख का प्रतिफल: राज्यपाल

भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि वर्ल्ड रोज कन्वेंशन 2028 का भोपाल में आयोजन भारत के लिए ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण है। यह आयोजन विश्व स्तर पर भारत की बढ़ती साख का प्रतिफल है, भारत को विश्वगुरू के रूप में स्थापित करने की ओर बढ़ा कदम है।राज्यपाल पटेल मंगलवार को भोपाल स्थित राजभवन में 21वें वर्ल्ड रोज कन्वेंशन-2028 संबंधी बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने मध्य प्रदेश रोज सोसायटी के मुख्य संरक्षक के रूप में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसायटी द्वारा भारत को 2028 के आयोजन की मेजबानी के लिए मई में सौंपे गए ध्वज को ग्रहण किया। इस अवसर पर बताया गया कि कन्वेंशन का आयोजन भोपाल में वर्ष 2028 में 7 से 13 जनवरी तक होगा।बैठक का आयोजन राजभवन के सांदीपनि सभागार में इण्डियन रोज फेडरेशन के तत्वावधान में मध्य प्रदेश रोज सोसायटी द्वारा किया गया। राज्यपाल पटेल ने कहा कि वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसायटी के ध्वज को ग्रहण करना देश और प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव का पल है। यह ध्वज 2028 के ऐतिहासिक आयोजन के गौरवपूर्ण कार्यक्रम की जिम्मेदारी, वैश्विक संवाद और आतिथ्य के अभूतपूर्व अवसर का प्रतीक है।उन्होंने वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसायटी द्वारा भारत को पहली बार आयोजन की जिम्मेदारी सौंपने के लिए आभार ज्ञापित किया। उन्होंने वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसायटी के पहले भारतीय अध्यक्ष बनने पर सुशील प्रकाश को सम्मानित किया। इण्डियन रोज फेडरेशन और मध्य प्रदेश रोज सोसायटी को आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि वर्ल्ड रोज कन्वेंशन 2028 का मध्य प्रदेश के भोपाल में आयोजन प्रदेश को विश्व स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाएगा। आयोजन की मेजबानी सम्पूर्ण मध्यप्रदेश और भोपाल शहर के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। आयोजन के लिए रोज सोसायटी द्वारा भोपाल को रोज सिटी के रुप में विकसित करने की जानकारी पर राज्यपाल पटेल ने राजभवन में गुलाब की विभिन्न प्रजातियों के वर्तमान उत्पादन को दोगुना करने की पहल करने के लिए कहा।राज्यपाल पटेल ने कहा कि गुलाब धार्मिकता और पर्वित्रता का प्रतीक है। यह आत्मीयता और सहृदयता की पहचान है। उन्होंने कहा कि हम सभी आयोजन से जुड़े प्रत्येक कार्य और जिम्मेदारियों को भव्यता और दिव्यता के साथ सम्पन्न करने का संकल्प लें ताकि यह आयोजन दुनियां भर के प्रतिनिधियों के मन में प्रेरणादायी और यादगार अनुभव के रूप में अंकित हो। उन्होंने मध्य प्रदेश और भोपाल के गुलाब प्रेमियों से आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील भी की।बैठक में प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि वर्ल्ड रोज कन्वेंशन 2028 का आयोजन मध्यप्रदेश टूरिज्म को बढ़ाने में भी मददगार होगा। पर्यटन विभाग द्वारा मेहमानों को मध्यप्रदेश के दर्शन कराने की योजना भी तैयार की जाएगी। उन्होंने मध्य प्रदेश में इस आयोजन के लिए वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसायटी को धन्यवाद ज्ञापित किया।संस्कृति राज्यमंत्री लोधी का स्वागत उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल का पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. शिवशेखर शुक्ला ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और परिचयात्मक उद्बोधन दिया। बैठक में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसायटी के अध्यक्ष सुशील प्रकाश ने वर्ल्ड रोज कन्वेंशन 2028 की तैयारी, योजना आदि पर आधारित पी.पी.टी. प्रस्तुतिकरण दिया।

एआईबी ने एयर इंडिया विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट केंद्र को सौंपी, हादसे की वजह का खुलासा नहीं

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आगे की विस्तृत जांच और सुरक्षा उपायों को सख्त करने के निर्देश दिए

नई दिल्ली। अहमदाबाद में 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर विमान की जांच रिपोर्ट विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को सौंप दी है। ये रिपोर्ट जांच के शुरूआती निष्कर्षों पर आधारित है, इसलिए विमान हादसे की वजह का खुलासा नहीं किया गया है। मंत्रालय ने रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की विस्तृत जांच और सुरक्षा उपायों को और सख्त करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि एयर इंडिया की फ्लाइट संख?या अक 171 की दुर्घटना को लेकर जांच रिपोर्ट ब्यूरो के शुरूआती आकलन और निष्कर्षों पर आधारित है। यह रिपोर्ट इस सप्ताह के अंत में सार्वजनिक की जाएगी। जांच के दौरान ब्लैक बॉक्स, कॉकपिट वॉइस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) के विश्लेषण को भी आधार बनाया है। यह रिपोर्ट पूरी जांच का अंतिम निष्कर्ष नहीं है, बल्कि इससे जुड़े तथ्यों और संभावित कारणों की एक रूपरेखा है। नागर विमानन मंत्रालय ने रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की विस्तृत जांच और सुरक्षा उपायों को और सख्त करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। एएआईबी अब विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने में जुटा है, जिसमें और भी गवाहों के बयान, तकनीकी मूल्यांकन और विशेषज्ञों की राय को शामिल किया जाएगा। दरअसल, अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का ड्रीमलाइनर विमान 12 जून को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हादसे का शिकार हो गया था, जिससे विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई।

धर्मांतरण मामले के आरोपित छांगुर बाबा की कोठी के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

बलरामपुर। अवैध रूप से धर्मांतरण कराने के मामले में आरोपित गिरफ्तार जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। मंगलवार को जिला एवं पुलिस प्रशासन ने छांगुर बाबा की बनी कोठी के अवैध हिस्से पर बुलडोजर चलाना शुरू कर दिशा है। सुरक्षा की लिहाज से कोठी और आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। उतरौला तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति ने बताया कि जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के मधूपुर स्थित कोठी जो महिला मित्र नीतू उर्फ नसरिन के नाम पर है। करीब 3 करोड़ रुपये की लागत से 3 बीघा में बनी यह कोठी धर्मांतरण नेटवर्क का अड्डा बनी हुई थी, जिसका खुलासा हाल ही में हुआ है। प्रशासन ने मंगलवार को कार्रवाई सोमवार को कोठी के मुख्य गेट पर नोटिस चस्पा किया था। मंगलवार की सुबह प्रशासनिक अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल बुलडोजर लेकर छांगुर बाबा की कोठी पर पहुंची। इस मौके पर जिलाधिकारी पवन अग्रवाल भी मौजूद रहे। छांगुर बाबा की इस कोठी पर ताला लगा था, लेकिन अधिकारियों की निगरानी में मुख्य गेट का ताला तोड़कर टीम कोठी के अंदर पहुंची और सभी कमरों की तलाशी ली। इसके बाद कोठी के अवैध निर्माण को गिराना शुरू कर दिया। उल्लेखनीय है कि एटीएस ने शनिवार को 50 हजार रुपये के इनामी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और नीतू उर्फ नसरिन को गिरफ्तार किया था। दन दोनों पर अवैध रूप से धर्मांतरण का नेटवर्क संचालित करने का आरोप है। जांच के दौरान इस गिरोह के अलग-अलग संस्थाओं के नाम पर खुलवाए गये 40 बैंक खातों में सौ करोड़ रुपये से अधिक की फंडिंग की बात सामने आयी है। इस गिरोह के सदस्य 40 देशों की यात्रा कर चुके हैं।

टेक्सास में बाढ़ से अब तक 100 से ज्यादा की मौत, विपक्ष के संसाधनों की कमी के आरोप को ट्रंप प्रशासन ने खारिज किया

वाशिंगटन। टेक्सास में बाढ़ से जानमाल की बड़ी क्षति हुई है। इस विभीषिका को अमेरिका के 100 साल के इतिहास में सबसे भयावह बताया जा रहा है। टेक्सास में बाढ़ से अब तक 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ से लड़कियों का कैंप का तहस-नहस हो गया। मृतकों में 27 लड़किया भी शामिल हैं। विपक्ष ने राहत और बचाव कार्य में संसधानों की कमी के लिए ट्रंप प्रशासन की आलोचना की है। प्रशासन ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को बेडमिनस्टर गोल्फ कोर्स से बाहर निकलते समय संवाददाताओं से कहा, ?यह सौ साल की सबसे भयावह आपदा है। इसे देखना बहुत त्रासद है। उनसे पूछा गया कि क्या राष्ट्रीय मौसम सेवा सहित संघीय एजेंसियों में की गई छंटनी के कारण यह आपदा और बढ़ गई है, तो उन्होंने अपना जवाब टाल दिया।

न्यूयॉर्क के डेमोक्रेट और अल्पसंख्यक नेता सीनेटर चक शूमर ने वाणिज्य विभाग के कार्यवाहक महानिरीक्षक को लिखे पत्र में इस बात की जांच करने की मांग की है कि क्या प्रमुख स्थानीय राष्ट्रीय मौसम सेवा स्टेशनों पर कर्मचारियों की कमी ने बाढ़ को विकराल बना दिया। कनेक्टीकट के डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस्टोफर एस. मर्फी ने सोशल मीडिया पर लिखा, मौसम विज्ञानियों पर ट्रंप के मूर्खतापूर्ण कार्रवाई का यह परिणाम है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोमवार दोपहर प्रेस ब्रीफिंग में इस तरह के आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मौसम सेवा के पास पर्याप्त कर्मचारी हैं। लेविट ने कहा कि कई डेमोक्रेट इसे राजनीतिक खेल में बदलने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक राष्ट्रीय त्रासदी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शोक के वक्त इसके लिए राष्ट्रपति ट्रंप को दोषी ठहराना वाजिब नहीं है।

ट्रंप प्रशासन के रिपब्लिकन सहयोगी भी बचाव में आगे आए हैं। टेक्सास के सीनेटर टेड क्रूज ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के लिए विरोधियों को दोषी ठहराना अच्छी बात नहीं। बाढ़ से तबाह हुए टेक्सास के क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले चिप रॉय ने कहा कि शोक के वक्त उंगली उठाना अपमानजनक होता है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हम वहां के गवर्नर ग्रेग एबॉट के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। क्रिस्टी नोएम वहां काम कर रही हैं। होमलैंड सुरक्षा विभाग ने कहा कि एजेंसी को टेक्सास में सक्रिय कर दिया गया है।

पाकिस्तान में मानसूनी बारिश में 19 की मौत, बाढ़ का खतरा बढ़ा

इस्लामाबाद (हि.स.)। पाकिस्तान में मानसून की पहली बारिश में 19 लोगों की मौत हो गई। यह जनहानि बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, इस्लामाबाद और रावलपिंडी में हुई है। इस बीच राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र ने आज और कल मुल्क के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ का पूवानुमान जारी किया है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र ने 10 जुलाई तक मध्यम से भारी मानसूनी बारिश और लगभग सभी नदियों में बाढ़ का पूवार्नुमान जारी किया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और अन्य अधिकारियों को संभावित आपातकालीन स्थितियों, खासकर बाढ़ से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर रहने का आदेश दिया। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने बताया कि बलूचिस्तान में पिछले 48 घंटों में हुई मानसून की बारिश के कारण कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बलूचिस्तान के लगभग 22 जिले बारिश से प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा 22 घर क्षतिग्रस्त और पांच नष्ट हो गए। पीडीएमए के अधिकारियों ने कहा कि इससे ईरान की सीमा से सटा वाशुक जिला बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जहां खड़ी फसलें बह गईं और बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए। पुलिस और आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि रावलपिंडी और इस्लामाबाद के विभिन्न हिस्सों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में तीन बच्चों सहित कम से कम छह लोग डूब गए। खैबर पख्तूनख्वा में मलकंद, बुनेर, मनशेरा और करक जिलों में छह लोगों की जान चली गई। प्रधानमंत्री शहबाज ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बचाव एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों को किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि तरबेला बांध स्पिल-वे के संचालन से सिंधु नदी के किनारे निचले जिलों में बाढ़ से स्थिति बिगड़ सकती है। अधिकारियों के अनुसार, काबुल, सिंधु, झेलम और चिनाब सहित सभी प्रमुख नदियों में पानी का प्रवाह तेजगति से बढ़ने की उम्मीद है। स्वात और पंजकोरा नदी के अलावा अन्य सहायक नदियां कभी भी विकराल रूप धारण कर सकती हैं।

देशभर में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने निकली 'कोलैब इंजन' यात्रा, अजय टम्टा ने दिखाई हरी झंडी

नई दिल्ली। देश में इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देने और पर्यावरण के लिए सही ट्रांसपोर्ट को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए ह्यकोलैब इंजन कैंपेन किया गया। इसे केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसकी शुरूआत एक इलेक्ट्रिक गाड़ी से हुई, जो बिना प्रदूषण फैलाए पूरे देश में घूमेगी। ये कैंपेन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन लाइफ यानी ह्यपर्यावरण के लिए लाइफस्टाइल वाले विजन से प्रेरित है। इसका मकसद लोगों को साफ-सुथरे और इको-फ्रेंडली ट्रांसपोर्ट के बारे में बताना है। कोलैब इंजन को पूरी तरह युवा चला रहे हैं। ये इलेक्ट्रिक वाहन 25 से ज्यादा शहरों से होते हुए करीब 10,500 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। ये दुनिया की सबसे लंबी इलेक्ट्रिक व्हीकल ड्राइव बनकर रिकॉर्ड भी बना सकता है। इस दौरान टीम अलग-अलग शहरों के स्कूल, कॉलेजों और पब्लिक प्लेस पर जाकर लोगों से बात करेगी। उन्हें इलेक्ट्रिक गाड़ियों के फायदे, क्लीन एनर्जी और पर्यावरण बचाने की जरूरत के बारे में समझाएगी। अजय टम्टा ने कहा कि युवाओं की ये कोशिश भारत को हरा-भरा और जिम्मेदार भविष्य की ओर ले जाएगी। सरकार ऐसे कैंपेन को पूरा सपोर्ट करती है और आगे भी इन्हें बढ़ावा देगी। कोलैब इंजन की टीम ने बताया कि वो रास्ते में लोकल प्रशासन, पर्यावरण एक्टिविस्ट्स और स्टूडेंट्स के साथ मिलकर लोगों को जागरूक करेंगे।

इंदौर में इंडिगो की फ्लाइट की आपात लैंडिंग, उड़ान भरने के बाद आई तकनीकी खराबी

इंदौर। इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर मंगलवार सुबह इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट की आपात लैंडिंग करनी पड़ी। फ्लाइट संख्या 6ई 7295 ने सुबह करीब 6.35 बजे इंदौर एयरपोर्ट से रायपुर के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन टेक ऑफ के लगभग 30 मिनट बाद विमान में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद पायलट ने इंदौर एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग का फैसला लिया। फ्लाइट को रद्द कर दिया गया और यात्रियों को टिकट रिफंड या फिर फ्लाइट को रीशेड्यूल करने का विकल्प दिया गया। इंदौर एयरपोर्ट के टर्मिनल मैनेजर के अनुसार, इंडिगो की फ्लाइट 6ई 7295 रोजाना सुबह 6:35 बजे इंदौर से उड़ान भरती है और 8:30 बजे रायपुर पहुंचती है।

पूर्वोत्तर में वाटर कनेक्टिविटी पर जोर, सोनोवाल ने की 5,000 करोड़ के निवेश की घोषणा

नई दिल्ली। देश के पूर्वोत्तर हिस्से में जलमार्ग और समुद्री संपर्क को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने गुवाहाटी में आयोजित '11 साल की सेवा' कार्यक्रम में कई घोषणाएं कीं। इनका उद्देश्य पूर्वोत्तर की आर्थिक और रणनीतिक क्षमताओं को पूर्ण रूप से सामने लाना है। यह जानकारी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में दी। सोनोवाल ने बताया कि पूर्वोत्तर में जलमार्गों के विकास के लिए 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसके अलावा आने वाले दशक में समुद्री व्यापार के क्षेत्र में 50,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने की योजना है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट को वर्ष 2027 तक पूरी तरह चालू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नौवहन सहायता को मजबूत करने के लिए पांडु, तेजपुर, बिस्वनाथ और बोगीबील में लाइटहाउस स्थापित करने की योजना है, जबकि मौसम की सटीक जानकारी देने के लिए भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) केंद्रों की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही 85 सामुदायिक जेटी ग्रामीण व्यापार और आवागमन को सुगम बनाने में मदद करेंगी। नदी परिवहन को सालभर सुचारु बनाए रखने के लिए सरकार 10 एम्फीबियन और कटर सेक्शन ड्रेजर खरीदने के लिए 610 करोड़ रुपये निवेश करेगी। वहीं गुवाहाटी, तेजपुर और डिब्रूगढ़ में जल मेट्रो प्रोजेक्ट की योजना भी बनाई गई है, जिसका व्यवहार्यता अध्ययन पहले ही पूरा हो चुका है। राष्ट्रीय जलमार्ग-2 और जलमार्ग-16 पर 2025 तक एक वैश्विक लॉजिस्टिक कंपनी द्वारा 100 बार्ज संचालित करने की योजना भी घोषित की गई है। साथ ही सिलघाट, नेमाटी, बिस्वनाथ घाट और गुइजान में पर्यटन और कार्गो जेटी के विकास के लिए 300 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है।

एक नजर

नेतन्याहू ने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया

वाशिंगटन। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। नेतन्याहू ने सोमवार रात व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ रात्रिभोज के अवसर पर मुलाकात की और उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार समिति को सौंपा गया पत्र भी भेंट किया। बाद में उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस बात की जानकारी दी। एबीसी न्यूज और सीबीएस न्यूज के अनुसार, पत्रकारों से बातचीत में प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने राष्ट्रपति ट्रंप के शांति और सुरक्षा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ट्रंप एक के बाद एक क्षेत्र में शांति स्थापित कर रहे हैं। इसलिए उनका नाम नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा है। ट्रंप शांति पुरस्कार के हकदार हैं। उन्हें यह सम्मान मिलना ही चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच 60 दिन के युद्ध विराम के प्रस्तावित समझौते पर अभी काम चल रहा है। इस साल व्हाइट हाउस में दोनों नेताओं की यह तीसरी मुलाकात है। नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस में ईरान के खिलाफ हमलों के बारे में कहा, यह एक ऐतिहासिक जीत है। इसने मध्य पूर्व का चेहरा बदल दिया है। ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि अब वह गाजा संघर्ष को जल्द ही समाप्त होते देखना चाहते हैं। वाशिंगटन में इजराइल के पूर्व राजदूत माइकल ओरेन ने कहा कि आने वाला समय बहुत सकारात्मक होगा। रविवार को वाशिंगटन के लिए रवाना होने से पहले नेतन्याहू ने तेल अवीव में कहा था, ?यह मौका साझा दुश्मन (ईरान) पर बड़ी जीत का जश्न मनाने का है। अब गाजा में लड़ाई में 60 दिनों का विराम लगेगा। गाजा में सहायता पहुंचाई जाएगी और क्षेत्र में बंधक बनाए गए शेष 50 लोगों मुक्त कराने की कोशिश की जाएगी।

तेहरान-वाशिंगटन परमाणु वार्ता पर ट्रंप के दावे को ईरान ने खारिज किया

तेहरान। ईरान ने आज अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की परमाणु वार्ता की उम्मीद पर यह कहकर पानी फेर दिया कि वाशिंगटन से इसके लिए किसी भी प्रकार का निमंत्रण नहीं मिला है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि अमेरिका से बैठक के लिए अब तक कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में बातचीत की बात का दावा निराधार है। न्यूज एजेंसी मेहर की खबर के अनुसार, ईरान ने सीधे-सीधे तेहरान और वाशिंगटन के बीच परमाणु वार्ता के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के किए गए दावों को खारिज कर दिया है। वरिष्ठ ईरानी राजनयिक इस्माइल बाघेई ने कहा कि ईरान ने अमेरिकी पक्ष से बैठक के लिए कोई अनुरोध नहीं किया है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार रात दावा किया था कि अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता फिर से तय कार्यक्रम पर होगी। यह बैठक नॉर्वे के ओस्लो में होगी। ट्रंप ने कहा था कि वह बातचीत करना चाहते हैं। इस्माइल ने कहा है कि इजराइल ने 13 जून को ईरान के खिलाफ आक्रामक युद्ध छेड़ा और 12 दिन तक सैन्य, परमाणु और आवासीय क्षेत्रों पर हमला किया। अमेरिका ने 22 जून को ईरान के नतांज, फोर्डो और इस्फहान में तीन परमाणु स्थलों पर सैन्य हमले किए। उन्होंने कहा कि ईरानी सैन्य बलों ने शक्तिशाली जवाबी हमले किए। अमेरिकी हमलों के जवाब में ईरानी सशस्त्र बलों ने कतर में अल-उदीद एयर बेस पर मिसाइलों की बौछार की। 24 जून को लागू हुए युद्ध विराम की वजह से लड़ाई को रोक दिया गया है। इस बीच इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल अब्दुलरहीम मौसवी ने कतर के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के सलाहकार खालिद बिन मोहम्मद अल अत्तियाह के साथ फोन कॉल में ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करने वाले हमलावरों की निंदा करने में कतर सरकार के मूल्यवान रुख के लिए आभार व्यक्त किया है। मौसवी ने कहा कि कतर उन देशों में से एक है जिसने उत्पीड़ित फिलिस्तीनी लोगों के संघर्ष का दृढ़ता से समर्थन किया है।

उत्तरी गाजा में बम विस्फोट, इजराइल के पांच सैनिक मारे गए

गाजा पट्टी। उत्तरी गाजा के बेत हनौन में सड़क किनारे हुए भीषण बम विस्फोट में इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के पांच सैनिक मारे गए और अन्य 14 घायल हो गए। यह विस्फोट सोमवार रात करीब 10 बजे हुआ। मारे गए सैनिकों में चार अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स नेत्जाह येहुदा बटालियन में थे। द टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर के अनुसार आईडीएफ ने कहा कि इस विस्फोट में स्टाफ सार्जेंट मीर शिमोन अमर (20), सार्जेंट मोशे निसिम फ्रेंच (20) और स्टाफ सार्जेंट नोआम अहरोन मुसगादियन (20) की मौत हो गई। तीनों यरुशलम के रहने वाले हैं। इसके अलावा शेमेश के स्टाफ सार्जेंट मोशे शमूएल नोल और हाइफा के सार्जेंट प्रथम श्रेणी (सेवानिवृत्त) बेन्यामिन असुलिन (28) की भी मौत हो गई। आईडीएफ के अनुसार यह हमास आतंकवादियों की हरकत है। हताहतों को निकालते समय सेना पर गोलीबारी भी की गई। घायल 14 जवानों में से दो की हालत गंभीर बताई गई है। बम विस्फोट से पहले इस क्षेत्र में हवाई हमले की भी कोशिश की गई। इस बीच वाशिंगटन की यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, ?यह बहुत ही कठिन सुबह है। समूचा इजराइल सैनिकों की मृत्यु पर शोक व्यक्त करता है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताई।

भगवान श्रीराम के जन्मस्थान को लेकर प्रधानमंत्री ओली ने फिर दिया विवादित बयान

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने एक बार फिर भगवान श्रीराम के जन्मस्थान को लेकर विवादित बयान दिया है। ओली का दावा है कि भगवान श्रीराम का जन्मस्थान नेपाल में ही है। काठमांडू में एक कार्यक्रम में मंगलवार को प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि भगवान श्रीराम के जन्मस्थान को लेकर नेपाल के बाकी नेता क्यों डरते हैं? ओली ने फिर बयान दिया है कि भगवान श्रीराम का जन्मस्थान अयोध्या में नहीं, बल्कि नेपाल के चितवन जिला के ठोरी में ही हुआ था। उन्होंने कहा कि इस बात को पूरी दुनिया में प्रचारित करना चाहिए। कार्यक्रम में ओली ने कहा कि नेपाल के नेता भगवान श्रीराम के वास्तविक जन्मस्थान का प्रचार करने में क्यों डरते हैं? किससे डरते हैं? यह समझ में नहीं आता। ओली ने कहा कि कोई देश नाराज हो जाएगा, इसलिए इस बात को कहने में डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। ओली ने नेपाल के नेताओं से इस बात का खुल कर प्रचार करने को भी कहा।

नेपाल में दाऊद का 'वजीर' यूनुस खौफ में, जमानत मिली, कहा-नहीं जाना जेल से बाहर

काठमांडू। नेपाल में अंडर वर्ल्ड सरगना दाऊद इब्राहिम का 'वजीर' यूनुस अंसारी खौफ में है। उसे आशंका है कि जेल से बाहर आने पर उस पर हमला हो सकता है। काठमांडू जिला अदालत ने गैर कानूनी रूप से संपत्ति अर्जित करने के मामले में अंसारी को 15 लाख रुपये के मुचलके पर जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। मगर उसने जेल से बाहर आने पर इनकार कर दिया है। नेपाल में जाली भारतीय करेंसी नेटवर्क केस में 7 साल जेल की सजा काट कर हाल ही में रिहा होने वाले अंसारी को पाकिस्तान से गैरकानूनी तरीके से 10 करोड़ रुपये नेपाल में लाने और एक टीवी चैनल में इन्वेस्ट करने के आरोप में उसे दोबारा हिरासत में लिया गया था। जिला अदालत ने उसे सोमवार को जमानत प्रदान की। केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो की जिला अदालत में दाखिल चार्जशीट में अंसारी पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करने, आईएसआई के इशारे में जाली भारतीय नोट का कारोबार करने और पाकिस्तान से 10 करोड़ रुपये अवैध तरीके से नेपाल लाने का आरोप लगाया है। ब्यूरो का कहना है कि अंसारी ने काली कमाई नेपाल के नेशनल टीवी न्यूज चैनल में इन्वेस्ट की है।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*), फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)